CMYK

अधिकतम :22°C
न्यूनतम : 08°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 5 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 30 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है : खड़गे पेज 2



एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप: आशीष लिमाए ने गोल्ड जीता खेल टाइम्स



फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात सम्पादकीय



अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश, कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला पेज 12

# भारत पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन से गले मिले पीएम मोदी


शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया, रेड कार्पेट वेलकम दिया

■ पहले ही रूस के कई मंत्री पहुंच चुके थे दिल्ली

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर गुरुवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति की पालम हवाई अड्डे पर अगवानी की। पुतिन के सम्मान में हवाई अड्डे पर संगीत और नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति पुतिन पीएम मोदी के साथ एक कार में सवार होकर निकल गए। यूक्रेन युद्ध के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है। पुतिन के भारत पहुंचने से पहले रूस के कई मंत्री दिल्ली पहुंच चुके हैं। इनमें डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और कृषि मंत्री दिमित्री पेट्रोव शामिल हैं। एयरपोर्ट पर पुतिन का स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। भारत दौरे के दूसरे दिन व्लादिमीर पुतिन का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पुतिन राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।



## विपक्ष के नेता को विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देती मोदी सरकार : राहुल गांधी

■ पहले विदेशी मेहमानों से विपक्षी नेताओं को मिलने दिया जाता था

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार में विपक्ष के नेता को विदेशी गणमान्य मेहमानों से मिलने नहीं दिया जाता है।

श्री गांधी ने गुरुवार को यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पहले जो भी विदेशी मेहमान आते थे, तो उन्हें विपक्ष के नेता से मिलने दिया जाता था। यह परंपरा मोदी सरकार के आने से पहले तक जारी रही है, लेकिन अब नहीं मिलने दिया जाता। उनका कहना था कि विपक्ष के नेता का एक अलग दृष्टिकोण होता है और उसे विदेशी गणमान्य अतिथि से मिलने की इजाजत होनी चाहिए, लेकिन मोदी सरकार और विदेश मंत्रालय इन मानदंडों का पालन नहीं करते हैं।



### पक्के इरादे का दूसरा नाम है भारतीय नौसेना: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस पर सभी नौसैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। श्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नौसेना के सभी जवानों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी नौसेना असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। वे हमारे तटों की रक्षा करते हैं और हमारे समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। हाल के सालों में, हमारी नौसेना ने आत्मनिर्भरता व आधुनिकीकरण पर ध्यान दिया है। इससे हमारा सुरक्षा सिस्टम और मजबूत हुआ है। मैं इस साल की दिवाली कभी नहीं भूल सकता, जो मैंने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों के साथ मनाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी विधेयक को संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** तंबाकू तथा तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने संबंधी केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 को गुरुवार को संसद की मंजूरी मिल गई। विधेयक पर करीब साढ़े तीन घंटे की चर्चा और उस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद राज्यसभा ने बिना किसी संशोधन के इसे लोकसभा को लौटने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इसे बुधवार को लोकसभा की मंजूरी मिल गई थी। चर्चा के दौरान विपक्ष ने इसे जहां राजस्व वसूली का प्रयास बताते हुए विधेयक की आलोचना की, वहीं सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसे जन स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि दुनिया में 80 देश सिगरेट की कीमतों को निरंतर बढ़ाते रहते हैं, ताकि इसके उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके। भारत भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के सिगरेट महंगाई सूचकांक के मानकों के अनुसार इस पर कर एवं शुल्क की दरों में संशोधन करता है।

### राजस्थान में तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस कोल्डवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में तेजी से सर्दी बढ़ रही है। गुरुवार सुबह सीकर के फतेहपुर में 3.2डिग्री सेल्सियस और बीकानेर के लूणकरणसर में 3.2डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में अन्य जिलों के मुकाबले ज्यादा सर्दी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के ऊंचाई वाली इलाकों में 5 और 7 दिसम्बर को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बर्फबारी-बारिश की संभावना है। हिमाचल के 17 शहरों में मिनिमम टेम्परेचर 5डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। लाहौल स्पीति के ताबो में -9.8डिग्री सेल्सियस, कल्पा में -1.5डिग्री सेल्सियस, कुकुमसेरी में -3.9डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश में भी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और फिर बर्फ पिघलने से प्रदेश में सर्दी और बढ़ेगी। तापमान में 2डिग्री सेल्सियस- 3डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होगी।

# बीएलओ के काम के दबाव को कम करें: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: राज्य व केंद्र सरकार अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि वे एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के काम के दबाव को कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति पर विचार करें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) की उस याचिका पर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि समय पर काम न कर पाने पर बीएलओ के खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई न की जाए। टीवीके के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग के अफसरों के दबाव की वजह से कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। यदि बीएलओ टारगेट पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो ईसी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा रही है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी एसआईआर सहित दूसरे वैधानिक कामों को करने के लिए बाध्य हैं। राज्य सरकारों का भी कर्तव्य है कि वे चुनाव आयोग (ईसी) को कर्मचारी उपलब्ध कराएं। टीवीके वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि हमारे पास 35 से 40 बीएलओ की जानकारी है, जिन्होंने एसआईआर के दौरान बहुत ज्यादा काम के दबाव की वजह से आत्महत्या की है। ये सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक हैं। इन्हें धारा 32 आरओपीए के तहत नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि अगर वे समय सीमा के भीतर काम पूरा नहीं करेंगे, तो उन्हें 2 साल की जेल होगी। उत्तर प्रदेश में बीएलओ के खिलाफ 50 एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्हें (चुनाव आयोग) इस पर गर्व है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देखिए, यह कानूनी प्रक्रिया है, तो इसे करना ही होगा। कोई बीमार हो सकता है। मौत के अन्य स्वास्थ्य कारण भी हो सकते हैं। राज्य सरकारें इन कर्मचारियों को तैनात करती हैं। इसलिए हम राज्यों को बता सकते हैं कि जहां भी कर्मचारियों को समस्या हो रही है, उनकी जगह किसी और को नियुक्त किया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त कर्मचारी, एसआईआर सहित, वैधानिक कर्तव्यों को पूरा के लिए चुनाव आयोग के -शेष पृष्ठ दो पर

SIR में लगे 29 BLO की अब तक हो चुकी है मौत



## विपक्षी सांसदों का प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन सोनिया गांधी बोलीं- कैसे सांस लें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के संकट को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन कर सरकार से इस पर चर्चा कराने की मांग की।

प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, द्रमुक के टीआर बालू, राष्ट्रवादी कांग्रेस की सुप्रिया सुले सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया। सांसद हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर आए थे और 'मौसम का मजा लें' का बैनर हाथों में था। पीएम मोदी ने कुछ दिनों पहले कहा था 'मौसम का मजा लीजिए।' सांसद नारे लगाते हुए सरकार से संसद में प्रदूषण की समस्या पर चर्चा करने की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसद दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या पर शीतकालीन सत्र में चर्चा कराने की लगातार मांग कर रहे हैं। सदस्यों ने कई बार सदन में भी इस मुद्दे को उठाने का प्रयास किया और इसको लेकर स्थगन प्रस्ताव भी लगातार लोकसभा अध्यक्ष को दे रहे हैं। बाद में श्रीमती गांधी ने कहा कि बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उनके जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि किस मौसम का आनंद लें। बाहर का हाल देखिए। साल दर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। हर साल सिर्फ बयानबाजी होती है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। सरकार को ठोस कार्रवाई करनी होगी और हम सब उनके साथ खड़े हैं। ये कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है कि हम एक-दूसरे पर उंगली उठाएं। श्रीमती गांधी ने प्रदूषण के संकट को लेकर बुधवार को एक अखबार में लेख भी लिखा था, जिसमें खनन की इजाजत देने की सरकार की नीति की आलोचना की गई थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर कई दिन से सक्रिय हैं।




■ बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, मेरे जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है: सोनिया गांधी

## सालभर में टोल बूथ खत्म होंगे: गडकरी

■ संसद में बोले : बैरियर लेस सिस्टम लागू होगा, 10 जगह पायलट प्रोजेक्ट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाईवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा।

उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब 4,500 हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है। पहले टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुककर नकद या कार्ड से भुगतान करना पड़ता था।

### रुपया 90.43 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर

**मुंबई।** रुपये में गुरुवार को और गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सुबह के कारोबार में यह 90.43 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 18.50 पैसे गिरकर 90.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया गुरुवार को 21.50 पैसे की गिरावट में 90.36 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 90.43 रुपये प्रति डॉलर तक गिर गया। रुपया बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट में बंद हुआ था।

## इंडिगो की 400 उड़ानें रद्द, आज भी जारी रहेगी परेशानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देरी की समस्या से निजात पाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति से शुरू की गई अपनी पहल के तहत गुरुवार को करीब 400 उड़ानें रद्द कीं।

दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकेले दिल्ली में गुरुवार को उसकी 100 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी करीब 100 उड़ानें रद्द हुई हैं। मुंबई में भी 70 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि पूरे देश भर में 400 के करीब उड़ानें रद्द की गई हैं। हालांकि कंपनी की तरफ से कोई संख्या नहीं बताई गई है। उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन को प्रभावित नहीं होने दिया है, और घरेलू मार्गों पर उड़ानें रद्द की हैं। शुक्रवार को भी यही स्थिति जारी रहने की संभावना है। इंडिगो ने बुधवार शाम बताया था कि विभिन्न कारणों से उसकी उड़ानों में आ रहे व्यवधान से निजात पाने के लिए शिड्यूल में नियंत्रित बदलाव किए जा रहे हैं, जो अगले 48 घंटे तक (शुक्रवार शाम तक) जारी रहेंगे। इस कारण बुधवार को भी उसकी करीब 100 उड़ानें रद्द रही थीं।




### सुषमा स्वराज के पति पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पति और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के पिता स्वराज कौशल का गुरुवार को निधन हो गया। दिल्ली भाजपा ने एक्स पर पोस्ट में उनके निधन की जानकारी दी है। दिल्ली भाजपा ने बताया कि स्वराज कौशल का 73 साल की उम्र में 4 दिसम्बर को निधन हो गया। स्वराज कौशल देश के इतिहास में सबसे कम उम्र में राज्यपाल बनने वाले शख्स थे। 1990 में उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया था।

## भाजपा को 959, कांग्रेस को 313 करोड़ चंदा मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ टाटा ग्रुप के ट्रस्ट ने 10 पार्टियों को 914 करोड़ दिए

■ भाजपा को मिला चंदे का सबसे बड़ा हिस्सा

**नई दिल्ली।** भाजपा को साल 2024-25 में इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये कांग्रेस से करीब तीन गुना राजनीतिक चंदा मिला। चुनाव आयोग (ईसी) की वेबसाइट पर अपलोड रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा को इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये 959 करोड़ रुपये मिले।

कांग्रेस को मिले कुल चंदे 517 करोड़ में से 313 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिये हासिल हुए। बीते साल की रिपोर्ट बताती है कि तृणमूल कांग्रेस को कुल 184.5 करोड़ का चंदा मिला, जिसमें 153 करोड़ इलेक्टोरल ट्रस्ट से आए। कांग्रेस की वार्षिक डोनेशन रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जबकि भाजपा की रिपोर्ट अपलोड नहीं हुई है। इलेक्टोरल ट्रस्ट एक रजिस्टर्ड संस्था हैं, जिसके जरिये राजनीतिक चंदे को पारदर्शी तरीके से सियासी दलों तक पहुंचाया जाता है। देश में कंपनियां राजनीतिक दलों को सीधे दान नहीं देती। इसलिए, वे इलेक्टोरल ट्रस्टों के जरिये राजनीतिक दलों तक चंदा पहुंचाती हैं। इलेक्टोरल ट्रस्टों की रिपोर्ट बताती है कि फरवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड खत्म किए जाने के बाद भी भाजपा की फंडिंग कम नहीं हुई। पार्टी को प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट से 757.6 करोड़, न्यू डेमोक्रेटिक ट्रस्ट से 150 करोड़, हार्मनी ट्रस्ट से 30.1 करोड़, ट्रायम्फ ट्रस्ट से 21 करोड़, जन कल्याण ट्रस्ट से 9.5 लाख और आइंजिगार्टिंग ट्रस्ट से 7.75 लाख रु. मिले। 2018-19 में भी टाटा ग्रुप के पीईटी ने 3 दलों को 454 करोड़ रुपये बांटे थे। इनमें से 356 करोड़ रुपये भाजपा को मिले थे।



## तृणमूल कांग्रेस ने विधायक कबीर को किया निलंबित

■ भरतपुर विधायक ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का दिया था प्रस्ताव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया। भरतपुर विधायक कबीर ने बेलडांगा में बाबरी मस्जिद निर्माण का प्रस्ताव रखा था, जिस पर उठे राजनीतिक बवाल के बाद यह कार्रवाई की गई है।

बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने संबंधी उनके प्रस्ताव से पूरे पश्चिम बंगाल में विवाद उत्पन्न हो गया था, जिस पर पार्टी के अंदर और बाहर दोनों तरफ से प्रतिक्रियाएं आ रही थीं। विधायक कबीर को पार्टी से निलंबित करने की घोषणा वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता एवं कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने की।

## संक्षिप्त समाचार

### मायावती की छह दिसम्बर को नोएडा में होने वाली रैली रद्द

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने बड़ा दिल दिखाते हुए शनिवार (6 दिसंबर) को नोएडा में होने वाली अपनी विशाल जनसभा को अचानक रद्द कर दिया। यह रैली बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल (नोएडा) पर होनी थी, जिसमें पश्चिमी यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड से लाखों कार्यकर्ता पहुंचने वाले थे। पूर्व सीएम मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद ही पोस्ट कर प्रस्तावित रैली रद्द करने का ऐलान कर दिया। उन्होंने रैली रद्द करने की वजह आमजन को होने वाली दिक्कतों को बताया। उन्होंने अपने लंबे पोस्ट में कहा कि मेरे जाने पर वीआईपी सुरक्षा के नाम पर जो भारी-भरकम सरकारी इंतजाम होते हैं, उससे आम लोगों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को खासी दिक्कत होती है, घंटों इंतजार करना पड़ता है, धक्का-मुक्की भी होती है। मेरी वजह मेरे अपने लोगों को तकलीफ हो, यह मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती। इसलिए इस बार मैं खुद नहीं आऊंगी।

### योगी ने भारतीय नौसेना दिवस पर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नौसेना के सभी वीर जवानों एवं उनके परिजनों को 'भारतीय नौसेना दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने एक्स पर पोस्ट किए गए अपने संदेश में कहा है कि देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा में दिन-रात तत्पर, अपने अदम्य साहस, शौर्य और निष्ठा से राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले भारतीय नौसेना के सभी वीर जवानों एवं उनके परि. जनों को 'भारतीय नौसेना दिवस' की हार्दिक बधाई दी।

# टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का मुद्दा गूंजा

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में गुरुवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के मामले में उच्चतम न्यायालय के हाल के फैसले से देश के करीब 25 लाख शिक्षकों के भविष्य अधर में लटकने का मामला उठाया गया।

शिव सेना के धैर्यशील संभाजीराव माने ने शून्यकाल के दौरान कहा कि देश भर के शिक्षकों के प्रश्न को आज बहुत ही गंभीरता से देखने की जरूरत है। कोर्ट के निर्णय पर देश के 25 लाख शिक्षकों का भविष्य निर्भर है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) लागू होने के बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा को लागू किया गया जिसमें पहले भर्ती किए गए शिक्षक इस परीक्षा से बाहर थे, लेकिन अब देश भर



**■ लोकसभा में शिव सेना के संभाजीराव ने उठाया**

के सभी शिक्षक जो 53 साल से नीचे के हैं, उनके लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा देना अनिवार्य किया गया है। अगर कोई पात्रता परीक्षा पास नहीं करेगा, तो उसे नौकरी से हटा दिया जाएगा। केंद्र सरकार से आग्रह है कि यह सभी शिक्षक अपनी स्थानिक परीक्षा पास करके भर्ती हुए हैं, तो केंद्र सरकार उनकी तरफ से पार्टी बनकर सुप्रीम कोर्ट में जाए, ताकि शिक्षकों के साथ कोई अन्याय नहीं हो।

### रुपया लगातार गिर रहा, तो देश कैसे विकास कर रहा है: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सरकार बार-बार कहती है कि देश विकास कर रहा है, लेकिन रुपया लगातार कमजोर हो रहा है जो सटीक रूप से देश के आर्थिक हालात को बयां करता है। खड़गे ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि रुपये की कीमत लगातार गिर रही है और इससे साफ है कि देश की आर्थिक स्थिति क्या है। उनका कहना था कि भले ही सरकार बार-बार कहती हो कि देश विकास कर रहा है, लेकिन रुपये का लगातार कमजोर होना संकेत देता है कि आर्थिक स्थिति क्या है।

### कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने राज्यसभा में उठाया रुपये में गिरावट का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद विवेक के तन्खा ने राज्यसभा में रुपये में ऐतिहासिक गिरावट का मुद्दा उठाते हुए गुरुवार को कहा कि यह आम लोगों, कंपनियों और निर्यातकों तथा आयातकों को एक समान प्रभावित कर रहा है। उन्होंने शून्यकाल में कहा कि पिछले पांच साल में रुपया 20-27 प्रतिशत टूट चुका है। इसका मतलब यह हुआ कि अब लोगों की खरीदने की क्षमता 25 प्रतिशत कम हो चुकी है। इसी साल रुपये में पांच प्रतिशत की गिरावट रही है, जो साल 2022 के बाद सबसे अधिक है और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है।

# यूपी में 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को वृद्धावस्था पेंशन मिलने का रास्ता साफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज कल्याण विभाग अब राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी- 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वतः करेगा। इससे पात्र वृद्धजन को बिना आवेदन किए ही पेंशन समय से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो सकेगी। इस बाबत अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकटेश्वर लू ने सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश जारी

**■ नहीं करना होगा आवेदन, लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वतः होगी**

करते हुए कहा है कि इस नई व्यवस्था को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए, ताकि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक पेंशन से वंचित न रहे। नए सिस्टम के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को पेंशन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी में उपलब्ध आयु और परिवार की जानकारी के आधार पर लाभार्थियों का स्वतः चयन होगा। इसके अलावा जो व्यक्ति अगले 90 दिनों में 60 वर्ष पूर्ण करने वाले हैं, उनके नाम भी सिस्टम में जोड़ लिए जाएंगे। लाभार्थी की सहमति एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर डीबीटी के जरिए समय पर पेंशन भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली का पायलट परीक्षण अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती में शुरू किया जाएगा। इसके सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। सभी जिलों को 30 दिनों के भीतर विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में लगभग 67.50 लाख वरिष्ठ नागरिक इस योजना के लाभार्थी हैं।

# यूपी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस: अजय राय

लखनऊ, वार्ता

कांग्रेस ने यूपी में पंचायत चुनाव 2026 अकेले लड़ने का फैसला किया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है इस फैसले से समाजावादी पार्टी के साथ उसकी दोस्ती नहीं टूटेगी। सूत्र ने महाराष्ट्र में नगर निकाय चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि जिस तरह से वहां महायुति के तीनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं, वह यहां भी हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस आगामी पंचायत चुनाव इसलिए अकेले लड़ने जा रही है, क्योंकि वर्ष 2027 के चुनाव में उसे अपनी जमीन अभी से तैयार करनी है। पार्टी का मानना है कि वह जब वर्ष 2026 का पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी, तभी उसके जनाधार के साथ-साथ संगठन की मजबूती पर भी काम होगा। कांग्रेस की को. शिश है कि 75 जिला पंचायतों समेत सभी नगर पंचायतों में अकेले चुनाव लड़कर वह विधानसभा की भी तैयारी करे। जो



**■ अच्छा प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा विस टिकट**

प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, पार्टी उन्हें वर्ष 2027 के चुनाव में टिकट दे सकती है। इस संबंध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी यूपी पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी और इसी पंचायत चुनाव परिणाम के आधार पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट प्रदान किया जाएगा। सपा के साथ गठबंधन वाले सवाल पर अजय राय ने स्पष्ट किया किया कि यह राष्ट्रीय नेतृत्व का काम है। हम प्रदेश के 403 विधानसभा सीट पर संगठन सृजन का कार्य कर रहे हैं।

## पंच प्रण पर ध्यान देना देश के हर व्यक्ति का कर्तव्य: योगी

# आत्मनिर्भर व विकसित होगा 47 का भारत

गोरखपुर, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आत्मनिर्भर व विकसित भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताते हुए कहा कि भारत विक. सित तब हो सकता है, जब हर व्यक्ति पंच प्रण पर ध्यान दे।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देशवा. सियों के सामने लक्ष्य रखा कि 2047 में देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हमें आत्मनिर्भर, विकसित भारत चाहिए। जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का



**हमें ऐसा भारत चाहिए, जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हो**

निर्वहन कर रहा हो। वहां जाति, भाषा, क्षेत्र का विवाद और अभाव न हो। कोई नागरिक आपदा का शिकार न हो। एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने सीएम योगी की मौजूदगी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताया और कहा कि यह हर नागरिक पर समान रूप में लागू होते हैं।

**पहला प्रण:** हर भारतवासी को पूर्वजों, संस्कृति, महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। महाराणा प्रताप, गुरु गो. विद सिंह महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह उसी परंपरा के नायक हैं, जिसे हर भारतवासी विरासत कहता है। **दूसरा प्रण:** सीएम ने कहा कि बीच के कालखंड में हर देशवासी भूल गया कि जब दुनिया अंधकार में थी, तब भारत बड़ी ताकत था। देश जब आजाद हुआ, तब दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा महज डेढ़ फीसदी रह गया था। अब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। **तीसरा प्रण:** सैन्य बलों का सम्मान सैनिक, यूनिफॉर्म धारी फोर्स (सेना, अर्धसेना, पुलिस बल) का सम्मान करना है। **चौथे प्रण** की चर्चा कर सीएम योगी ने कहा कि सिामाजिक विद्वेष की खाई को चौड़ा होने से रोकना होगा। हमारी पहचान राष्ट्रीयता के आधार पर होनी चाहिए। **पांचवें प्रण** के रूप में नागरिकों कर्तव्यों का निर्वहन का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि दूसरों के ऊपर कानून लागू होगा और हमारे ऊपर नहीं होगा। यही प्रवृत्ति ही सारी समस्याओं की जड़ है

### संस्कृति समाप्त होने पर पहचान को खो देता है राष्ट्र

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर कहा कि जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं। राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवा. जी, गुरु गोविद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं। योगी ने कहा कि संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग-अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी। जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है। पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।



सेंसेक्स 85265.32
निफ्टी 26033.75



सोना रु. 129867
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 179919
प्रति किलो



# लिवाली से सूचकांकों में लौटी तेजी

मुंबई, वार्ता

डॉलर के मुकाबले रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को भी बिकवाली हावी रही, हालांकि दिग्गज कंपनियों में तेजी से प्रमुख सूचकांक चार दिन बाद बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 158.51 अंक (0.19 प्रतिशत) चढ़कर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 47.75 अंक यानी 0.18 फीसदी की बढ़त में 26,033.75 अंक पर बंद हुआ। हालांकि ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में गिरावट जारी रही। निफ्टी मिडकैप-100 सूचकांक 0.03 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.24 प्रतिशत लुढ़क गया। रुपया आज



सुबह के कारोबार में 90.43 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक टूट गया, जिससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई। हालांकि बाद में सार्वजनिक तथा निजी बैंकों के माध्यम से रिजर्व बैंक के डॉलर बेचने से रुपये ने वापसी की। आईटी में सबसे अधिक तेजी रही। ऑटो, एफएमसीजी, रियलिटी और फार्मा सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे। मीडिया, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,212 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ जिनमें 1,740 में गिरावट और 1,380 में तेजी रही, जबकि 92 कंपनियों के शेयर गत दिवस के स्तर पर ही बंद रहे। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। टीसीएस का शेयर 1. 54 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा में 1. 28 प्रतिशत और इंफोसिस में 1.24 प्रतिशत की तेजी रही। एचसीएल, भारती एयरटेल, सनफार्मा, बीईएल, ट्रेंट, आईटीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। इटरनल में 0.69 प्रतिशत की गिरावट रही। मारुति सुजुकी का शेयर 0.54 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.33 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.68 प्रतिशत की तेजी में रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.06 फीसदी टूट गया।

# सोना का भाव नीचे गिरा चांदी भी हुई सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 800 रुपये से ज्यादा गिरावट आई, जबकि चांदी की कीमत 3,000 रुपये से ज्यादा गिर गई।

सोना आज 1,30,799 रुपये पर खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसमें गिरावट आई और 12.26 बजे यह 595 रुपये यानी 0.46 फीसदी गिरावट के साथ 1,29,867 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आई है। चांदी भी आज 1,82,621 पर खुली, लेकिन दोपहर बाद 12.26 बजे यह 2,433 रुपये यानी 1. 33 फीसदी की गिरावट के साथ 1,79,919 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। मजबूत वैश्विक रुझानों और रुपये में भारी गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश मांग के लिए समर्थन मिलने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 670 रुपये चढ़कर 1,32,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से सर्राफा कीमतों में तेजी आई है। हालांकि चांदी ने छह दिन की बढ़त का सिलसिला तोड़ दिया और इसकी कीमत 460 रुपये की गिरावट के साथ 1,80,900 रुपये प्रति किला. ग्राम रह गई।

# चावल-गेहूं, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी में भी तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये बढ़कर 3,860.39 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,848.55 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटा चार रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल-दलहनों में तुअर दाल 30 रुपये और चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल 16 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 47 रिंगिट फिसलकर 4,106 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 प्रतिशत चढ़कर 51.69 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 39 रुपये और सूरजमुखी तेल 18 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति 15



रुपये और पाम ऑयल 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। सरसों तेल की कीमत भी दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं सोया तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7857.23 रुपये, मसूर काली 8167. 57 रुपये, मूंग दाल 10101.75 रुपये, उड़द दाल 10385.59 रुपये, तुअर दाल 10584.88 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.55 रुपये और चावल 3860.39 रुपये प्रति क्विंटल।

# यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि पिछले आठ वर्षों में दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों की बदौलत राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई पहचान मिली है। प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं और युवाओं को प्रशिक्षण और उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिला है। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। इन सबके साथ सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण जीवन में सुधार की स्पष्ट झलक भी देखने को मिल रही है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व के कारण संभव हो रहा है। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बेरोजगारी दर में आई भारी गिरावट है। जहां एक समय प्रदेश की बेरा. जगारी दर 19 प्रतिशत जैसे भारी- भरकम स्तर तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता को दर्शाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार नीतियों, निवेश आकर्षित करने वाले उपायों और कौशल विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बीएलओ के...** अधीन हैं। अगर उन्हें कोई समस्या आ रही है, तो राज्य सरकार उनकी कठिनाई को दूर कर सकती है, जिसके लिए 3 निर्देश जारी किए गए, निर्देशों के अनुसार राज्य अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करे ताकि काम के घंटे कम किए जा सकें। जहां किसी व्यक्ति के पास ड्यूटी से छूट मांगने के लिए कोई खास कारण हो, राज्य सरकार ऐसी अपील पर विचार करेगी और उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त करेगी। अगर कर्मचारियों के किसी दिक्कत का समाधान नहीं हो पाता है, तो पीड़ित व्यक्ति कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में 2 दिसम्बर को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और अन्य राज्यों में वोटर्स लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। राज्यों सरकारों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सलाह दी थी कि वह केरल में स्थानीय निकाय चुनावों की चल रही तैयारियों को देखते हुए एसआईआर फार्म जमा करने की समय सीमा को और बढ़ा दे। बेंच ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों के पास भरे हुए फार्म अपलोड करने के लिए पर्याप्त समय होना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि इसे और आगे बढ़ाया जाए, ताकि जो लोग इससे वंचित रह गए हैं, उन्हें भी मौका मिल सके। चुनाव आयोग ने 30 नवम्बर को एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसम्बर तक चलेगा। पहले 4 दिसम्बर की समय सीमा थी। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसम्बर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसम्बर को जारी किया जाएगा।

# लखनऊ विवि की बड़ी खोज: पान के पत्ते में मिला अल्जाइमर के उपचार का सुराग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** धार्मिक/सांस्कृतिक व स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पान के पत्ते ने अब अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज की नई उम्मीद जगाई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की बायोजेरोन्टोलॉजी और न्यूरो बायोलॉजी प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों की एक टीम ने पान के पत्ते में पाए जाने वाले एक विशेष प्राकृतिक तत्व हाइड्रॉक्सीचाविकोल को दवा के रूप में इस्तेमाल किए जाने की संभावनाओं का पता लगाया है।

अल्जाइमर रोग को दुनियाभर में डिमेंशिया का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। इस बीमारी में धीरे-धीरे याददाश्त और सोचने- समझने की क्षमता कम होती जाती है। अभी तक इस रोग का पूरा इलाज मौजूद नहीं है

**■ अल्जाइमर से सोचने व समझने की शक्ति घटती है**

और जो दवाएं मिलती हैं वे सीमित राहत ही दे पाती हैं। इसी कारण वैज्ञानिक लगातार नई दवाओं की तलाश में जुटे हैं। गुरुवार को शोध का नेतृत्व कर रहे डा. नितीश राय ने बताया कि शोध के दौरान कम्प्यूटर आधारित तकनीकों से यह देखा गया कि हाइड्रॉक्सीचाविकोल शरीर के उन प्रोटीनों पर कैसे असर डालता है, जो अल्जाइमर से जुड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि शोध के दौरान ऐसे 88 जीनों की पहचान की गई, जो इस तत्व और बीमारी दोनों से जुड़े पाए गए। इनमें से सीओएमटी, एचएसपी 90एए1 और जीएपीडीएच नाम के तीन प्रोटीन सबसे अहम साबित हुए। ये प्रोटीन दिमाग में संदेश पहुंचाने और मस्तिष्क को. शिकाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध से यह भी पता चला कि यह तत्व इन प्रोटीनों से अच्छी तरह जुड़ता है और बीमारी से जुड़े कई कारणों पर एक साथ असर डाल सकता है। इसमें दवा जैसे गुण पाए गए हैं और यह शरीर में आसानी से अवशोषित हो सकता है। इसलिए भविष्य में इसे मौखिक दवा यानी गोली के रूप में विकसित किया जा सकता है। डा. नितीश राय के मुताबिक यह खोज अभी शुरुआती चरण में है और इसे आगे प्रयोगशाला व मरीजों पर परीक्षणों के बाद ही उपयोग में लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पान के पत्ते में पाया जाने वाला यह तत्व सस्ता, सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध हो सकता है, इसलिए इसे एक बेहतर विकल्प के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नशीले कफ सिरप सिंडिकेट का जाल देश से विदेश तक फैला

### कई बड़े नाम जांच के घेरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप का मामला अब गंभीर रूप ले चुका है। इस प्रतिबंधित सिरफ का सिडीकेट उत्तर प्रदेश के कई जिलों से होते हुए बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, पश्चिम बंगाल के अलावा नेपाल, बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका तक फैला हुआ था।

जहरीले सिरफ ने कई मासूमों की जान ली है, लेकिन सरकारी तंत्र की लापरवाही के कारण माफियाओं का हौसला लगातार बढ़ता गया। मुख्यमंत्री के निकट कई लोग और अधिकारी भी इस तस्करी से जुड़े बताए जा रहे हैं और प्रदेश में एक जिला-एक माफिया का काला कारोबार



खुलेआम चल रहा है।

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी अड़तीस मुकदमे दर्ज होने के बाद इस पूरे नेटवर्क के कई स्थानीय नाम सामने आ रहे हैं, जिन पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वाराणसी में सेंट्रल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजा आनंद ज्योति सिह की एक वर्ष पूर्व इसी सिरफ के कारण मृत्यु हो गई थी, लेकिन उनकी पत्नी द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने ध्यान नहीं दिया। पूर्वांचल के वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, भदोही, गाजीपुर और आजमगढ़ में बड़े संरक्षण के चलते यह धंधा फलता-फूलता रहा। कोडीन कांड में ईडी की एंट्री के बाद यह साफ हो गया है कि सत्ताधारी दल के शीर्ष स्तर पर इस मामले को लेकर विशेष नजर है। वाराणसी से सटे जिले के एक बाहुबली को लेकर राजनीतिक असहमति के कारण जांच का दायरा अचानक बढ़ा है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस अवैध कारोबार का सरगना शुभम, बाहुबली के रिश्तेदारों के साथ साझेदारी में था और उसने चौरासी करोड़ रुपये लगाए थे, साथ ही महंगी गाड़ियां भी दी थीं।

## किशोरी के साथ दुराचार का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर अमेठी।** बुधवार को बीती रात शौच के लिए घर से निकली किशोरी को युवक ने पकड़कर जबरन दुष्कर्म किया युवक के चंगुल से छूटने के बाद किशोरी ने परिवारीजनों को आप बीती बताई सुबह परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई मे जुटी। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक अंतर्गत स्थित एक गांव निवासी दलित किशोरी के साथ उसी गांव के ही एक युवक ने उसे पकड़ कर जबरन उस समय दुष्कर्म किया जब वह शौच के लिए बाहर जा रही थी। युवक के चंगुल से छूटने के बाद रोती बिलखती घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को सारी दास्तान बताई सुबह परिजनों ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाई की मांग की।

# इको-फ्रेंडली सुविधाओं से बदल रही उप्र के जंगलों की तस्वीर

**खनऊ।** उत्तर प्रदेश में वन्य जीव संरक्षण और इको-टूरिज्म का परिख्रश्य तेजी से बदल रहा है। राज्य के वन क्षेत्रों में दुर्लभ प्रजातियों के सुरक्षित आवास, प्राख्रतिक परिवेश के संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन सुविधाओं के विकास ने प्रख्रति प्रेमियों को नया अनुभव देना शुरू कर दिया है।

पर्यटन एवं संस्ख्रति मंत्री जयवीर सिह ने बताया कि वन, सिचाई सहित अन्य विभागों से समन्वय कर पर्यटकों के लिए आकर्षक और सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं, जिससे संरक्षण और स्थानीय आजीविका दोनों मजबूत हों। राज्य के दुधवा, पीलीभीत, कतर्नियाघाट, अमानगढ़ और सोहगीबरवा क्षेत्रों में गैंडा, बाघ, बारहसिघा और घड़ियाल जैसी दुर्लभ प्रजातियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। तराई, ब्रज, गंगा क्षेत्र, बुंदेलखंड और विध्य परिक्षेत्र में भी जैव विविधता और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। तीन वर्ष में इको-टूरिज्म विकास बोर्ड ने मार्ग सुधार, कैफेटेरिया, इको-फेंडली विश्राम स्थल, गजिबो, नेचर ट्रेल और बर्ड वॉचिग प्वाइंट जैसी सुविधाओं पर एक सौ इकसठ करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए हैं। वर्ष 2022, 2023 और 2024-25 में लगातार बढ़ते निवेश से यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार प्रख्रति संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है। दुधवा और कतल्रनयाघाट क्षेत्रों में सर्वेक्षण के अनुसार वन्य जीवों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दुधवा टाइगर रिज़र्व में यह संख्या एक लाख तेरह हजार से अधिक हो गई है, जबकि गैंडों की संख्या उनचास से बढ़कर छियासठ तक पहुंच गई है। गुलदार-तेंदुआ संख्या भी नब्बे से बढ़कर दो सौ पचहत्तर दर्ज की गई है। इको-टूरिज्म को समृद्ध अनुभव बनाने के लिए प्रकृति गाइडों को प्रशिक्षित किया गया है और थारू जनजाति को पर्यटन से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं। होमस्टे, स्थानीय खानपान और संस्ख्रति को बढ़ावा देकर ग्रामीणों की आय के नए मार्ग खुले हैं। प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखकर और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाकर उत्तर प्रदेश को प्रमुख इको-टूरिज्म हब बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

## स्वस्थ मिट्टी से ही सुरक्षित रहेगी धरती मां और जीव-जगत का स्वास्थ्य भी: शाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व मृदा दिवस के अवसर पर प्रदेश के ख्रषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों से अपील की कि वे अपने खेतों की मिट्टी का नियमित परीक्षण अवश्य कराएं, क्योंकि मिट्टी का स्वास्थ्य ही मानव जीवन, पर्यावरण और खाद्य सुरक्षा की मूल आधारशिला है।

उन्होंने कहा कि पोषक तत्वों की सही जानकारी से अंधाधुंध उर्वरक प्रयोग पर रोक लगती है, लागत घटती है और भूमि की उर्वरता दीर्घकाल तक सुरक्षित रहती है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी स्वस्थ और उपजाऊ धरती मिल सकेगी। विश्व मृदा दिवस पर प्रदेश भर में दृषक-वैज्ञानिक संवाद, राज्य स्तरीय संगोष्ठियां और किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में मिट्टी के स्वास्थ्य स्तर, समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, फसल चक्र के महत्व और टिकाऊ ख्रषि की वैज्ञानिक तकनीकों पर विस्तार से चर्चा होगी। ख्रषि विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्ध विद्यालयों के विद्यार्थी वर्तमान मृदा स्थिति और सुधार के उपायों पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जबकि कृषि विज्ञान केंद्रों पर किसानों को प्रशिक्षण एवं सजीव मृदा परीक्षण प्रदर्शन के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

# मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम डिलीट करने की आशंका

### सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादीक्ष पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपकर आरा. ेप लगाया है कि प्रदेश भर की चार सौ तीन विधानसभाओं में एक लाख बासठ हज़ार चार सौ छियासी मतदेय स्थलों पर पंद्रह करोड़ चवालीस लाख बानवे हज़ार मतदाताओं में से लाखों नाम अनुा. चत रूप से डिलीट किये जाने की तैयारी चल रही है।



पार्टी का कहना है कि पिछड़े, अतिपिछड़े, मुस्लिम और दलित बहुल बस्तियों में बी.एल.ओ. द्वारा गणना प्रपत्र न तो शत-प्रतिशत वितरित किये जा रहे हैं और न ही सही ढंग से संग्रहित। इसके विप. रीत, बी.एल.ओ. स्वयं इन समुदायों के मतदाताओं को अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृतक श्रेणी में भरकर गणना प्रपत्र जमा कर रहे हैं,

जिसके चलते सोलह दिसम्बर को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम गायब मिलने की आशंका है। ज्ञापन में प्रयागराज, कानपुर और कन्नौज की कई विधानसभाओं के विस्तृत आंकड़े देते हुए कहा गया है कि केवल प्रयागराज में ही कुल मतदाताओं की संख्या छियालिस लाख बानबे हज़ार आठ सौ साठ है, जिनमें से दो लाख चौरानबे हज़ार आठ सौ पचानवे नाम संबंधित श्रेणियों में डालकर बी.एल.ओ. द्वारा सबमिट कर दिये गये हैं। प्रतापपुर, हण्डिया, सोरांव, मेजा, फाफामऊ, करछना, शहर पश्चिमी, शहर दक्षिणी, शहर उत्तरी, बारा और कोरांव विधानसभाओं के हज़ारों मतदाता इसी प्रक्रिया के कारण डिलीट होने की कगार पर हैं। इसी प्रकार कानपुर महानगर की सीसामऊ, गोविन्द नगर, किदवई नगर, कैन्ट और आर्य नगर विधानसभाओं में लाखों मतदाताओं को गलत श्रेणियों में डालकर ड्राफ्ट रोल से हटाने की तैयारी बताई गई है। कन्नौज जनपद की तिर्वा विधानसभा के मतदेय स्थल संख्या चार और छह पर क्रमशः चार सौ अठासी और चार सौ चवालीस मतदाताओं को इसी आधार पर सूची से हटाया जा रहा है, प्रयागराज शहर पश्चिमी विधानसभा के मतदेय स्थल संख्या एक सौ छियासी में वर्ष दो हज़ार तीन की मतदाता सूची में पंद्रह सौ तीन मतदाता थे, जबकि परिवल्रतत सूची में केवल तीन सौ साठ नाम दर्ज हैं। एक ही बूथ से एक हज़ार एक सौ तैंतालीस नाम गायब होना गंभीर अनियमितता बताया गया है। ज्ञापन में सम्भल जनपद का भी उल्लेख किया गया है, जहां सभी विधानसभाओं में बी.एल.ओ. द्वारा मतदाताओं पर चार दिसम्बर तक गणना प्रपत्र जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है और चेतावनी दी जा रही है कि देर करने वालों को अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट या मृतक श्रेणी में डालकर उनका नाम डिलीट कर दिया जाएगा। सपा नेताओं के.के. श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिह और राधेश्याम सिह द्वारा सौंपे गये इस ज्ञापन में संपूर्ण प्रक्रिया की पुनः जांच, वास्तविक पते पर निवास कर रहे मतदाताओं का प्रपत्र नियमानुसार भरवाने तथा गलत रिपोर्ट जमा करने वाले बी.एल.ओ. के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन को मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने जारी किया।

# करोड़ों खर्च, दो वर्ष बाद भी पानी की टंकियों का निर्माण अधूरा

### ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा पेयजल आपूर्ति

**राम धीरज यादव**

**अमेठी।** जिले के सिहपुर ब्लाक के तमाम गांवों में तीन वर्ष पहले जल जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतो में पानी की टंकी का निर्माण पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया था। लेकिन क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में दो वर्ष बीतने के बाद भी पानी की टंकियों का निर्माण अधूरा है। पानी की टंकियों का निर्माण पूरा न होने के चलते ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है।

मजबूरी में लोग अन्य श्रोतों द्वारा प्यास बुझाने को विवश हैं। ग्राम पंचायत इन्हौना में जल जीवन



मिशन के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण अधूरा है। यहां पानी की टंकी के ऊपरी भाग में प्लास्टर का काम चल रहा है। निर्माण पूरा न होने की वजह से ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कच्छपगति से हो रहा पानी की टंकी का निर्माण जल जीवन मिशन के जिम्मेदारों की लापरवाही की पोल खोल रहा है। वहीं टेढ़ई के तिवारीपुर गांव में 50 लाख से अधिक की लागत से बन रही पानी की टंकी का निर्माण अध. ूरा है।

पानी की टंकी के ऊपरी गुंबद का निर्माण चल रहा है।निर्माण पूरा न होने की वजह से ग्रामीणों को जलापूल्रत में बाधा उत्पन्न हो रही है। निर्माण के समय आपूल्रत के लिए लगाए गए सोलर पैनल निकाल लिए गए जिसकी वजह से जलापूल्रत में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों की माने यहां जलापूल्रत का समय निर्धारित नहीं है। हथरोहना गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी के ऊपरी गुंबद का निर्माण चल रहा है। यहां चहारदीवारी पर प्लास्टर का काम अधूरा है।निर्माण शुरू होने के दो वर्ष बीतने के बाद भी पानी की टंकी न बनने से ग्रामीणों में रोष है। सढिया गांव सभा में भी जलजीवन मिशन का काम अधूरा है ध, चिलौली गांव सभा में पानी की टंकी का काम तो पूरा हो गया लेकिन धरातल पर अभी पानी का सप्लाई नहीं दिखाई पड़ रहीं हैं। अन्य गावों की तरह कुकहा रामपुर गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी का निर्माण दो वर्ष बाद अधूरा है। यहां पानी की टंकी के ऊपरी हिस्से को बनाने के लिए जाल बिछाने का काम चल रहा है। अधूरे निर्माण से तीन महीनो के अंदर निर्माण कार्य पूरा कर पाना बड़ी चुनौती है। लाप. रवाही की वजह से सरकारी आदेश की पोल खोल रही है।

# फैमिली आईडी के आधार पर स्वतः मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन योजना को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए बड़ी पहल की है। अब फैमिली आईडी 'एक परिवारख्रएक पहचान' के आधार पर पात्र वृद्धजनों की पहचान स्वतः हो जाएगी और पेंशन सीधे उनके खाते में पहुंचेगी।

अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि फैमिली आईडी आधारित सत्यापन प्रक्रिया संवे. दनशीलता के साथ लागू की जाए, ताकि कोई भी पात्र वृद्धजन पेंशन से वंचित न रहे। नई व्यवस्था के तहत साठ वर्ष या उससे अधिक आयु वाले नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। सिस्टम फैमिली आईडी में दर्ज जानकारी से ही पात्रता सुनिश्चित करेगा। जो लोग अगले नब्बे दिनों में साठ वर्ष के होने वाले हैं,

उनके नाम भी स्वतः जुड़े रहेंगे। लाभाल्रथयों की सहमति मोबाइल एसएमएस, वॉट्सऐप या फोन कॉल के माध्यम से लेकर समय पर स्वीकृति और डीबीटी भुगतान तय किया जाएगा। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जीवन प्रमाण-पत्र, संदिग्ध सूची, गलत भुगतान रोकने की व्यवस्था और मृतक या अपात्र मामलों के त्वरित निस्तारण जैसे प्रावधान लागू किए गए हैं। यह नई प्रणाली पहले अमेठी, कासगंज, गोरखपुर, ललितपुर और बस्ती में पायलट आधार पर लागू होगी। सफल परीक्षण के बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। वर्तमान में राज्य में लगभग सड़सठ लाख पचास हजार वृद्धजन पेंशन प्राप्त कर रहे हैं।

समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने कहा कि फैमिली आईडी सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत आधार देगी और लाखों वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन की गारंटी सुनिश्चित करेगी।

## डीएम की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को बैठक की गई।

बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों में तोड़ी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना के भौतिक सत्यापन हेतु नामित अधिकारियों को निर्देशित किया। तकनीकी परीक्षण भी कराये जायें। उन्होंने कहा कि रिस्टोरेशन कार्यों की गुणवत्ता की जांच गहनतापूर्वक की जाये। सभी अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें एवं निरीक्षण के जीपीएस युक्त फोटोग्राफ एवं कार्यों के फोटोग्राफ सहित निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच के समय स्थानीय नागरिकों से भी फीडबैक लिया जाये।

जलापूल्रत की स्थिति, पाईप लाइन बिछवानें की स्थिति, फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन की भी समस्त परियोजनाओं में जांच की जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिये कि सभी जांच अधिकारियों को आवश्यक तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध कराया जाये।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिह, जिला विकास अधिक. ारी संतोष नारायण गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एके त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ने एसआईआर को लेकर उप जिलामजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज/अमेठी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एसआईआर फार्म की धीमी प्रगति को लेकर समाजवादी पार्टी के गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू ने गुरुवार को सपाइयों के साथ गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत



अब तक कुल 389 बूथों में से 110 से अधिक बूथों पर एस आई आर फार्म की फीडिग 60 प्रतिशत से कम है वहीं सभी बूथों की फीडिग देखने से प्रतीत हुआ है कि अब तक 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फार्म की फीडिग तीसरे आप्शन में की गई है वहीं गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों की एसआईआर फार्म की फीडिग 30 प्रतिशत से भी कम है जो लोकतंत्र व लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गम्भीर चिता का विषय है।

पूर्व सपा विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रियंक हरि. विजय त्रिपाठी धीरू ने सपाइयों के साथ उप जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के तहत 11 दिसंबर तक चलने वाले अभियान में जुटे बीएलओ व अन्य कर्मियों के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा कल्रमयों को लगाकर निर्धारित समय सीमा में अधिकतम मतदाताओं के एसआईआर फार्म भरवाने व उनकी सही फीडिग करवाने की मांग की है।

## बंगीय समाज की मांगें सीएम तक पहुंचीं, 'वन्दे मातरम् मार्ग' घोषित करने का आग्रह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रो. हित अग्रवाल से आज बांगिया नागरिक समाज के मुख्य संयोजक पी.के. दत्ता अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ मिले और बंगीय समाज की सांस्कृतिक अस्मिता से जुड़े मुद्दों को विस्तार से रखा।

प्रतिनिधि मंडल की मांगों को उचित मानते हुए रोहित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा कि बंगीय समाज प्रदेश के सांस्कृतिक उत्थान में निरंतर योगदान देता रहा है और इन दिनों पूरे भारत में वन्दे मातरम् की डेढ़ सौवीं जयंती समारोह का आयोजन कर रहा है। जिसे अब व्यापक पहचान देने की आवश्यकता है।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि लखनऊ में हनुमान सेतु से डालीगंज क्रॉसिग तक के मार्ग को 'वन्दे मातरम् मार्ग' घोषित किया जाए और बंकिमचन्द्र चटर्जी की एक भव्य प्रतिमा भी स्थापित कराई जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों तक उनकी राष्ट्रभक्ति और ख्रतित्व का संदेश पहुंच सके। अंत में रोहित अग्रवाल ने कहा कि यह पहल न केवल बंगीय समाज बल्कि पूरे प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नई दिशा देगी।

# पशुपालक किसानों को वितरित की जाएगी नैपियर घास की जड़ें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा एमपी सिह चन्देल ने बताया कि नैपियर घास की जड़े/रूट स्लिप उपलब्ध कराने की योजना के संचालन हेतु, योजनान्तर्गत जनपद सीतापुर के इच्छुक लाभार्थियों का चयन किया जाना है।

जिसमें चयन हेतु पात्रता के अनुसार लाभार्थी- पंजीकृत गौशाला /गोआश्रय स्थल/इच्छुक ख्रषक/ पशुपालक/गैर सरकारी संस्था /एफपीओ/ स्वयं सहायता समूह। ग्राम समाज की भूमि विशेषकर चारागाह पर हरा चारा उत्पादन हेतु भूमि प्रबन्धन समिति शामिल है।

आवागमन सुगम हो। पंजीख्र त गोशालाओं तथा अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों से संबंधित ग्राम पंचायत को लाभार्थी चयन में प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके पास चारागाह की सिचित भूमि उपलब्ध हो तथा गोआश्रय स्थल से टैग्ड हो।

योजनान्तर्गत भूमि प्रबन्धन समिति के माध्यम से मांग के आधार पर ग्राम समाज की कम से कम 0.2 हे. भूमि, जो अविवादित एवं सिचित हो तथा तैयार हरे चारे की आपूल्रत निकटतम गोआश्रय स्थल को किया जाएगा। लाभार्थी के चयन की प्रक्रिया में विकास खण्ड स्तर पर स्थापित पशु चिकित्सालयों पर कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारी/उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा पात्र इकाई/लाभार्थी की सूची जनपद स्तर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को प्रेषित की जायेगी। सूची के अनुमोदना. ेपरांत लाभाल्रथयों की संख्या अधिक होने पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा लाभार्थी के चयन का निर्णय पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिया जाएगा।

## सड़क हादसे में पांच घायल

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के नानपारा कोतवाली इलाके में गुरुवार सुबह एक यात्री बस के पलटने से उसमें सवार पांच यात्री घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निजी बस पंजाब से यात्रियों को लेकर बहराइच होते हुए श्रावस्ती जा रही थी कि भोर करीब चार बजे नानपारा बाईपास पर स्थित मलंग पुरवा के पास सड़क पर आए मवेशी को बचाने के प्रयास में बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई। घटनास्थल पर चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए पहुंचे और नानपारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से बस में फंसे करीब तीस यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# कृषि सूचना तंत्र कृषक जागरूक योजना का आयोजन

**कुंदरकी।** गुरुवार को विकासखंड कुंदरकी परिसर में कृषि सूचना तंत्र कृषक जागरूक योजना अंतर्गत योजना अंतर्गत कृषक गोष्टी एवं कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चौधरी कर्मवीर सिंह प्रगतिशील कृषक की अध्यक्षता में आज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विभाग द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

और पशुपालन विभाग से डॉक्टर माथुर द्वारा पशुपालन विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई लघु सिंचाई विभाग से जेई जूनियर अभियंता श्री अजय कुमार द्वारा लघु सिंचाई विभाग की विभिन्न योजनाओं की




जानकारी दी गई वहीं कृषि विज्ञान केंद्र बिलारी से आए वैज्ञानिक डॉक्टर मनोज कुमार सिंह द्वारा गेहूं की फसल की विस्तृत जानकारी दी गई इसी क्रम में बीज गोदाम प्रभारी द्वारा बीज गोदाम पर उपस्थित कृषि निवेश एवं बीजों की जानकारी किसने को दी गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### बूथ का स्थान परिवर्तन की मांग



**चांदपुर।** सभासद अनवरुल हक उर्फ शारिक हाशमी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी/उपजिलाधिकारी के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि मौहल्ला कटकुई भाग संख्या 173 व 174 का बूथ लंबे समय से एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर में बना हुआ है जो कि मौहल्ला कटकुई से काफी दूरी पर स्थित है। जहां पहुंचने के लिए वृद्ध महिलाओं व पुरुषों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उक्त विषय को जनहित में गंभीरता से लेने का अनुरोध करते हुए उक्त बूथ संख्या का स्थान परिवर्तन करने की मांग की है, ताकि समय रहते इस कार्य को पूर्ण कराने में अनावश्यक रूप से कोई विलम्ब न हो।

### सीओ को सौंपा ज्ञापन



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार ने विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह को एक ज्ञापन अपनी टीम के साथ सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में खनन सामग्री अवैध तरीके से स्थानांतरित होने को लेकर कहा कि भागूवाला चौक पोस्ट से प्रत्येक दिन सैकड़ों ओवरलोड डम्पर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करते हैं। इन पर सम्बन्धित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। तहसील क्षेत्र में परमिशन के आधार पर मिट्टी का खनन दिन में किया जाना चाहिए। इसके साथ नगर के विभिन्न होटलों में चोरी छिपे पिलाई जा रही शराब बंद कराई जाये। इन सब मुद्दों पर तत्काल कार्यवाही की जाए अन्यथा आने वाली 9 दिसंबर से भारतीय किसान यूनियन महात्मा आंदोलन शुरू करेगी। ज्ञापन देने में युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार, जितेंद्र हुड्डा, कुलदीप मोर, कपिल कुमार, कृष्ण कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

### जन जागरूकता रैली निकाली

**चांदपुर।** विधान सभा क्षेत्र में विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर फार्म को और गति प्रदान करने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चांदपुर के निर्देशानुसार गजेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में रैली का आयोजन कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्याऊ के छात्र जन जागरूकता नारे लगाते हुए गतिमान एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़े निर्देश तथा महत्व को रेखांकित करती हुई पट्टिकायें तथा बैनर्स व हैंडबिल आदि भी सात में लिए थे। रैली में मौहम्मद राशिद, विनय कुमार, संगीता कौशिक, लक्ष्मी भाटिया व सारिता आदि सहित सभी स्कूली स्टॉफ व छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंगों से प्रतिभाग किया। रैली के उपरान्त बिस्किट्स आदि का भी वितरण कराया गया।

### स्कूल में बंद कुत्ता ग्रामीणों ने निकाला



**नहटौर।** ग्राम जलालपुर आसरा स्थित सरकारी स्कूल से रात के समय लगातार कुत्ते के रोने की आवाजें आ रही थीं। आवाजें सुनकर कुछ ग्रामीण स्कूल पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक कक्षा का दरवाजा बंद है और कुत्ता अंदर फंसा हुआ है। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर कुत्ते को बाहर निकाला। कुत्ता कई घंटों तक स्कूल के कक्ष में बंद रहा और बाहर निकलने की कोशिश करता रहा। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने मामला संज्ञान में आया है, जांच कराई जाएंगी। स्कूल इंचार्ज शिक्षक ब्रजपाल सिंह का कहना है कि कुत्ता जर्जर कक्ष में टूटी हुई खिड़की के रास्ते से अंदर पहुंच गया था। इस कक्ष में जर्जर होने के कारण शिक्षण कार्य नहीं होता है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### विधायक खेल स्पर्धा 8 व 9 दिसम्बर को

**धामपुर।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश एवं महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल लखनऊ द्वारा जारी आदेश तथा सात नवम्बर को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार धामपुर विधानसभा की खेल प्रतियोगिता आठ और नौ दिसंबर 2025 को आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्र से जुड़े खिलाड़ियों का युवा साथी पोर्टल www-yuvasathi-in पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तीनों वर्गों में आयोजित होगी, जिसमें बालक और बालिकाएं दोनों ही प्रतिभाग कर सकेंगे। एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और भारोत्तोलन जैसे खेलों में प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देना और युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ाना है। विधानसभा स्तर पर विजयी खिलाड़ियों को आगे सांसद खेल स्पर्धा में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच प्राप्त होगा। विभाग ने खिलाड़ियों से समय से पहले पंजीकरण कराने की अपील की है, ताकि प्रतियोगिता के दिन किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।

### भाकियू ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा



**हल्दौर।** विद्युत समस्याओं से जूझ रहे किसानों की परेशानी को लेकर भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा निगम के एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की। भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर स्थित बिजलीघर पहुंचे, जहां उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अनियमित विद्युत सप्लाई, कम वोल्टेज व बार-बार फाल्ट जैसी दिक्कतें बनी हुई हैं, जिससे किसान अपनी सिंचाई व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चला पा रहे। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती समस्याओं को लेकर किसान बेहद परेशान हैं। कार्यकर्ताओं ने 8 दिसंबर को बिजलीघर में होने वाली मासिक बैठक में इन मामलों को प्राथमिकता से उठाने तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर एसडीओ अभयपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में अंकुर कुमार, धर्मवीर सिंह, सुमित कुमार, राजन कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित मां शांति बाई सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जैतरा में प्रांतीय योजनानुसार 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर व आसपास की लगभग 250 मातृशक्ति ने प्रतिभाग कर समाज निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को दृढ़ता के साथ दोहराया।

विद्या भारती विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान माना जाता है, जो देशभर में 22 हजार से अधिक विद्यालयों के माध्यम से संस्कारवान शिक्षा और समाज जागरण का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में विद्या भारती द्वारा पूरे भारत में 30 हजार 'सप्त शक्ति संगम' (मातृशक्ति सम्मेलन) आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी योजना के तहत धामपुर स्थित



मातृशक्ति ने लिया विकसित भारत का संकल्प

विद्यालय में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति को कुटुंब व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय सांस्कृतिक दृष्टि, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका और बच्चों में संस्कार निर्माण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। सभी मातृशक्ति ने इन विषयों पर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अपर्णा जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि और समाज व राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका को विस्तार से बताया। उन्होंने महिलाओं को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा आभा जी ने मातृशक्ति से इस संकल्प को व्यवहारिक रूप में उतारने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, आरएसएम डिग्री कॉलेज धामपुर की प्राचार्या श्रीमती रश्मि रावल ने मातृशक्ति को भोजन स्वदेशी, भूषा स्वदेशी और भाषा स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. इंद्रवीर सिंह ने सभी प्रतिभागी मातृशक्ति का स्वागत कर कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन कु. नेहा ने किया तथा संयोजिका श्रीमती हिमानी राठी रहीं। कार्यक्रम में श्रीमती रुद्रेश, श्रीमती कमलेश, श्रीमती अनुपम, कु. रुपांजली और श्रीमती रानी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन 'मातृ सप्त शक्ति संगम' के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया, जिसमें सभी मातृशक्ति ने समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी देने की प्रतिज्ञा दोहराई।

## विश्व दिव्यांग दिवस: जरूरतमंदों को सहायक उपकरणों का वितरण



**बिजनौर।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी कार्यालय प्रांगण में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एल्मिको कानपुर के द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी बिजनौर के सौजन्य से अध्यक्ष जिला पंचायत चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, डा. कौशलेंद्र सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डा. उर्मिला, जागेश्वर सिंह जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कर कमलों द्वारा दिव्यांगजनों को 13 मोट्राइज्ड ट्राईसाकिल, 14 ट्राईसाकिल, 03 व्हील चेयर, 04 कान की मशीन, 28 बैशाखी, 04 वॉकिंग स्टीक, 02 एमआर किट, 01 स्मार्ट केन, 01 ब्रेल केन ब्लांड छड़ी के वितरण कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, डायरेक्टर डॉ. विशाल, रोबिन कुमार, योगेश ठाकुर सुनील एवं सुनील भारद्वाज (वीरा कॉलेज) अनुज पाठक, महबूत अली, भुवन पांडे, गोविन्द दास वरिष्ठ सहायक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, बिजनौर, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर नेहरू स्टेडियम बिजनौर में जनपद के दिव्यांगजनों द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजनान्तर्गत, अध्यक्ष जिला पंचायत चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, जागेश्वर सिंह जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बिजनौर, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव के कर कमलो द्वारा दिव्यांगजनों को 30 ट्राईसाकिल आदि सहायक उपकरणों का नि:शुल्क वितरण किया गया। वितरण के समय शिक्षा अधिकारी मौ.पुर देवमल प्रभात कुमार, डीसी समग्र शिक्षा लियाकत अली, डीसी अनुज शमा, दीपमाला, असमा निगार आदि उपस्थित रहें।

## सिद्धार्थ जायसवाल ने मांगा अधिवक्ताओं से समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की सक्रियता तेज हो गई है। इसी क्रम में प्रयागराज से आए उम्मीदवार सिद्धार्थ जायसवाल धामपुर तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने अधिवक्ता संघ के सदस्यों से मुलाक. ात कर अपने पक्ष में समर्थन और मतदान की अपील की।

सिद्धार्थ जायसवाल ने अधिवक्ताओं के बीच अपने विचार रखते हुए कहा कि कौंसिल का चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं, बल्कि अधिवक्ताओं की समस्याओं और संगठन को मजबूत करने का भी माध्यम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुने जाने पर वे अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं दिलाने, उनके हितों की रक्षा करने तथा कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

अधिवक्ताओं के साथ हुई वार्ता में आगामी चुनावी मुद्दों, अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा, अधिवक्ता भवन के संसाधनों तथा न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। कई अधिवक्ताओं ने स्थानीय स्तर की समस्याओं से भी उम्मीदवार को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान अधिवक्ता नितिन अग्रवाल, मेहराजू हसन एड., जयंत कुमार एड., विनोद सैनी एड., राजपाल सिंह एड., देवेंद्र सिंह, दीपचंद, तारा सिंह, कुणाल गांधी एड., उमर ताजुद्दीन एड. सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने उम्मीदवार के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और चुनाव प्रक्रिया तथा संगठन के भविष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की।

# पुलिस ने ग्रामीणों को दी साइबर सुरक्षा की सीख

## प्रभारी निरीक्षक ने बताए ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में थाना क्षेत्र के ग्राम मकनपुर में साइबर अपराधों से बचाव व यातायात नियमों की जानकारी को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने पुलिस टीम के इस प्रयास की सराहना की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि आजकल साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ठग अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। कॉल, एसएमएस, ऑनलाइन लिंक, सोशल मीडिया, बैंकिंग ऐप, यूपीआई तथा नंबर मिलाकर ठगी जैसे मामलों में लोग सबसे अधिक शिकार बनते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अपनी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। बैंक, सरकार या किसी संस्था के नाम पर आए कॉल लिंक पर विश्वास न करें। ओटीपी, एटीएम, पिन, पासवर्ड किसी को न बताएं। सोशल मीडिया पर आने वाले अज्ञात मैसेज-वीडियो लिंक से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की ठगी की घटना होने पर तुरंत 112 या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि समय रहते जागरूक होकर ही हम अपराधियों से बच सकते है। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा से जुड़ी छोटी-छोटी सावधानियां हमारे लिए सबसे बड़ा संरक्षण कवच हैं। संजय कुमार ने यातायात नियमों पर भी विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। तेज रफ्तार ओवरलोडिंग और गलत दिशा में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर हम अपने परिवार और समाज दोनों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के इस उत्कृष्ट प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं।

# आरबीडी में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

## कार्यक्रम में मोहन राकेश के नाटकों और कहानियों पर विस्तार से चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास एवं रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कालजयी रचनाकार मोहन राकेश एवं श्री लाल शुक्ल के जन्मशती समारोह के उपलक्ष्य में 'मोहन राकेश और श्रीलाल शुक्ल के साहित्य में चित्रित यथार्थबोध' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. हरि मोहन शर्मा, मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अरुण देव, विशिष्ट वक्ता चमनलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरिद्वार के प्राचार्य प्रो. सुशील उपाध्याय, प्रख्यात जन कवि डॉ. संजय कुमार त्यागी, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास के संरक्षक जोगेंद्र चिकारा, कार्यक्रम समन्वयक डा. शारदा द्विवेदी एवं सह समन्वयक डा. वर्षा के द्वारा मां वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों



का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं बैज लगाकर किया गया।

तत्पश्चात सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के द्वारा स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति में यथार्थ को लिखने का साहस बहुत कम होता है। जितने भी यथार्थवादी कवि या लेखक हुए हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में बेबाकी से जीवन का सत्य लिखा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सेमिनार के पश्चात हम सभी कुछ न कुछ ऐसा अवश्य लेकर जाएंगे जो अनिश्चित काल के लिए हमारे मस्तिष्क पर अपनी छाप छोड़ जायेगा। इसी क्रम में समन्वयक डा, शारदा द्विवेदी के द्वारा संगोष्ठी के विषय पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। इसी के साथ डा. वर्षा के द्वारा हीरा देवी छात्रवृत्ति सम्मान के बारे में छात्राओं को अवगत किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि मोहन राकेश एक बेचैन समय की पैदावार हैं। उन्होंने मोहन राकेश के साहित्यिक योगदान की सराहना की और उनके विचारों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताया। संगोष्ठी में मोहन राकेश के नाटकों और कहानियों पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके साहित्यिक विचारों को समझने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रो. हरि मोहन शर्मा ने लाल शुक्ल के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लाल शुक्ल एक महान साहित्यकार थे, जिन्होंने हिंदी साहित्य को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि श्री लाल शुक्ल की रचनाएं समाज की वास्तविकता को उजागर करती हैं और उनके पात्र जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रतिबिंबित करते हैं। प्रो. शर्मा ने कहा कि लाल शुक्ल की सबसे प्रसिद्ध रचना 'राग दरबारी' है, जो एक व्यंग्यात्मक उपन्यास है और समाज की खामियों को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि लाल शुक्ल की रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसके बाद भारतीय कन्या सुरक्षा मिशन न्यास के संरक्षक जोगेंद्र चिक. ारा ने अपने मिशन के बारे में बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य कन्याओं की सुरक्षा और उनके विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत, वे कन्याओं को शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में राजकीय महाराणा प्रताप महाविद्यालय से प्रो. धीरज कुमार सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर सबके साथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने मोहन राकेश के प्रसिद्ध उपन्यास 'राग दरबारी' के मुख्य पहलुओं पर चर्चा की और कहा कि यह उपन्यास समाज की वास्तविकता को उजागर करता है।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत



**चांदपुर।** ग्राम अकबरपुर तिगरी निवासी जीशान अहमद (50 वर्ष) पुत्र इमामुद्दीन सवेरे बिजनौर से दवाई लेने जाने के लिये चांदपुर पहुंचा था। जहां वे चलती ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने के कारण ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गयी। ग्रामीण की मौत की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत ही 108 एम्बुलेंस के द्वारा सीएचसी स्याऊ पहुंचवाया। चौकी प्रभारी प्रणव कुमार का कहना है कि नजीबाबद गजरौला के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसल जाने के कारण यह घटना घटी। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम न कराने की बात कहते हुए अगली कोई भी कानूनी कार्यवाही करने से इंकार दिया।

### सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया



**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्म दिवस सभासद व आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, जिला उपाध्यक्ष विपिन गुथलिया, नगर प्रभारी ज्ञान सिंह, नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने केक काटकर अपने प्रिय नेता चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया। इसके उपरांत नगीना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर मरीजों को फल भी वितरित किए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि नगर कमेटी को बूथ स्तर तक मजबूत करें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमारा एक-एक वोट पार्टी प्रत्याशी को पड़े। इस मौके पर सलीम मलिक, हाशिम इस्लाम, मरगूब मुल्तानी, मौहम्मद सद्दीक, नरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, जुबैर इकबाल, यासर सईद फैजी, आमिर अली आदि उपस्थित रहे।

### गढ़वाल रायफल व शाहजहांपुर रहे विजयी



**नगीना।** याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे दिन पहला मैच गढ़वाल रायफल व रुद्रपुर के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वाल रायफल ने रुद्रपुर को हराकर 4-0 के स्कोर से मैच को जीत लिया। दूसरा मैच देहरादून व शाहजहांपुर के बीच खेला गया। जिसमें शाहजहांपुर ने देहरादून को हरा कर मैच को 3-0 के स्कोर से जीत लिया। बुधवार को खेले गए दोनों मैचों के दौरान चारों टीमों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इन मैचों के रैफरी गोहर निसार, सुभाष कपूर उर्फ पप्पी, लाइनमैन निसार अहमद व शमशाद रहे। इस अवसर पर राकेश कर्णवाल, कुंवर अमरजीत, अब्दुल समद, मंजीत विश्नोई, पूर्व सभासद गफ्फार मुल्तानी, राकेश मिश्रा एड., नौशाद अप्पा, अजीम सीनियर, निसार अहमद, शमशाद, शाकिर उस्मानी, हाशिम इस्लाम अल्वी, अशोक कुमार, जहांगीर, आबिद, शेख जमशेद, चांद भाई, काका अंसारी, जहांगीर खलीफा, अखलाक उर्फ काकू, शाकिर उस्मानी, अब्दुल्ला, शिबली निसार, ताहिर मुल्तानी, आसिम मुल्तानी आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने किया अभियान का निरीक्षण



**नगीना।** भाजपा पूर्व विधायक सतीश गौतम ने नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 241 हरबंशपुर धारम उर्फ अलहैदादपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से प्रवासी के नाते आज बूथ के बूथ अध्यक्ष बीएलओ एवं गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर लोगों को जागरुक कर कार्यक्रम के बारे में बताया उन्होंने कहा आगामी विधानसभा चुनाव में पुन: भाजपा सरकार बनने जा रही है। इसलिए हमें अपने-अपने बूथ पर सही से कार्यक्रम का क्रियान्वयन करना होगा एवं बीएलओ का सहयोग कर सभी लोगों के एसआईआर फॉर्म भरवा कर जमा कराना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि अब तक बूथ पर बीएलओ के अनुसार 1180 फार्म वितरित हो चुके हैं, जिसमें से 955 फॉर्म जमा किए जा चुके हैं तथा 62 नाम काटे गए हैं। शीघ्र बूथ पर एवं नगीना विधानसभा में अभियान कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सतीश गौतम, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जितेंद्र राठी, बूथ अध्यक्ष नथू सिंह, बीएलओ कौशल देवी, राम गोपाल, छोटू राम, अमन सिंह सरला देवी, रमेश कुमार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### हिमालया वैलनेंस का औद्योगिक भ्रमण



**बिजनौर।** वीर कुवंर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने हिमालया वैलनेंस, देहरादून कंपनी का औद्योगिक भ्रमण किया। हैड डॉ. सैय्यद फारूख ने विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में अवगत कराया कि यह कंपनी 1930 से विभिन्न प्रकार की हर्बल फॉरमुलेज़न तैयार करती है। डा. जफर अहमद व डा. अनिल ने कम्पनी के भीतर जो भी दवाईयां निर्मित करने की लैब होती है, उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकरी विद्यार्थियों को दी। म्यूजियम व हर्बल गार्डन को भी कंपनी के कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के साथ रहकर उनके बारे में भी विस्तारपूर्वक देते हुए अवगत कराया की कंपनी का वातावरण कितना उचित व स्वच्छ है। आद्योगिक भम्रण में फार्मेसी डिपार्टमेंट के प्रवक्ता नरदेव सिंह, ज्योति सिंह, मौ. नावेद एवं मौ. जुबैर उपस्थित रहे। प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह ने हिमालया वैलनेंस, देहरादून कंपनी का औद्योगिक भ्रमण के उपरान्त वापस लौटे छात्रों एवं प्रवक्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कालेजस प्रत्येक वर्ष विभिन्न उच्चस्तरीय औद्योगिक भ्रमण कराता है, जिससे छात्र/छात्राओं को नई तकनीकी की पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

# गैलेंट्री अवार्ड प्राप्त सैनिकों को रियायत देने की तैयारी में लखनऊ विकास प्राधिकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप लखनऊ विकास प्राधिकरण (लविप्र) सशस्त्र बलों के उन सैनिकों के लिए एक विशेष आवास लाभ का प्रस्ताव रखने जा रहा है,

जिन्होंने सेवा के दौरान असाधारण बहादुरी दिखाई है। सूत्रों के मुताबिक प्रस्ताव के अनुसार, गैलेंट्री अवॉर्ड प्राप्त सैनिकों को आवास खरीद पर अतिरिक्त पांच प्रतिशत छूट दी जाएगी। प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि यह उत्तर प्रदेश में अपनी तरह की पहली पहल होगी। राज्य में किसी भी विकास प्राधिकरण द्वारा अभी तक गैलेंट्री पुरस्कार पाने वाले सैनिकों के लिए कोई विशेष




रियायत नहीं दी जाती है। इसे बहादुर सैनिकों के योगदान को ठोस रूप से सम्मान देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम केवल प्रतीकात्मक सम्मान नहीं, बल्कि ऐसा लाभ देना चाहते थे जो परिवारों की सीधे मदद करे। यह रियायत उन सैनिकों की वास्तविक मान्यता है, जिन्होंने जोखिम भरे अभियानों में देश के लिए सेवा दी है। प्राधिकरण से जुड़े सूत्रों के अनुसार यदि बोर्ड इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है, तो यह सुविधा केवल प्रमुख गैलेंट्री अवॉड्र्स शौर्य चक्र और कीर्ति चक्र के प्राप्तकर्ताओं पर लागू होगी। यह रियायत एलडीए फ्लैट की खरीद के समय दी जाएगी और पात्र खरीदारों को मिलने वाली अन्य छूटों के अतिरिक्त होगी। एलडीए सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगले एक वर्ष तक खाली फ्लैट्स की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। निर्माण लागत बढ़ने और बाजार में सुस्ती के बीच यह फैसला खरीदारों को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। एलडीए अधिकारियों का मानना है कि यह कदम सैन्य परिवारों को सार्थक आर्थिक सहायता देगा और उनकी आवास आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने के प्राधिकरण के प्रयासों को और मजबूत करेगा।

## दिव्यांग भाई की धारदार हथियार से हत्या

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी के पीपर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक भाई ने अपने ही दिव्यांग भाई पर कुदाल से हमला कर हत्या कर दी और फरार हो गया। आरोपी भाई दिमागी रूप से झक्की बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार जिले के पीपर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर बाजार निवासी राकेश वर्मा (50) की उसके सगे छोटे भाई दिनेश वर्मा ने बेरहमी से हत्या कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी भाई मौके से फरार हो गया। पुलिस की प्राथमिक जांच में आरोपी झक्की बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वह इस कदर सनकी था कि गांव में जाते समय कुत्ता भौंक देता तो उसे बहुत तेजी से मारने के लिए दौड़ा लेता था।एक बार एक कुत्ते को भौंकने की वजह से मार कर जला दिया था। वह मृतक से छोटा था। पूरे मामले में प्रभारी निरीक्षक पीपरपुर श्री राम पांडे ने बताया कि रोपी को पकड़ने का प्रयास किया।

# कन्या जन्मोत्सव में नवजातों को मिला आशीर्वाद, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने आज जिला महिला अस्पताल में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

उन्होंने अस्पताल में जन्मी नवजात कन्याओं को आशीर्वाद देते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म संपन्न कराई गई तथा उन्हें स्वस्थ गर्भावस्था और सुरक्षित प्रसव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी विधिवत रूप से कराया गया। इसके साथ ही अस्पताल में जन्मी कन्याओं को सुरक्षा किट वितरित की गई। सुरक्षा किट में नवजात शिशु की देखभाल से संबंधित आवश्यक सामग्री शामिल थी, जिससे माताओं को शुरुआती दिनों में सुविधा मिल सके। महिला आयोग अध्यक्ष ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री मातृत्व योजना, जननी सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पोषण अभियान सहित अन्य योजनाओं की उपयोगिता बताते हुए महिलाओं से इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य माताओं और बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और मजबूत बनाना है। बबीता सिंह चौहान ने जिला महिला अस्पताल प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं।

उन्होंने कहा कि महिला सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का वास्तविक विकास संभव है। कार्यक्रम के उपरांत महिला आयोग अध्यक्ष ने जिला महिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. डी.के. भिटौरिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एस-के- पाल, कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में जलालपुर थाने की पुलिस ने गुरुवार को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले अंतरराज्ईय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से नौ एंड्रॉयड फोन और चार लैपटॉप बरामद किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बताया कि 22 नवम्बर को वादी रतन कुमार ने अपनी लडकी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए यूनियन बैंक जलालपुर मे विजय यादव को दिया था।

विनय द्वारा उनकी लडकी का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तैयार करके दिया। जब इस जन्म प्रमाण पत्र का सत्यापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी आफिस से करवाया तो कार्यालय द्वारा ज्ञात हुआ कि फर्जी प्रमाण पत्र है। पता करने पर ज्ञात हुआ कि विनय यादव का एक गैंग है जिसमें रामभरत मौर्या शामिल है। उन्होंने कहा कि उपनिरीक्षक मोहन प्रसाद और उपनिरीक्षक बलवंता ने धारा 319(2), 318(4), 338,336 (3), 340(2)/3(5) बी0एन0एस0 व धारा 66 डी आई0 टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अभियुक्त अंकित यादव उर्फ शुभम यादव , राज कुमार उर्फ विक्की को जिला गौतमबुद्ध नगर को नहोरा सई नदी के पास से तीन एन्ड्राएड फोन व तीन लैपटाप के साथ समय 19:10 बजे गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा राशिद,राजीव कुमार और अभिषेक गुप्ता को 06 एन्ड्रायड मोबाइल व 01 लैपटाप के साथ बाकराबाद हाईवे तिराहे के पास से समय 05:00 बजे गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि ग्राम पंचायत की आइडी से मिलता जुलता पासवर्ड ट्राई करके लागिन किया जाता था तथा ऐनी डेस्क पर स्क्रीन शेयर के माध्यम से सम्बंधित आईडी का पासवर्ड जनरेट कर फर्जी जन्म प्रमाणपत्र पत्र बनाकर लोगो से मोटी रकम वसूलते थे। गिरफ्तार पांचो अभियुक्त को कड़ी सुरक्षा के बीच जेल रवाना किया गया।

## कौशांबी में ट्रैक्टर पलटने से दो मरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के संदीपनघाट क्षेत्र में गुरुवार भोर में डंपर की टक्कर से सड़क किनारे ग्ढ्ढे में पलटे ट्रैक्टर में दबने से दो श्रमिकों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि आज सुबह एक ट्रैक्टर सगरागांव से ट्राली में मिट्टी भरकर लौट रहा था, चंदवारी चौराहा के पास अज्ञात डंपर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया। ट्रैक्टर सडक के किनारे ग्ढ्ढे में पलट गया और ट्रैक्टर ट्राली के ऊपर बैठे दो मजदूर लव कुश, व अजय निवासी मुजाहिदपुर ट्रॉली के नीचे दब गए जिसमें दोनों की मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, 13,812 बोतल विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अंतरराज्ईय शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13,812 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई एक दिन पूर्व तीन दिसम्बर की देर रात लखनऊ में टोल प्लाजा सीतापुर रोड पर की गई।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरील कुमार के रुप में हुई है। उसके पास से भारी मात्रा में शराब के साथ एक आयशर ट्रक , 5700 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन, डीजल और बोरी भी बरामद की गई।

बरामद शराब में रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट की 2052 बोतलें, ओल्ड हैबिट व्हिस्की की 7488 पेट बोतलें, ऑल सीजन्स गोल्डन कलेक्शन रिजर्व व्हिस्की की 3840 पेट बोतलें तथा ब्लैक बकार्डी रम की 432 बोतलें शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद चोरी-छिपे अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। इसी सूचना पर एसटीएफ की विभिन्न ईकाइयों/टीमों को विशेष सतर्कता रखते हुए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद एसटीएफ उत्तर प्रदेश की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर एक दिन पूर्व आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका गिरोह बिहार में शराब बंदी होने का फायदा उठाकर उत्तर प्रदेश से अवैध विदेशी शराब की तस्करी करता है।

# नमो घाट पर काशी की काष्ठ-कला बनी मुख्य आकर्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार कर रहे काशी तमिल संगमम्-4-0 के चौथे संस्करण में नमो घाट इन दिनों सांस्कृतिक रंगों से सराबोर है। उत्तर भारत की प्राचीन परंपराओं और तमिल संस्कृति के गहन जुड़ाव को जीवंत रूप देने वाला यह आयोजन 'तमिल करकलाम' (तमिल सीखो) थीम पर आधारित है।

इनमें स्टॉल संख्या 29 सबसे अधिक चर्चित और लोकप्रिय रहा, जिसे वाराणसी के पारंपरिक काष्ठ-कारीगरों ने सजाया है। यहां प्रदर्शित प्रत्येक कलाकृति काशी की सात पीढ़ियों पुरानी काष्ठ-कला परंपरा की जीती-जागती मिसाल है। इन कलाकृतियों के पीछे कारीगरों की संघर्ष-गाथा, समर्पण और सफलता की प्रेरक कहानी भी छिपी है। वाराणसी के ओम प्रकाश शर्मा और नंद लाल शर्मा इस दुर्लभ कला के सातवीं पीढ़ी के वारिस और वर्तमान में शहर के इकलौते संरक्षक हैं। हाथों की महीन कारीगरी और वर्षों की साधना से ए कारीगर लकड़ी में जान फूंक देते हैं। पारंपरिक कारीगर होने के साथ-साथ ए दोनों शिक्षक भी हैं और एनआईएफटी रायबरेली सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यशालाएं आयोजित कर इस विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। इनकी यात्रा हमेशा आसान नहीं रही। एक समय आर्थिक तंगी और घटती मांग के कारण दोनों गहरे निराशा में डूब गए थे। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से इनका हौसला बढ़ाया और अपनी विरासत को जीवित रखने की प्रेरणा दी।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से ही काशी तमिल संगमम् जैसे बड़े मंचों पर इनकी कला को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। नंद लाल शर्मा कहते हैं, प्रधानमंत्री जी के प्रेरणा-संदेश ने हमें नई दृष्टि और दिशा दी। आज हमारी कला देश-विदेश में सराही जा रही है। हैंडीक्राफ्ट्स की काष्ठ-कलाएं न केवल भारत में लोकप्रिय हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी अपनी छाप छोड़ चुकी हैं।

वर्ष 2022 के जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा इनकी उत्कृष्ट कृति 'राज गद्दी-राम दरबार' को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो को भेंट किया जाना वाराणसी की कला परंपरा के लिए गौरव की बात है। स्टॉल का सबसे बड़ा आकर्षण पंचमुखी हनुमान जी की भव्य मूर्ति है,

जिसे कारीगरों ने पूरी तरह हाथ से, बिना किसी मशीन के, छह महीने की कड़ी साधना में तैयार किया है। कदम और गूलर जैसी दुर्लभ लकड़ियों से बनी यह मूर्ति करीब 1-20 लाख रुपये की है और इसकी सुगंध चंदन जैसी है। आगंतुक स्थानीय कला को हाथों-हाथ अपनाते दिख रहे हैं। एक दर्शक शिवम सिंह ने अपने परिवार के सभी सदस्यों के लिए लकड़ी के सुंदर चाबी के छल्ले खरीदे और खुशी जताई कि उन्हें इतनी सूक्ष्म, किफायती और वाराणसी की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी कलाकृति मिली। काशी तमिल संगमम् में काशी की यह अनुपम काष्ठ-कला एक बार फिर अपनी छटा बिखेर रही है और सांस्कृतिक संवाद को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय कॉल को लोकल में बदलने वाला ठग गिरफ्तार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में सिमबॉक्स का प्रयोग कर अंतर्राष्ट्रीय कॉल को लोकल कॉल में बदलकर फर्जी रूप से आर्थिक लाभ कमाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को यहां बताया कि बुधवार साइबर क्राइम टीम, एसओजी, कोतवाली पुलिस और बीएसएनएल कार्यालय की संयुक्त टीम ने सूचना पर सदर कोतवाली क्षेत्र के रामगुलाम टोला से तेज नारायण सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि वह 2015 से 2022 तक मारिशस में रहकर इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। उसने बताया कि वहां पर उसे बंग्लादेशी नागरिक आदिल अहमद व समीर मिले थे गिरफ्तार ठग के पास से 6 सिम बाक्स, 6 वाई-फाई राउटर, एक नेट स्टार फास्ट (ईथरनेट डेस्कटॉप स्वीच बाक्स), एक जीयो वाई-फाई राउटर, एक एयरटेल वाई-फाई राउटर, 43 एण्टीना (बड़ा) सिम बाक्स, 219 सिम(बीएसएनएल), 169 एण्टीना(छोटा) सिम बाक्स, 07 सिम बाक्स एडॉप्टर, 08 वाई-फाई राउटर एडाप्टर, 07 लैन केबल पीला रंग, 05 लैन केबल सफेद रंग, 02 यूएसबी केबल नीला रंग, 01 एम्पलीफायर कवर बाक्स, तीन मोबाइल, 02 पासबुक(एचडीएफसी बैंक), 02 पासबुक एसबीआई बैंक, 09 चेक. बुक एचडीएफसी बैंक, 11 एचडीएफसी बैंक का एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड अभियुक्त का, एक लैपटॉप (डेल कम्पनी) व एक लैपटॉप( तोशिबा कंपनी) बरामद किए गए हैं। पुलिस गिरफ्तार ठग के खिलाफ आज यहां विधिक कार्रवाई कर रही है।

# जौनपुर में सिलेंडर फटने से मकान ध्वस्त, चार घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के हिनौती गांव में बुधवार रात सिलेंडर फटने से पक्का मकान पूरी तरह ढह गया। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें वाराणसी स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना की वजह पर दो तरह की बातें सामने आ रही हैं,परिजन गैस सिलेंडर ब्लास्ट बता रहे हैं, जबकि ग्रामीणों का दावा है कि मकान में पटाखा बनाने का काम होता था, इसलिए घटना संदिग्ध है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में मडियाहू कोतवाली क्षेत्र के हिनौती गांव निवासी मुन्नू अहमद वर्षों से शादी-समारोह में पटाखे छोड़ने का काम करता आया है। बुधवार की रात करीब 8:30 बजे उसका पक्का मकान अचानक जोरदार धमाके के साथ ध्वस्त हो गया। घर के अंदर मौजूद चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए मुन्नू (40) साहिल (17) पुत्र सलाम मेराज (12) पुत्र मुन्नू रूबी (36) पत्नी मुन्नू स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी मड़ियाहूं पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर मुन्नू और साहिल को ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और घटना की जांच की। पुलिस का कहना है घर में खाना बन रहा था गैस सिलेंडर पहले से लीक था चिगारी लगते ही आग भड़क गई सिलेंडर में विस्फोट से पूरा मकान ढह गया पुलिस के पास घर की एक महिला का बयान भी है, जो सिलेंडर ब्लास्ट की पुष्टि करता है। ग्रामीणों का दावा है मकान पूरी तरह जमींदोज हो चुका है, ईंट-पत्थर बिखरा पड़ा है लेकिन 14 किलो सिलेंडर का एक भी टुकड़ा मौके पर नहीं मिला। ग्रामीणों को शक है कि ष्मकान में शायद पटाखा बनाने या जमाखोरी का काम होता था, सिलेंडर ब्लास्ट की आड़ दी जा रही है।ष सिलेंडर ब्लास्ट से हादसा पटाखा विस्फोट से मकान ढहा पुलिस दोनों एंगल पर जांच कर रही।

## पुलिस व एएचटीयू ने संयुक्त रूप से कालीन बुनाई केन्द्र पर की छापेमारी

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिग यूनिट(एएचटीयू ) व पुलिस ने संयुक्त रूप से छापा मारकर कालीन बुनाई केंद्र के रिकार्डों की जांच पड़ताल की। श्रम विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, एएचटीयू प्रभारी, थानाध्यक्ष गोपीगंज एवं मनोज शर्मा श्रम प्रवर्तन अधिकारी भदोही की टीम ने थाना क्षेत्र के बरजी स्थिति शोएब ब्रदर्स कालीन बुनाई केंद्र पर संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान प्रतिष्ठान में कार्यरत 28 पुरुष व 04 महिलाएं कुल 32 कर्मकार उपस्थित पाए गए।

# खिचड़ी तुलाई की रस्म के साथ शुरु हुआ किन्नर सम्मेलन

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के चरखारी में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन की गुरूवार को ष्खिचघे तुलाई ष की अहम रश्म के साथ शुरुआत हो गई। देश भर से आए 700 से अधिक किन्नरों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। किन्नर सम्मेलन यहां एक सप्ताह तक चलेगा। बुंदेलखंड का कश्मीर के नाम से विख्यात चरखारी कस्बा इन दिनों किन्नरों की चकाचौंध से सराबोर है- यहां आयोजित किन्नर सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से जुटे किन्नर लोगो के आकर्षण का केंद्र बने है, किन्तु इसकी अलग तरह की घस गतिविधियों के चलते हर किसी की जुबान पर किन्नर सम्मेलन की चर्चा है। किन्नरों के आपसी रिश्तों को प्रगाड़ करने और उनके मुद्दों का आपसी संवाद से समाधान निकालने के लिए आयोजित किन्नर सम्मेलन की शुरुआत पारम्परिक खिचघे तुलाई से हुई-संयोजक जीनत किन्नर ने बताया की भारत के सुखी व समृद्धि की कामना और लोक मंगल की भावना के साथ आरम्भ हुए सम्मेलन में खिचघे तुलाई के तहत किन्नर गुरुओं द्वारा मूंग की दाल और चावल को सोने की ताराजू से बराबर मात्रा में तौल कर मिला दिया जाता है- तत्पश्चात इस खिचघे को एक बघ्े बर्तन में पका कर कुलदेवी को भोग लगाया जाता है- देवी के प्रसाद को सामूहिक रूप से खाने पर किन्नर बिरादरी में जातीय भेदभाव तथा अन्य कुरीतियों के खत्म होने की मान्यता है। सम्मेलन के सह संयोजक रमेश किन्नर ने बताया की खिचघे तुलाई में शामिल होने के बाद हरेक किन्नर का अपने पूर्व परिवार से नाता पूरी तरह समाप्त हो जाता है- किन्नर बिरादरी में ही उसके मामा, मौसा आदि रिश्ते बन जाते है- कुल मिलाकर किन्नर समुदाय ही उसका परिवार होता है-किन्नर रमेश के मुताबिक चरखारी में दस साल के अंतराल के बाद अबकी आयोजित किन्नर सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से करीब डेघ् हघर किन्नरों का एकत्रिकरण होने की उम्मीद है- सम्मेलन में विशेष सभा के आयोजन से पूर्व नगर में किन्नरो की कलश यात्रा का यादगार आयोजन होगा- इस यात्रा मे अलग - अलग प्रांतो के सभी किन्नर अपनी-अपनी वेशभूषा में सज - धज कर नाचते गाते हुए नगर भ्रमण करेंगे।

# काशी तमिल संगमम-4.0: तमिलनाडु से दूसरा दल पहुंचा, डमरू वादन-पुष्प वर्षा के बीच भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम-4-0 के तहत दक्षिण भारत से आगंतुकों का आगमन जारी है। बुधवार देर रात तमिलनाडु से दूसरा दल विशेष ट्रेन द्वारा बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचा।

इस दल में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल थे। स्टेशन पर जैसे ही मेहमान उतरे, उनका पारंपरिक डमरू वादन, पुष्प-वर्षा तथा 'हर-हर महादेव' और 'वणक्कम काशी' के उद्घोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' तथा वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी स्वयं उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने मेहमानों को काशी की सांस्कृतिक आत्मीयता और तमिलनाडु-काशी के प्राचीन ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी देते हुए उनका अभिनंदन किया। पारंपरिक स्वागत देखकर तमिल दल के सदस्यों में खासा उत्साह देखा गया।

कई सदस्यों ने कहा कि काशी में मिल रही गर्मजोशी और आध्यात्मिक वातावरण उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। डमरू वादन की ध्वनि से पूरा स्टेशन परिसर शिवमय हो उठा और काशी तथा तमिलनाडु की सांस्कृतिक एकता की सुंदर झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के निर्धारित शेड्यूल के अनुसार, तमिलनाडु से आए ए प्रतिनिधि गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगे।

इसके बाद वे गंगा तट, विभिन्न घाटों तथा शहर के प्रमुख सांस्कृतिक व शैक्षिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि अतिथियों को काशी की समृद्ध विरासत, कला, संस्कृति और अध्यात्म से रू-ब-रू कराने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किए गए हैं।

## श्रद्धालु नंगे पांव निकले काशी की अंतरगृही परिक्रमा पर

**वाराणसी।** मार्गशीर्ष (अगहन) मास की पूर्णिमा का पावन पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। धार्मिक नगरी काशी में इस अवसर पर अंतरगृही यात्रा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु मणिकर्णिका घाट से संकल्प लेकर नाव और पैदल रास्ते से अस्सी घाट पहुंचे। वहां से ए श्रद्धालु जगन्नाथ मंदिर, पुष्कर तालाब, रामानुज कोट, संकट मोचन, साकेत नगर, बजरडीहा, मडुआडीह, कैंट, नदेसर, चौकाघाट, शैलपुत्री, आदिकेशव घाट होते हुए पुनघ मणिकर्णिका घाट लौटकर संकल्प मुक्त करते हैं और बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के साथ अपनी यात्रा पूर्ण करते हैं। 'हर-हर महादेव, शंभू काशी विश्वनाथ गंगे' का जयघोष करते हुए अंतरगृही यात्रा निकल रही है। सिर पर बोरा, हाथ में झोला लिए सैकड़ों श्रद्धालु नंगे पांव काशी की यह परिक्रमा कर रहे हैं। अंतरगृही यात्रा के संयोजक उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि काशी में मुख्य रूप से दो प्रकार की परिक्रमा प्रचलित हैं। पहली पंचकोशी यात्रा जो पांच दिनों में काशी के बाहर-बाहर पूरी की जाती है और दूसरी अंतरगृही यात्रा जो शहर के भीतर ही संपन्न होती है। समाजसेवी रामयश मिश्र ने कहा कि अंतरगृही यात्रा में शामिल लोगों को देखकर लगता है।

# जालौन में पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के उरई कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को घायल हालत में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि 30 नवम्बर को कोतवाली उरई क्षेत्र के मोहल्ला तुफैलपूर्वा इन्द्रानगर में अनुज अपने साथियों के साथ बैठा था। इसी दौरान सत्तू उर्फ सतेन्द्र, विक्रम राजपूत, गोलू और गौरव राजपूत ने पुरानी रंजिश में अनुज से विवाद कर उस पर जानलेवा फायर कर दिया, जिससे वह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में कोतवाली उरई में धारा 109, 352, 115(2) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी द्वारा तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया।

तीन दिसम्बरको कोतवाली उरई पुलिस व सर्विलांस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य अभियुक्त सतेन्द्र उर्फ सत्तू अपने साथी गोलू के साथ करमेर रोड से उरई की ओर आ रहा है। पुलिस टीम ने चेकिग अभियान चलाकर बाइक सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायरिग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में नियंत्रित जवाबी फायरिग की, जिसमें दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पूछताछ में घायल बदमाशों ने अपने नाम सतेन्द्र उर्फ सत्तू तथा राघवेन्द्र उर्फ गोलू राजपूत बताया। दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 02 तमंचा -315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

# गांजा बेचने वाले दो तस्कर गिरफ्तार





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के दो थानों की पुलिस ने आज दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए कीमत का मादक पदार्थ बरामद किया है। ये बदमाश काफी दिनों से अवैध रूप से गांजा को पश्चिम बंगाल व अन्य जगहों से लाकर एनसीआर क्षेत्र में बेचने का काम कर रहे थे। थाना थाना फेस-वन पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 64 किलोग्राम गोल्डन मिर्ची गांजा तथा दूसरे से दस किलो गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 25 से 30 लाख रुपए बताई जा रही है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना फेस-वन पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से पश्चिम बंगाल राज्य से ट्रेन द्वारा अवैध गांजा की तस्करी एनसीआर-दिल्ली क्षेत्र में करने वाला अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर निताई सरकार उर्फ चूपा पुत्र केस्टोलाल सरकार को झुण्डपुरा बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से 64 किलोग्राम अवैध गांजा (गोल्डन मिर्ची) बरामद किया है। बरामद अवैध गांजे की अनुमानित कीमत करीब 15 से 20 लाख रुपये है।

डीसीपी ने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह गांजा पश्चिम बंगाल से ट्रेन में पांच किलोग्राम से छह किलोग्राम के छोटे-छोटे पैकेट की पैंकिग कर ट्रेन के अलग-अलग बोगियों में रखकर लाता है तथा दिल्ली आकर ट्रेन से उतार लेता है। वह पश्चिम बंगाल से बडी मात्रा में विशेष किस्म का गोल्डन मिर्ची गांजा लाकर दिल्ली में पूर्व में चुराई गयी ई-रिक्शा में रखकर फुटकर विक्रेताओं को सप्लाई कर मुनाफा कमाता है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त वर्ष 2019 में अपनी पत्नी के साथ 17 किलोग्राम गांजा की तस्करी करते हुए थाना सेक्टर-39 क्षेत्र से पकड़ा गया था। अभियुक्त करीब आठ साल से अवैध गांजा की तस्करी कर रहा है, जिसके विरूद्ध दिल्ली व एनसीआर के थानों में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।

वहीं थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा पकडे गए दूसरे अभियुक्त के बारे में जानकारी देते हु डीसीपी ने बताया कि थाना नोएडा पुलिस एक सूचना के आधार पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला एक अभियुक्त मौहम्मद इमरान उर्फ शाहरूख उर्फ मुराद उर्फ दिल्ला पुत्र साहबुद्दीन को गंदे नाले की पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से दस किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह कम दामों में गांजा खरीदकर लाता है तथा आस-पास के क्षेत्र में अधिक दाम में बेचकर मुनाफा कमाता है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के गांजा स्त्रोत के संबंध में जानकारी की जा रही है।

# दोस्तों ने किया चार दिन से लापता मनीष का कत्ल, फिर नहर में फेंकी डेड बॉडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** दनकौर क्षेत्र के अस्तौली गांव के रहने वाले दो दोस्त व पतलाखेड़ा गांव का रहने वाला तीसरा दोस्त शनिवार से लापता हुए थे, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। पूछताछ के लिए पुलिस कई लोगों को हिरासत में ले चुकी है।

बुधवार को दो लापता दोस्तों को भी पुलिस ने तलाश लिया और सख्ती से पूछताछ की। पुलिस को पूछताछ में दोनों दोस्तों ने तीसरे दोस्त की हत्या की बात स्वीकारी है, जिसके शव को खेरली नहर में फेंका जाना बताया गया है। बृहस्पतिवार को पुलिस एसडीआरएफ की टीम के साथ नहर में शव की तलाश करेगी।

अस्तौली गांव के रहने वाले नारायण सिंह ने सोमवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनका बेटा मनीष अपने गांव निवासी एक दोस्त और पतलाखेड़ा निवासी अन्य दोस्त के साथ पिछले शनिवार की सुबह घर से कार लेकर गया था, जो लौटा नहीं। सभी संभावित स्थानों पर उसकी तलाश करने के बावजूद भी सुराग नहीं लग सका।

पीड़ित परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही पुलिस की दो टीमें मामले की जांच करते हुए तीनों लोगों की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को पुलिस ने दो दोस्तों हिरासत में ले लिया और सख्ती से पूछताछ की गई।

बताया जाता है कि दोनों आरोपित दोस्तों ने मनीष की हत्या की बात करते हुए शव को खेरली नहर में फेंकने की बात स्वीकार की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मनीष की हत्या कर शव को खेरली नहर में फेंके जाने की आशंका के चलते शव को तलाशा जाएगा।

# दस पुलिस कर्मी सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के प्रमुख स्थानों पर तैनात किए गए पुलिसकर्मी अचानक निरीक्षण में गैरमौजूद मिले। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर रात दो बार किए निरीक्षण गैरमौजूद मिले दस पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। डायल-112 के प्रभारी निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया है।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कमिश्नरेट क्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्तर से निगरानी तंत्र बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में कमिश्नरेट की सीमाओं एवं सभी प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए आवश्यकता के अनुसार पीआरवी वाहनों की ड्यूटी लगाई गई है।

सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने व जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की निगरानी करने के लिए मंगलवार रात दो बार अचानक निरीक्षण कराया गया।

**दो बार किया गया अचानक निरीक्षण:** पहला अचानक निरीक्षण रात आठ बजे कराया गया। इस दौरान कुल चार वाहनों में से महज एक वाहन पर तैनात पुलिसकर्मी ही निर्धारित स्थान पर मिले। तीन वाहन पर तैनात पुलिसकर्मी गैरमौजूद मिले। इसके बाद रात दस बजे दोबारा अचानक निरीक्षण कराया गया। इस दौरान दो पीआरवी वाहन पर तैनात पुलिसकर्मी ही अपने निर्धारित स्थान पर मिले। शेष दो वाहन पर तैनात पुलिसकर्मी गैरमौजूद मिले।

**इन पुलिस कर्मियों को किया सस्पेंड:** पीआरवी वाहनों पर गैरमौजूद मिले पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक रतन सिंह, मुख्य आरक्षी छोटेलाल सिंह, अखलीम अली, सुमित कुमार, आरक्षी राजू कुमार, प्रशांत बालियान, रविंद्र कुमार, कृष्णवीर, गौरव चौधरी और होमगार्ड नवींद्र सिंह हैं।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के समुचित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा द्वारा आज जनपद गौतम बुद्ध नगर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। यह समीक्षा डीएम कैंप कार्यालय, सेक्टर-27 नोएडा स्थित सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें डिप्टी सेक्रेटरी भारत निर्वाचन आयोग अजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा वंदना त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, सभी उप जिलाधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े कार्मिक उपस्थित रहे।



बैठक में वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के समुचित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नये मतदाता पंजीकरण, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं के नाम विलोपन, स्थानांतरण प्रविष्टियों के सत्यापन तथा बूथ स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने कहा जिन विधानसभाओं में निर्वाचन कार्य धीमी गति से हो रहा है वहां तेजी लाने हेतु सकारात्मक कार्य किये जाएं, जिससे सभी विधानसभाओं में निर्धारित समय के अन्तर्गत में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 का कार्य संपन्न हो सके, इसके साथ ही डाटा मैपिंग करते समय या उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजते हुए प्रत्येक बिंदु का पुनरावलोकन किया जाएं, जिससे कि रिपोर्ट में त्रुटि न रहे। कार्य करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी बीएलओ निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन कार्य सुनिश्चित करें। युवाओं एवं प्रथम बार मतदान करने वाले पात्र नागरिकों के पंजीकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही, विलंब या त्रुटि पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### मार्क अस्पताल मामले में स्वास्थ्य और बिजली विभाग की जांच पूरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-66 स्थित मार्क अस्पताल में ऑक्सीजन पाइपलाइन फटने के मामले में स्वास्थ्य और बिजली विभाग की जांच पूरी हो गई है। दोनों ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट आनी बाकी है। लिहाजा अस्पताल की जांच की पूरी रिपोर्ट एक हफ्ते के बाद ही डीएम को भेजी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने इसके लिए एक हफ्ते का समय मांगा है। एक महीने पहले अस्पताल में दो दिन लगातार ऑक्सीजन की पाइपलाइन फटी थी, जिसके बाद सीएमओ ने अस्पताल को सील कर दिया था। मामले की जांच के लिए बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी। स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग से संबंधित जांच पूरी हो गई है। अग्निशमन विभाग से संबंधित जांच होनी है। अस्पताल की ऑक्सीजन गैस पाइपलाइन फटने के बाद अस्पताल के प्रबंध निदेशक किसी निजी कार्य में थे। लिहाजा मामले की जांच टीम से अग्निशमन से संबंधित उपकरणों की ऑडिट के लिए एक हफ्ते का और समय मांगा है। स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम के प्रमुख डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से एक हफ्ते का और समय मांगा गया है। जांच के दौरान अस्पताल के प्रमुख का होना जरूरी है। लिहाजा एक हफ्ते के बाद जांच पूरी कर ली जाएगी। रिपोर्ट डीएम को सौंप दी जाएगी।

### तीन स्कूलों में खेल सुविधाओं का औचक निरीक्षण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला खेल कार्यालय गौतमबुद्ध नगर की ओर से बृहस्पतिवार को शहर के तीन स्कूलों में खेल सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया गया। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ. परवेज अली के नेतृत्व में टीम ने बाल भारती पब्लिक स्कूल, विश्व भारती पब्लिक स्कूल और डीपीएस स्कूल सेक्टर-30 में मैदानों और खेल उपकरणों की स्थिति की विस्तृत जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकांश ग्राउंड के पोल और अन्य सुविधाएं मानकों के अनुरूप पाई गईं। बाल भारती और डीपीएस स्कूल में खेल मैदानों की स्थिति संतोषजनक रही। पोल, नेट और अन्य उपकरण सुरक्षित और निर्धारित मानकों के तहत ठीक पाए गए। हालांकि, विश्व भारती पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में पोल पर जंग मिलने की शिकायत दर्ज की गई। जंग लगे पोल को देखते हुए टीम ने तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। स्कूल प्रबंधन को पोल पर पेंट कराने और समय-समय पर मेंटेनेंस सुनिश्चित करने के लिए कहा गया, ताकि छात्रों के लिए खेल के दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा समस्या न उत्पन्न हो। मौके पर डॉ. परवेज अली ने कहा कि जिले में खेल सुविधाओं की गुणवत्ता को बनाए रखना प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे आकस्मिक निरीक्षण जारी रहेंगे।

### पथिक स्टेडियम में सुविधाओं को और बेहतर करने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी कर विशेषज्ञ कंपनियों से सुविधाओं को बेहतर करने के लिए सुझाव मांगे हैं। साथ ही क्रिकेट सहित प्रत्येक खेल मैदान का तकनीकी मूल्यांकन कराया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव के लिए निजी क्षेत्र की मदद भी ली जा सकती है। दरअसल, ग्रेनो प्राधिकरण द्वारा 38 एकड़ में विकसित किए गए शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में क्रिकेट, मुक्केबाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बॉस्केटबॉल, स्केटिंग, फुटबॉल व स्विमिंग आदि खेलों की सुविधाएं मौजूद हैं। बेहतर ढांचागत संसाधन के बाद भी जिले के खिलाड़ियों को इसका ज्यादा फायदा नहीं मिल पा रहा है। प्रशिक्षण के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने मौजूदा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक ने बताया कि खेल परिसर को और अधिक उपयोगी कैसे बनाया जा सके,इसके लिए रुचि की अभिव्यक्ति जारी प्रस्ताव मांगे गए हैं। अच्छा प्रस्ताव मिलने पर उसे धरातल पर उतारा जाएगा। विशेषज्ञों से सुझाव भी लिया जाएगा। चयनित संचालक को खेल अकादमी स्थापित करने और अन्य लाभकारी गतिविधियों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता होगी। लंबे समय के लिए स्टेडियम के रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। होनहारों के प्रशिक्षण की विशेष व्यवस्था होगी। निजी क्षेत्र को सौंपी जा सकती है जिम्मेदारी प्राधिकरण के मुताबिक खेल परिसर के संचालन और रखरखाव में निजी क्षेत्र की मदद ली जा सकती है। खेलों के लिए प्रशिक्षक की नियुक्ति किए जाने की तैयारी भी चल रही है।

# सेक्टर-आठ में कल से गुलदाउदी की प्रदर्शनी लगेगी

**नोएडा।** सेक्टर-8 स्थित नर्सरी में छह और सात दिसंबर को गुलदाउदी की प्रदर्शनी लगेगी। नोएडा प्राधिकरण और फ्लोरिकल्चर सोसाइटी की ओर से इसका आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रवेश निशुल्क होगा। इस प्रदर्शनी में दिल्ली, नोएडा और आसपास के औद्योगिक और शिक्षण संस्थानों भाग लेंगे। इसके अलावा आवासीय कॉलोनियों के भी प्रतिभागी भी पुष्प पेश करेंगे। इस बार उत्सव को और भी आकर्षित बनाने के लिए फॉलिएज, कोलियस, फर्न और गुलाब को भी शामिल किया गया।

# गेलेक्टिक सिटी बिल्डर्स, निदेशकों पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कोर्ट के आदेश पर ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस ने गेलेक्टिक सिटी बिल्डर्स के छह डायरेक्टर्स समेत आठ लोगों के खिलाफ 17.11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

एग्रीमार्ट केमिकल्स इंडिया लिमिटेड के पीड़ित डायरेक्टर ने भवन बिक्री के नाम पर रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपितों से जानमाल के खतरे की आशंका जताते हुए पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है।।सेक्टर स्वर्ण नगरी निवासी सहदेव एग्रीमार्ट केमिकल्स इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। वह किराए पर फैक्ट्री के लिए कार्यालय लेने के संबंध में नॉलेज पार्क पांच स्थित गेलेक्टिक सिटी कंपनी के डायरेक्टर रामवीर सिंह से मुलाकात करने पहुंचे थे।

**कर्मियों में झांसे में आकर कराई बुकिंग:** उनकी मुलाकात फैक्ट्री के कर्मी रमन नागर व अंकित कुमार से हुई। उन्होंने कार्यालय के लिए निर्माणाधीन भवन दिखाया।

कर्मियों ने प्रोजेक्ट में निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने व निर्माण चार माह में पूरा होने का आश्वासन दिया। आरोप है कि कर्मियों के झांसे में आकर उन्होंने 500 स्क्वायर फिट का एरिया बुक करा 21 हजार रुपये बुकिंग शुल्क जमा कर दिया। बिल्डर ने भवन का 29.75 लाख में सौदा तय किया। एग्रीमेंट के कागजात तैयार कराए।

**चेक और नगद के जरिए दे डाले 17.11 लाख रुपये:** पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में चेक व नगदी समेत 17.11 लाख रुपए बिल्डर को अदा कर दिए। बाकी की राशि बैनामा के समय देने की बात तय हुई। करीब चार माह बाद सहदेव निर्माण स्थल पर पहुंचा तो वहां कोई काम पूरा नहीं मिला। रमन व अंकित से बात की तो एक माह में पूरा होने की बात बोल कर टाल मटोल करते रहे।

पीड़ित परेशान होकर 21 जून 2025 को बिल्डर के कार्यालय पहुंचा। वहां फैक्ट्री के डायरेक्टर्स रामवीर सिंह, अक्षित पोद्दार, सिद्धार्थ जैन, ऋषभ जैन, अभिनव कुमार जैन, पवन जैन और कर्मी रमन और अंकित मिले। पीड़ित ने तय समय में निर्माण पूरा नहीं होने के चलते दी गई धनराशि वापस मांगी।

**पैसे वापस मांगे तो की मारपीट:** पीड़ित का आरोप है कि फैक्ट्री के डायरेक्टर्स व कर्मचारियों ने रुपए लौटाने से मना करते हुए गाली गलौज व मारपीट की।

दोबारा रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। परेशान पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया डायरेक्टर्स व आरोपित कर्मचारियों पर मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मासूमों को नाले में फेंका, डिलीवरी ब्वॉय ने बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-142 कोतवाली क्षेत्र में एक सौतेले पिता द्वारा दो मासूम बच्चों को नाले में फेंककर मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। समय रहते दो डिलीवरी ब्वॉय ने बच्चों की जान बचाई है। पुलिस ने मामले में आरोपी सौतेले पिता पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

तहरीर के अनुसार सोमवीर सिंह और उनका साथी दीनवंदू दोनों जेप्टो में कार्यरत हैं। दो दिसंबर की रात करीब नौ बजे दोनों डिलीवरी खत्म कर चौहान मार्केट तिराहे पारस टिएरा सोसाइटी सेक्टर-137 के पास से गुजर रहे थे। तभी नाले की दिशा से बच्चों के रोने और मदद के लिए चिल्लाने की आवाज आई। आवाज सुनते ही दोनों युवक तुरंत नाले की ओर भागे।

मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि दो छोटे बच्चे नाले के गंदे पानी और दलदल में बुरी तरह फंसे हुए थे और खुद को बाहर निकालने की स्थिति में नहीं थे। सोमवीर और दीनवंदू ने बिना देर किए नाले में उतरकर एक चार साल की बच्ची और एक ढाई साल के बच्चे को बाहर निकाला। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनके पिता आशीष ने उन्हें नाले में फेंका है। इससे वह हैरान रह गए। बाद में पता चला कि आरोपी आशिष दोनों बच्चों का सौतेला पिता है और उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहता था। इसी कारण उसने बच्चों को जान से मारने की नीयत से नाले में धक्का दे दिया।

दोनों बच्चों को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को निगरानी में रखा है। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने मामले में सोमवीर सिंह की शिकायत पर बीएनएस की धारा-109 (1) बीएनएस की धारा-93 (12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की देखभाल करने वाले अभिभावकों द्वारा त्याग करने) की धाराओं में केस दर्ज किया है।

**पहले पति से हुए बच्चों को पसंद नहीं करता आरोपी:** कोतवाली पुलिस का कहना है कि जांच में पता चला है कि महिला का पहले पति से झगड़ा होता था। वह महिला से मारपीट करता था। इस कारण महिला ने पहले पति को छोड़ा था। महिला के पहले पति से वर्तमान में एक चार साल की लड़की और ढाई साल का पुत्र है। महिला वर्तमान में गृहणी है और नौकरी की तलाश कर रही है। महिला और आरोपी दोनों ही कानपुर के रहने वाले हैं।

गांव में रहने के दौरान महिला आरोपी के संपर्क में आई थी। महिला अपने पति को छोड़कर दोनों बच्चों के साथ आरोपी के साथ किराये के मकान में रह रही है। वर्तमान में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वाले एक आरोपी के साथ शादी कर पिछले एक साल शाहदरा से रह रही है। आरोपी पहले पति से हुए दोनों बच्चों को साथ नहीं रखना चाहता था। इसी कारण उसने दोनों बच्चों की हत्या की साजिश रही। आरोपी बुधवार रात को अपनी पत्नी को मंगल बाजार में टैटू बनवाने के बहाने ले गया था। इस दौरान पत्नी जब टैटू बनवाने लगी तो आरोपी ने पत्नी से कहा कि उसके सिक्योरिटी इंचार्ज का फोन आ रहा। उसने अत्यंत आवश्यक काम से बुलाया है, इसलिए वह जा रहा है।

इसके बाद आरोपी सीधा घर पहुंचता और दोनों बच्चों को साथ लेता है। दोनों बच्चों को साथ ले जाने के बाद वह घर से कुछ ही दूरी पर स्थित करीब दस फीट गहरे नाले में फेंक देता है। नाले में पानी कम रहने के साथ कीचड़ का मलबा होने के कारण दोनों बच्चे दलदल में फंस जाते हैं। वहीं आरोपी मौके से फरार हो जाता है।

# हनीट्रैप में फंसाकर किसान से साढ़े पांच लाख ठगे, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कासना कोतवाली पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह का खुलासा कर दो सगी बहनों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक लाख 90 हजार रुपये नगद बरामद हुए। आरोपियों ने किसान को फंसाकर साढ़े पांच लाख रुपये ठगे थे। पुलिस के मुताबिक खेड़ी भनोता गांव के रहने वाले किसान विकल सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़ित के अनुसार कुछ दिन पहले उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उधर से एक लड़की बोल रही थी। उसने अपनी फंसाकर प्रेम का इजहार किया। पीड़ित के अनुसार जो लड़की बात कर रही थी, उसकी सहेली बनकर एक अन्य लड़की भी उससे बात करने लगी।

दोनों लड़कियों का नाम विनिशा और खुशी है। पीड़ित के अनुसार दोनों ने उनको प्रेम जाल में फंसाया तथा धीरे-धीरे करके ऑनलाइन उनसे अपने खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

इसके बाद शादी का झांसा दिया और शादी से पहले गोवा घूमने चलने की बात कही। इसके लिए पीड़ित को कासना स्थित एक पार्क में पांच लाख रुपये लेकर आने के लिए कहा। पीड़ित रुपये लेकर पहुंचा तो आरोपी लड़कियों के दो साथी मौके पर पहुंचे और युवक से पांच लाख रुपये छीन लिए। इसके बाद उसे धमकाया की यह बात किसी को बताई तो उसके स्क्रीनशॉट और वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़ित ने किसी तरह घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी विनिशा, खुशी और दीपांशु को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि विनीशा और खुशी दोनों सगी बहनें हैं और कासना में रहती हैं। दीपांशु इनका दोस्त है।

# जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में आगामी 13 दिसंबर को जनपद मुख्यालय, दीवानी न्यायालय एवं सभी तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन प्रस्तावित है। इस लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, दीवानी वाद, एम०वी० एक्ट एवं ई-चालान वाद, आर्बिट्रेशन मामले, लघु शमनीय अपराध, धारा 138 एनआई एक्ट के वाद, विद्युत अधिनियम के वाद, भू-राजस्व, सेवा संबंधित और पेंशन के मामले, तथा प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, विद्युत एवं बीएसएनएल बिल सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सुलह-सहमति के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित कराने हेतु जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आज न्यायालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आम नागरिकों को सरल, सहज एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत का लगातार आयोजन किया जा रहा है। अतः सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित वादों का पूर्व चिन्हांकन कर समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि 13 दिसंबर को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके और नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके।

# सीईओ ने किया सेक्टरों में बने फ्लैटों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम ने गुरुवार को को सेक्टर-27, 93, 110 व 66 में प्राधिकरण द्वारा निर्मित श्रेणीवार फ्लैटों व भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान भवनों की स्थिति खराब मिलने पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए जल्द सुधार के निर्देश दिए। उनके साथ ओएसडी, विशेष कार्य अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने सेक्टर-27 व 93 में बने विभिन्न श्रेणियों के फ्लैटों, वहीं सेक्टर-93, 110 व 66 में बनाए गए श्रमिक कुंज भवनों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। कई भवन पूर्व में आवंटित किए जा चुके हैं, लेकिन लंबे समय से इनकी मरम्मत नहीं होने से हालात जर्जर दिखे।



सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी भवनों का विस्तृत ऑडिट कर Redevelopment Policy के तहत इन्हें दोबारा विकसित करने की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। उन्होंने इस संबंध में समिति गठित कर एक माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

साथ ही, यह भी कहा गया कि प्राधिकरण द्वारा निर्मित सभी पुराने भवनों का परीक्षण कर उनकी मरम्मत, पुनर्विकास या आवश्यकतानुसार ध्वस्तीकरण पर स्पष्ट योजना तैयार की जाए, ताकि निवासियों को सुरक्षित और बेहतर आवास उपलब्ध कराया जा सके।

# दनकौर में संदिग्ध अवस्था में मिला शव, आंखों के पास चोट के निशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे के मुख्य बाजार में गुरुवार सुबह एक दुकान के बाहर संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने पाया कि मृतक की आंखों के पास चोट के स्पष्ट निशान थे, जिससे अनहोनी की आशंका जताई जा रही है।

मृतक की पहचान दनकौर निवासी राजू के रूप में हुई है, जो क्षेत्र में मजदूरी करता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजू को बुधवार देर शाम तक काम करते देखा गया था। हालांकि, देर रात उसके साथ क्या हुआ, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। सुबह बाजार खुलने पर दुकान के बाहर उसका शव मिलने से लोगों में दहशत फैल गई।

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# योगी सरकार ने दी बरेली को बड़ी सौगात

- दो साल में शुद्ध पेयजल से नहीं रहेगा कोई वंचित
- बरेली के 76 हजार से ज्यादा घरों में मिलेगा पीने का शुद्ध जल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शहर की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए योगी सरकार ने बरेली को बड़ी राहत दी है। अमृत 2.0 परियोजना के तहत शहर के 76,465 घरों तक पहली बार पाइपलाइन आधारित शुद्ध पेयजल पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई है। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि शहरी जल निगम ने टेंडर प्रक्रिया को तेज कर दिया है और प्रशासन का लक्ष्य है कि यह परियोजना आगामी दो वर्षों में पूरी कर ली जाए।

डीएम ने बताया कि शहर के लगभग 40 से अधिक वार्ड ऐसे हैं जहां वर्षों से जलापूर्ति आंशिक रूप से बाधित रही है। इसके समाधान के लिए वर्ष 2022-23 में विस्तृत सर्वे कराया गया था, जिसमें पाया गया कि अभी भी कई कॉलोनियों और मोहल्लों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध



नहीं है। इसी आधार पर 270 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की गई, जिसे संशोधित कर 265 करोड़ रुपये की लागत के साथ कैबिनेट को भेजा गया था। अमृत 2.0 के पहले चरण में 19 नए ओवरहेड टैंक, 37 नलकूप, 302 किलोमीटर वितरण पाइपलाइन और 19.47 किमी राइजिंग मेन का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा 76,465 नए घरेलू जल कनेक्शन दिए जाएंगे और जल स्तर को स्थायी रूप से मजबूत करने के लिए ग्राउंड वाटर रिचार्ज संरचनाएं भी विकसित की जाएंगी। परियोजना पूरी होने के बाद शहर में पेयजल संतृप्तीकरण 51 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार शहर के 80 वार्डों में से 34 पूर्णतः असंतृप्त और 21 आंशिक असंतृप्त वार्ड पहली बार नियमित जलापूर्ति से जुड़ सकेंगे। शहर की 11.44 लाख अनुमानित आबादी के मुक. ाबले फिलहाल केवल 93,194 घरों में ही जल कनेक्शन उपलब्ध हैं, यानी लगभग आधी आबादी पाइपलाइन आधारित जल व्यवस्था से वंचित है। इसी कमी को पूरा करने के लिए 76,465 नए कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। नए कनेक्शन पर 130 रुपये मासिक टैरिफ प्रस्तावित किया गया है, जिसे वर्ष 2026-27 में 135 रुपये और आगे 2040 तथा 2055 तक चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाएगा।

डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि यह परियोजना बरेली के लिए ऐतिहासिक सौगात साबित होगी। उन्होंने बताया कि असंतृप्त क्षेत्रों में जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कर कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि शहर के हजारों परिवारों को वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या से स्थायी राहत मिल सके। उन्होंने विश्वास जताया कि दो साल के भीतर बरेली का कोई भी घर शुद्ध पेयजल से वंचित नहीं रहेगा।

# अवैध बांग्लादेशी-रोहिंग्या की पहचान को अभियान शुरू

- बिना दस्तावेज वाले विदेशी नागरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में और एसएसपी अनुराग आर्य की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक हुई। इस बैठक में कानून व्यवस्था तथा अवैध बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अन्य विदेशी नागरिकों के चिन्हांकन पर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार ने रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है। इसके तहत सभी जनपदों में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में संबंधित अधिकारियों के साथ यह आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि अभियान के पहले चरण में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने के लिए स्थानों का चयन किया जाना है। सभी संबंधित अधिकारियों को इसके लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। चिन्हित किए गए लोगों की सूचियां संबंधित मंडलायुक्तों और पुलिस महानि. रीक्षकों (आईजी) को जांच के लिए भेजी जाएंगी। मंडलायुक्त और आईजी सत्यापन प्रक्रिया के दौरान इन लोगों को रखने के लिए समर्पित डिटेंशन सेंटर स्थापित करेंगे। प्रत्येक जिले में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाएंगे, जहां सत्यापन पूरा होने तक ऐसे व्यक्तियों को रखा जाएगा। डीएम ने बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सामंजस्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देश के बाहर से आए और भारतीय नागरिक न होने वाले हर व्यक्ति की जांच की जाए। संदिग्ध पाए जाने पर उनकी पहचान और जांच सुनिश्चित की जाए। यदि जनपद में अवैध आप्रवासी पाए जाते हैं, तो उन्हें आवश्यक सत्यापन पूरा होने तक डिटेंशन सेंटरों में रखा जाएगा। सत्यापन के बाद, निर्धारित प्रक्रिया के तहत उन्हें उनके मूल देशों में वापस भेजा जाएगा।




एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि बिना दस्तावेज वाले विदेशी नागरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। इसी खतरे को देखते हुए अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों की पहचान के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अन्य सभी विदेशी नागरिकों का भी सत्यापन किया जाएगा कि वे किस आधार पर भारत में रह रहे हैं। एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जारी होने वाले प्रमाण पत्रों की गंभीरता से छानबीन की जाए। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होता है, तो उसकी मूल निवास स्थान की विस्तृत जानकारी मांगी जाए। विशेष रूप से, यदि कोई व्यक्ति पश्चिम बंगाल या बिहार का पता बताता है, तो उसका सत्यापन करना अनिवार्य होगा। मकान मालिकों को भी अपने किरायेदारों और घरेलू नौकरों के बारे में व्यापक जानकारी जुटाने और उनकी जांच करने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही, विश्वविद्यालयों और मदरसों में रह रहे विदेशी छात्रों की भी जांच की जाएगी।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक क्राइम, समस्त उप जिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर निकाय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

# नाबालिग की जबरन मांग भरने और शारीरिक शोषण करने के दो आरोपी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** नाबालिग किशोरी की मांग में चाकू की नोक पर सिन्दूर भरकर जबरन विवाह रचा कर शारीरिक शोषण करने के मामले मे पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीसरे आरोपी को तलाश कर पुलिस जल्द जेल भेजेगी।



ज्ञात हो कि शीशगढ़ थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग लड़की को दीपावली पर उसकी बुआ बुलाकर अपने घर ले गई थी। किशोरी का आरोप था कि फुफेरे भाई ने चाकू की नोक पर जबरन उसकी मांग में सिन्दूर भरकर अनचाही शादी रचाकर शारीरिक शोषण शुरू कर दिया था, जिसमें बुआ ने भी अपने बेटे का साथ दिया था। किशोरी का आरोप यह भी था कि उसके फूफा ने भी उसके साथ गन्दा काम किया। मामले की जानकारी होने पर नाबालिग की मां ने शीशगढ़ थाने में नन्द, नन्दोई व भांजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने करन व मुनिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# अग्निवीर योजना में भर्ती हुए फौजी का गांव आने पर जोरदार स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** इंडियन आर्मी की अग्निवीर योजना के अंतर्गत भर्ती हुए गांव लखा निवासी अजय कुमार पुत्र सोम पाल शर्मा जबलपूर मध्यप्रदेश में नौ माह का प्रशिक्षण पूरा कर गुरुवार को गांव लौटे। उनके आने की खुशी में उनके स्वजनों व ग्रामीणों ने लखा पुलिया पर फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। अब अजय कुमार को देहरादून में नियुक्ति मिली है। पिता सोमपाल शर्मा व माता छत्रवती अपने बेटे को आर्मी की बर्दी में देख खुशी के मारे झूम उठी और भाजपा सरकार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महेंद्र हिन्दू, वेद प्रकाश, ओम प्रकाश शर्मा, चुन्नी लाल आदि मौजूद रहे।

# कोडीन सिरप की अवैध बिक्री पर लाइसेंस निरस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** गुरुवार को कोडीन युक्त कफ सीरप की अवैध बिक्री के आरोप में एक्ट्रीम हेल्थ सोल्यूशन फर्म का थोक औषधि विक्रय लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

मेसर्स- एक्ट्रीम हेल्थ सोल्यूशन, एस बी मार्केट, नैनीताल रोड, बरेली के फर्म स्वामी पर कोडीन युक्त कफ सीरप का अवैध क्रय-विक्रय करने का आरोप था। औषधि अनुज्ञापन अधिकारी (विक्रय)/सहायक आयुक्त औषधि, बरेली मंडल, बरेली ने यह लाइसेंस निरस्त किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोडीन सीरप की अवैध बिक्री के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। पिछले कुछ समय से औषधि निरीक्षक की टीम संदिग्ध लोगों के रिकॉर्ड खंगाल रही है। औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन कर अवैध दवा व्यापार करने वाली फर्मों के लाइसेंस निलंबन या निरस्तीकरण की नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

# कान्हा गौशाला का विधायक ने किया उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** गुरुवार को ग्राम चिटोली स्थित नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी की कान्हा गौशाला का मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद जनप्रतिनिधियों ने गौशाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पशुओं के लिए भूसा, चना, मिठाई और अन्य खाद्य सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। गौशाला में पशुओं के लिए पानी, साफ-सफाई और रहने की सुविधाओं को भी संतोषजनक बताया गया।

मीरगंज विधायक डॉ. वर्मा ने बताया कि फिलहाल गौशाला में 85 पशु मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कस्बे में इधर-उधर घूमने वाले बीमार या बेसहारा पशुओं को भी यहां शिफ्ट कराया जाएगा जिससे उन्हें सुरक्षित आश्रय और उचित देखभाल मिल सके।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष इमराना बेगम, अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर, विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान, ओवेन्द्र चौहान, गौरव मिश्रा, बब्लू गंगवार, मंजू कोरी, सचिन चौहान, अबोध सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, प्रेम कोरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक चला रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** चेकिंग कर रहे पुलिस ने चोरी की बाइक चला रहे तीन युवकों को बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाली के उप निरीक्षक पवन कुमार शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी की बाइक को बेचने की फिराक में हैं, सूचना मिलने पर उप निरीक्षक पवन कुमार शर्मा ने पुलिस टीम के साथ ग्राम इनायतापुर चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की, जिसमें उन्हें एक बाइक पर तीन युवक आते मिले, उन्हें रोककर जब बाइक के कागज मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन्होंने सस्ते में यह बाइक खरीदी थी। पुलिस ने बाइक की डिटेल खंगाली तो पता चला कि यह बाइक दस साल पहले उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंहनगर से चोरी की गई थी, जिसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज है। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने अपने नाम सहवाज पुत्र वुनदन बाकरगंज थाना जहानाबाद पीलीभीत, यूसुफ पुत्र नवी अहमद भानडाण्डी जहानाबाद पीलीभीत, एजाज अली पुत्र अशफाक अली इटुआ भोजीपुरा बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

# हाफिजगंज में ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर, महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** गुरुवार को हाफिजगंज में एस दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। जबकि उनके पति घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

नवाबगंज के रहने वाले अब्दुल अलीम ने बताया कि वह अपनी पत्नी साजदा बेगम 55 वर्ष के साथ स्कूटी से बरेली जा रहे थे। जब वे हाफिजगंज बाईपास पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि साजदा बेगम रोड पर गिर गईं, और ट्रक का पहिया उनके सिर से उतर गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अब्दुल अलीम घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हाफिजगंज पुलिस मौके पर पहुंची, और ट्रक को घेराबंदी कर हाफिजगंज पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिया। हालांकि ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने महिला के शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भिजवा दिया।

थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, और रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद से उनके परिवार में कोहराम मच गया है।

# जिन्दा को मृत दिखाकर मतदाता सूची से काट दिया गया नाम

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** एक बुजुर्ग को कागजों में मृत घोषित कर उसका मतदाता सूची से नाम काट दिया गया। मतदाता सूची से नाम कटने पर बुजुर्ग के होश उड़ गए। इस मामले में बुजुर्ग के पुत्र ने मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से कर वोट दोबारा बनवाने की मांग की है।

तहसील बहेड़ी के ग्राम विहारीपुर निवासी सलीम पुत्र मो. बारी का कहना है कि उसके पिता सरफुद्दीन को बीएलओ ने कागजों मे मृत घोषित कर मतदाता सूची से नाम काट दिया है। बुजुर्ग के पुत्र का कहना है कि भाग संख्या 191, मकान संख्या 714 पर उसके पिता का वोट है, और पिछले लोकसभा चुनाव में उसके पिता ने मतदान भी किया था। बुजुर्ग के पुत्र ने मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से कर पिता का वोट बनवाने और आरोपी बीएलओ पर कार्यवाही की मांग की है।

**पीड़ित के पुत्र ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर की वोट बनवाने की मांग**

# खादी एवं स्वावलम्बन उत्सव में उमड़ी खरीदारों की भीड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** खादी एवं स्वावलम्बन उत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि इस उत्सव में विभिन्न जनपदों और राज्यों की इकाइयों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर बड़ी संख्या में खरीददार आ रहे हैं।

उत्सव में लईक बम्बू केन इंटरप्राइजेज, बरेली, बांस से बने सोफा, 5 सीटर टेबल, कुशन सहित डाइनिंग सेट, गार्डन सेट, मुड़ा सेट, झूले, बच्चों के मुड़ा सेट और बम्बू सोफा सेट जैसे उत्पाद पेश कर रहा है। इसके अतिरिक्त, असम गमला सेट, फ्रूट बास्केट, चाय ट्रे सेट, कश्मीरी बास्केट, फूलों के लिए बास्केट, हैंगिंग झूले और स्टैंड आर्म चेयर जैसे उत्पाद भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।



कश्मीर ड्राई फ्रूट के स्टॉल पर अखरोट, बादाम, अंजीर, किश. मिश, कद्दू-अलसी, शिलाजीत, खजूर और ब्लैकबेरी-क्लाउडबेरी जैसे उत्पाद मिल रहे हैं। इन उत्पादों के विभिन्न स्वास्थ्य लाभ बताए गए हैं, जैसे अखरोट सिरदर्द के लिए, बादाम याददाश्त के लिए, अंजीर पेट की बीमारियों के लिए और किशमिश रक्त शुद्धिकरण के लिए फायदेमंद हैं। कानपुर नवाबगंज के सर्वोसार्थ कलेक्शन के स्टॉल पर मिट्टी से बने प्रेशर कुकर, हांडी, तवा, कपसेट और डिनरसेट सहित 650 से अधिक प्रकार के उत्पाद ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। मिट्टी के प्रेशर कुकर की मांग विशेष रूप से बढ़ी है, जिसे खाना पकाने और खाने के लिए स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जा रहा है।

बुलंदशहर के क्राकरी स्टॉल पर कप प्लेट, डिनर सेट, अचार जार, फुल प्लेट, इलेक्ट्रिक लैंप, बाउल सेट और सभी प्रकार के किचन वियर आइटम बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

# तमंचा व कारतूस सहित दो अभियुक्तों को पकड़ा, जेल भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम के वरिष्ठ उप निरीक्षक सुनील कुमार के द्वारा मय कॉन्स्टेबल के साथ गस्त के दौरान गांव बीसलपुर के पास कुल्ली नदी पर बने पुल पर पहुंचे तो एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा देख उसकी तरफ चले तो उसने भागने की कोशिश की, लेकिन तव तक पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के पूंछने पर उसने अपना नाम शकील निवासी मोहल्ला कंचन कुआं शीशगढ़ बताया।

पुलिस द्वारा जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 315 बोर अवैध तमंचा व एक जिंदा



कारतूस बरामद किया।

उधर दूसरी पुलिस टीम के एस आई राकेश कुमार के द्वारा अपनी टीम के साथ गस्त के दौरान गांव जगत के पास अमरूद की बगिया के पास जीशान मोहल्ला बड़ी मस्जिद शीशगढ़ को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त दोनों अभियुक्त आपराधिक प्रवर्ति के हैं, जिन पर पहले के भी आधा दर्जन मुकदमा दर्ज हैं।

# बरेली में 125 केंद्रों पर 23,803 गौवंश संरक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनमोहन पांडे ने बताया कि जनपद में कुल 23,803 निराश्रित गौवंशों को संरक्षित किया गया है। यह गौवंश 125 स्थायी और अस्थायी गौ संरक्षण केंद्रों, वृहद गौ-संरक्षण केंद्रों, कांजी हाउसों, नगर निगम व नगर पंचायत के कान्हा उपवन और निजी गौशालाओं में रखे गए हैं।

डॉ. पांडे ने यह भी जानकारी दी कि जिन गौशालाओं में उनकी क्षमता से अधिक गौवंश हैं, उन्हें मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना के तहत सुपुर्दगी में देने की प्रक्रिया चल रही है। यह कदम गौशालाओं पर बोझ कम करने और गौवंश के बेहतर संरक्षण के लिए उठाया जा रहा है।

एक विशेष निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान 25 मई 2025 से 02 दिसंबर 2025 तक चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल 719 निराश्रित गौवंशों को विभिन्न गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया गया। सड़कों और खेतों में घूम रहे शेष निराश्रित गौवंशों को पकड़ने के लिए प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। गौवंश संरक्षण के लिए विकास, नगर विकास, पंचायतीराज, गृह, राजस्व और पशुपालन विभागों द्वारा प्रत्येक विकासखंड और नगरीय निकाय में टीमें गठित की गई हैं।

इन टीमों द्वारा बचे हुए निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने के प्रयास जारी हैं। इसके अतिरिक्त, पांच वृहद गौ संरक्षण केंद्र भी निर्माणाधीन हैं, जो भविष्य में और अधिक गौवंश को आश्रय प्रदान करेंगे।

# पुलिस की घेराबंदी में फंसा अपराधी वारदात से पहले ही दबोचा

## मुखबिर की सूचना पर पुलिस की घेराबंदी सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां पुलिस ने गुरुवार को अवैध असलहे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

पुलिस टीम वसुपुरा ढाल मोड़ के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध तमंचे के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और घेराबंदी कर आरोपी को मौके से दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान परवेज खां (28) पुत्र मुस्सबर खां



के रूप में हुई है, जो हाफिजगंज, थाना देवरनियां का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

आरोपी के खिलाफ देवरनियां थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस पूछताछ में परवेज ने बताया कि वह अशिक्षित है और पहले भी गोकशी, चोरी तथा आर्म्स एक्ट जैसे कई मामलों में जेल जा चुका है। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह अपनी सुरक्षा और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की नीयत से तमंचा लेकर चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था, लेकिन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक परवेज पर पहले भी गोहत्या निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता, चोरी, नकबजनी और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल राजीव कुमार और कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल थे।

# बरेली में 894 बूथों का पुनरीक्षण कार्य शत प्रतिशत पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जनपद के 894 बूथों पर शत प्रतिशत पुनरीक्षण कार्य पूरा हो गया है। यह अभियान 01.01.2026 की अर्हता तिथि के आधार पर चलाया जा रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि इसके अतिरिक्त, 2041 बूथों पर 90 प्रतिशत, 2821 बूथों पर 80 प्रतिशत और 3226 बूथों पर 70 प्रतिशत पुनरीक्षण कार्य भी संपन्न हो चुका है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) द्वारा किए गए पुनरीक्षण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी कड़ी मेहनत से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में जिले में लक्ष्य के सापेक्ष अच्छी प्रगति सुनिश्चित हो पाई है।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कर्मियों से शेष कार्यों को भी इसी प्रकार निष्ठा और लगन से पूरा करने का आह्वान किया।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# भारतीय किसान यूनियन भानु ने नहरों की सफाई में भ्रष्टाचार को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**कलेक्ट्रेट परिसर में किया प्रदर्शन, जांच व कार्रवाई की मांग**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन द्धभानुऋ के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र होकर तीन सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिकंदर के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने सिंचाई विभाग द्वारा नहरों और नालों की सफाई में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी व भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। किसानों ने आरोप लगाया कि जनपद में 32 नालों की सफाई कागजों में दिखाकर धन निकाला गया, जबकि मौके पर नाले साफ नहीं मिले। उन्होंने कहा कि इस बार नहरों की सफाई मनरेगा मजदूरों से न कराकर जेसीबी मशीनों से कराई गई, जबकि सूखी नहरों की सफाई मजदूरों से कराना अधिक उचित था, जिससे गरीब मजदूरों को रोजगार मिल सके। यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि सिंचाई विभाग जनहित के विपरीत कार्य कर रहा है। जनपद में सिंचाई विभाग की हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जे हैं। किसानों ने मांग की कि इन कब्जों को हटाकर भूमि गरीब भूमिहीन किसानों को पट्टे पर दी जाए, जिससे वे भी सम्मानपूर्वक किसान कहलाने का अधिकार हासिल कर सकें। किसानों ने विभागीय अधिकारियों के रवैए को षहिटलरशाहीष बताते हुए चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचार और दमनकारी रवैया नहीं बदला गया, तो किले जैसे दफ्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों की जांच कराकर न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से तपन कुमार, नाजिम, फरजंद अली, आबिद अली, हरताल सिंह, बब्बू, जाकिर अली, महेंद्र सिंह, विकास बैरागी, सोनू, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, श्याम मोहन पांडे, लो. केश पांडे, राधेश्याम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रामीण पर चाकू-छुरी हमला करने में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमरौआ।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में लड़की को लेकर रंजिश के चलते एक मजदूर ग्रामीण को साथ मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। जिसके चलते ग्रामीण की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज की कार्रवाई की है। मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के चमरौआ गांव का है। गांव निवासी मुर्तजा पुत्र काली शेर ने थाना पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है। कि उसका बेटा क्षेत्र में ही रंग पुताई का काम करता है। बीते दिन गुरुवार की सुबह उसके पुत्र अरशद के फोन पर फोन आया और कहा कि मोहलिया गांव में रंग का काम होना है। आप आकर देख लो इसके बाद अरशद और उसका एक साथी नजीर मियां काम देखने के लिए घर से निकल पड़े जैसे ही दोनों लोग मोमिनपुर गांव के रोड पर पहुंचे तो मोरिया को जाने वाले रास्ते पर पहले से ही घात लगाए बैठे आरोपी जमशेद पुत्र अफसर अली, अफसर पुत्र अब्बल हुसैन भोट थाना क्षेत्र के खोदपुरा निवासी अपने साथी इरफान के साथ पहले से ही घात लगाए बैठे थे। जैसे ही पीड़ित का बेटा और उसका साथी उनके सामने से गुजरे तो आरोपियों ने प्रार्थी की लड़की की बात रंजिश बताते हुए कहासुनी होने लगी जिसके बाद आरोपियों ने दोनों को रोक कर यह कहते हुए की तेरी शादी है।

हम तुझे मार कर तेरी खुशियां बर्बाद करेंगे और अपने हाथों में लिए छुरी, चाकू, सरिया से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिससे अरशद के चेहरे और शरीर पर चाकू मर कर व गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने आए अरशद के साथी नजीर मियां के भी गंभीर चोटें आ गईं। जानलेवा हमले के दौरान चीखपुकर की आवाज आने पर मौके से गुजर रहे राहगीरों बचाने के लिए दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। राहगीर मुस्तफा अली व अब्दुल कादिर तथा अन्य लोगों ने दौड़कर बचाया। जिसके चलते घायल अवस्था में पड़े अरशद और नजीर मियां को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया साथ ही घटना की जानक. ारी उनके परिजनों को दे दी।

पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर भोट थाना क्षेत्र के खोदपुरा गांव निवासी जमशेद पुत्र असगर अली, असगर अली पुत्र अब्बल हुसैन, अजीमनगर थाना क्षेत्र के कुंडे की मढ़ैयां निवासी इरफान के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज की कार्यवाही की है।

# आईआईए ने एसई विद्युत को औद्योगिक समस्याओं से अवगत कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता विद्युत सतेंद्र कुमार चौहान से बैठक की नवनियुक्त एस ई का रामपुर में स्वागत किया।

मीटिंग में चेयरमैन आई आई ए ने रामपुर के उद्योगों को जो कठिनाइयां विद्युत सबंधी आ रही है उन्हें विस्तार से रखा एवं एक मांग पत्र दिया।

मांग पत्र में बरेली रोड, पनवड़िया, रोशन बाग, अजीतपुर इंदुस्टरियल एरिया, बिलासपुर की इंडस्ट्री को होने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया, पुरानी जरजर लाइन, ट्रिपिंग ,बिल संबंधी समस्याएं रखी। एस ई ने सभी समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना एवम सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मीटिंग में सचिब मनोज गर्ग, व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, निर्यातक एस के गुप्ता, नीरू मेंथोल, जीरो फुट प्रिंट, आदि उद्यमिओं ने भाग लिया।



मीटिंग में उनके कनिष्क अधिकारी भी उपस्थित रहे। आई आई ए के चेयरमैन ष गुप्ता ने नवनियुक्त अधीक्षण अभियंता को आई आई ए की आगामी मीटिंग के लिए आमंत्रित किया।

# त्याग और सेवा के प्रतीक थे चौधरी रणवीर सिंह : नलिन

**रायुक्रांमो के संस्थापक की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह के पिता चौधरी रणवीर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि गुरुवार को आम्बेडकर पार्क में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम से पूर्व संगठन के कार्यालय पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नलिन सिंह ने कहा कि उनके पिता चौधरी रणवीर सिंह ने संगठन की स्थापना कर इसकी बागडोर उन्हें सौंपी। उन्होंने केवल जीवन नहीं दिया, बल्कि जीवन जीने के वे मूल्य दिए, जिन पर खड़े होकर आज यह संगठन आगे बढ़ रहा है। उनका सरल स्वभाव, .ढ़ संकल्प और समाज के प्रति निष्ठा ही हमारी सबसे बड़ी विरासत है। आज उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर हम सब संकल्प लेते हैं कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष अमित वास्तव ने कहा कि चौधरी रणवीर सिंह ने सदैव संगठन को एक परिवार की तरह माना और सभी को सकारात्मक दिशा दी।

प्रवक्ता एडवोकेट क्रान्ति शेखर सारंग ने कहा कि उनकी त्याग-तपस्या और प्रेरणाएं संगठन की शक्ति हैं। हम सब उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जगदीश शर्मा, सुनील यादव, श्याम यादव, एडवोकेट संजीव यादव, अनुज पाण्डेय, शेखर पाण्डेय, विनय गंगवार, बीडी शर्मा, नौनिहाल सिंह, कर्मवीर सिंह, चंचल सिंह, प्रेम राजपूत, वेद पाल, सूर्य प्रकाश, शिवम कश्यप, सुरेश वास्तव व वेदपाल आर्य सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

# एचआईवी से बचने में जागरूकता सबसे बडा हथियार: रेखा

**कावा तत्वाधान में परिवार कल्याण केन्द्र सीआरपीएफ परिसर में हुई एचआईवी जागरूकता संगोष्ठी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सीआरपीएफ वाईफ एसोसिएशन के तत्वाधान में परिवार कल्याण केन्द्र सीआरपीएफ सभागार में एचआईवी जागरूकता गोष्टी का प्रारंभ करते हुए कावा अध्यक्ष रेखा सिंह ने कहा कि एचआईवी एक जानलेवा वायरस है जिसके संक्रमण से एड्स हो जाता है और एड्स के चलते समय से पहले मौत हो जाती है। इसलिए एचआईवी से बचाव ही एकमात्र रास्ता या इलाज है। बचाव के लिए हर समय जागरूक रहना सबसे बडा हथियार है।

एचआईवी से बचाव और वर्तमान समय में एआरटी के बारे में जानकारी देते हुए डा. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि एचआईवी की जांच से कभी घबराना नहीं चाहिए। समय रहते संक्रमण का पता नहीं चलने और इलाज व सावधानी नहीं बरतने पर गंभीर अवस्था में पहुंच जाता है एड्स। उन्होंने कहा कि युवाओं को एचआईवी.एड्स के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना, इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। आज युवाओं में जागरूकता बढ़ना बहुत आवश्यक है, क्योंकि गलत जानकारी और सामा. जिक संकोच की वजह से बहुत से लोग समय पर जांच नहीं करा पाते हैं। यह जागरूकता का ही परिणाम है कि पिछले वर्षों की तुलना में जांच कराने वालों की संख्या बढ़ी है, जो इस बात का संकेत है कि लोग अब संकोच छोड़कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। एआरटी लेने से संक्रमित व्यक्ति लंबी उम्र तक स्वस्थ जीवन जी रहे हैं और समय पर इलाज शुरू हो जाए तो वायरस को नियंत्रित रखा जा सकता है। एचआईवी संक्रमित रक्त, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सूई या सिरिंज के प्रयोग तथा गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान मां से बच्चे में फैल सकता है जबकि एचआईवी.एड्स छूने, साथ बैठने, भोजन साझा करने या सामान्य संपर्क से नहीं फैलता। जरूरत है कि हम इन भ्रांतियों को दूर करें और वैज्ञानिक सोच अपनाएं। सीआरपीएफ कंपोजिट अस्पताल में एचआईवी जांच और परामर्श की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है और कोई भी व्यक्ति गोप. नीय रूप से जांच करा सकता है। डा. एन. खेरोदा 239 बटालियनॉ उप कमांडेंट सौरभ राजपूतॉ पूनम यादव, मंजूॅ दीपक आदि मौजूद रहे।




# युवती से बहला फुसलाकर संबंध बनाए मना करने पर वीडियो किया वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत में युवती को बहला फुसला कर उससे शारीरिक संबंध बना लिए गए। साथ ही युवती के अश्लील वीडियो, फोटो भी बना लिए गए। आगे शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर युवती की आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो, फोटो वायरल कर दिए गए।

तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित सैफनी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी है। जानकारी अनुसार पीड़ित के घर जय सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम रायपुर जगवन्द तहसील बिसौली, जिला बदायूं का आना-जाना था। पीड़ित की बेटी को आरोपी ने बहला फुसलाकर उसे फंसा लिया और उसे झांसा दिया कि वह उससे शादी कर लेगा। दिनांक-20 नवंबर 2025 को वह घर आया और पीड़ित की बेटी से बलात्कार किया तथा बलात्कार के समय ही फोटो खींचे तथा वीडियो भी बनाई। साथ ही कहा कि उससे संबंध बनाती रहो तो वह वीडियो वायरल नहीं करेंगे। बेटी ने सम्बन्ध बनाने से मना कर दिया तो वीडियो फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर देगा। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर बेटी के नाम से आई.डी. बनाकर वीडियो तथा फोटो वायरय कर दिए। पीड़ित की लिखित तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में आरोपी जय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता नरपत नगर में सम्पन्न हुई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को राष्ट्रीय आविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता कंपोजिट विद्यालय नरपत नगर ब्लॉक स्वार में आयोजित की गई, बच्चों मे वैज्ञानिक सोच में वृद्धि व रुचिकर बनाने हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी जूनियर व कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी पी.एल. निरंकारी जी के मार्ग निर्देशन में किया गया।

परीक्षा का संचालन ए आर पी प्रदीप सिंह विज्ञान ने किया परीक्षा में प्रथम स्थान शहजाद यूपीएस अलेहपुर, द्वितीय स्थान अक्सा नूरी कंपोजिट बिजार खाता, तृतीय स्थान हैप्पी सिंह यूपीएस गुजरावाला, चौथा स्थान शांतनु कंपोजिट विद्यालय शिकार गाह,पंचम स्थान अमनजीत बवउ विद्यालय छिददाबाला ने प्राप्त किया। आयोजन में पूर्व आरप व वर्तमान आरप,नॉडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# रोजगार सृजन में नवाचार-निष्प्रयोज्य वाहन बनेंगे आजीविका का साधन

**रेहड़ी-पटरी वालों के लिए सम्मानजनक आजीविका का नया अवसर-रामपुर प्रशासन का नवाचार प्रयास**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा एक अनूठी और दूरदर्शी पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत जनपद में निष्प्रयोज्य पड़े शासकीय वाहनों को पुन: उपयोगी बनाकर रेहड़ी-पटरी व्यापार हेतु मोबा. इल यूनिट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे रेहड़ी-पटरी से जुड़े पात्र व्यक्तियों को संगठित, सुरक्षित और सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध हो सके। इस प्रयास की शुरुआत जिला चिकित्सालय में वर्षों से खड़ी एक निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस से की गई है, जिसे ऐसे स्वरूप में रूपांतरित किया जा रहा है कि लाभार्थियों को अपनी आजीविका के लिए एक सुरक्षित और व्यवस्थित कार्यस्थल प्राप्त हो सके।

रूपांतरित मोबाइल यूनिट को ऐसे स्थानों पर लगाने की व्यवस्था की जाएगी, जहां यातायात बाधित न हो तथा स्वाभाविक रूप से व्यापार के अवसर उपलब्ध हों। इस मॉडल के सफल होने पर जनपद में उपलब्ध 50 से अधिक निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों को इसी प्रकार परिवर्तित कर और अधिक पात्र व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाएगी। संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग, शहरी व्यवस्थापन और आजीविका संवर्धन का यह नवाचार की संवे. दनशीलता और बेहतर दिशा में एक प्रेरणादायक है।



यह पहल न केवल रीहड़ी-पटरी से आजीविका चलाने वाले परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य विकल्प उपलब्ध कराएगी, बल्कि शहरी क्षेत्रों में अनियमित व्यापार से होने वाली अव्यवस्थाओं को भी कम करेगी।

प्रशासन का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी से जुड़े व्यक्तियों को असंगठित स्वरूप से बाहर लाकर उन्हें सम्मान, सुरक्षा और स्थाई आजीविका का अवसर प्रदान करना है।

# वन विभाग की टीम ने रहमतगंज से पकड़ा सांप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** वन विभाग की टीम ने एक साप को रेक्शियू कर पकड़ कर अपने साथ ले गई है जिस्से गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। गुरुवार काशीपुर मार्ग स्थित रहमतगंज मे गांव के बहारी छोर पर मन्दिर के पास ग्रामीणो ने एक जहरीला साप देखा जिसे देखकर गांव के लोगो ने इस मामले की जानकारी आसपास के लोगो को दी जिससे उसे पकड़ने के लिए ग्रामीणों ने काफी मशक्कत की लेकिन। साप को नहीं पकड़ा जा सका। किसी ने इस मामले की सूचना वन विभाग को दी सूचना पाकर वन विभाग के कर्मचारी शकील अहमद और हरिश्चंद्र मौके पर आ गए ओर रेक्शयू कर साप पकड़ लिया और अपने साथ लेकर चले गए जिससे आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली लोगों को कहना था की साप खतरनाक जंतु है जिसके काटने से इंसान की दर्दनाक मौत हो जाती है।



# रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव ने महिला जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासि. चव एवं रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू महिला जिला चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अनवर सादात से मुलाकात कर अस्पताल की स्थिति और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का दौरा किया और मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष इदरीश अंसारी भी साथ मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने सीएमएस को अस्पताल की कुछ समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अनवर सादात के कार्यभार संभालने के बाद से अस्पताल की स्थिति में सुधार देखा गया है।

नेताओं ने बताया कि कार्य राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री की नीति तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं। सीएमएस डॉ. अनवर सादात ने आश्वासन दिया कि महिला अस्पताल में किसी भी मरीज को अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



# सीओ स्वार ने छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडे द्वारा विकास भारती स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा यातायात नियमों सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जगरूक किया गया। उक्त कार्यशाला में छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराध विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों1930, साइबर क्राइम, 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन सहित अन्य नम्बरों से अवगत कराया। एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जगरूक किया गया। इस कार्यशाला उद्देश्य छात्र छात्राओं में सुरक्षा आत्मरक्षा ओर साइबर अपराधो के प्रति जागरूक करना है।




**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम TANVIR AHMAD से बदलकर TANVEER AHMAD S/O ISRAR AHMAD मस्जिद कोहना टांडा रामपुर रख लिया अब मुझे इसी नाम से पहचाना जाये।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र जसवन्त सिंह को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**ओमवती पत्नी स्व. श्री अतर सिंह निवासी- ग्राम अशोकपुर थाना भोट जनपद रामपुर।**

# हादसे में एमबीबीएस के चार छात्रों की मौत

## छात्रों की तेज रफ्तार कार डीसीएम में घुसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** बुधवार की देर रात करीब साढ़े दस बजे तेज रफ्तार कार डीसीएम (ट्रक) में घुस गई। हादसे में चार एमबीबीएस के छात्रों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा डीसीएम में घुस गया। बमुश्किल ट्रैक्टर से खींचकर कार को अलग किया। फिर गाड़ी काटकर शवों को निकाला गया। चारों डॉक्टर अपने-अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। वे स्विफ्ट

### बुधवार की देर रात हाइवे पर हुआ भीषण हादसा

डिजायर कार से गजरौला स्थित श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी लौट रहे थे। यूनिवर्सिटी से महज सात किमी अतरासी गांव के पास हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक-दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर फोम के गद्दे से लदा डीसीएम खड़ा था। बुधवार रात साढ़े 10 बजे तेज रफ्तार कार डीसीएम में घुस गई। हादसे में वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में इंटर्नशिप कर रहे डॉ. कोलकाता निवासी अर्णब चक्रवर्ती, दिल्ली निवासी आयुष शर्मा व श्रेष्ठ पंचोली और त्रिपुरा सप्तऋषि की मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार बुरी तरह से पिचक गई। छत उड़ गई। एक्सीडेंट में तेज धमाका सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। कार सवार सभी की पहचान आधार कार्ड






से हुई। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने परि. जनों को सूचना दी। पुलिस ने कार को गैस कटर से काटकर शवों को बाहर निकाला। शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गए थे। ये सभी 2020 बैच के छात्र थे, जो एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करके इंटर्नशिप कर रहे थे। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि शवों को मोर्चरी के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

**प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज थी कार की रफ्तार**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी, यही कारण रहा कि हादसे के बाद कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार एमबीबीएस के चार छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे का एक दुखद पहलू यह भी है कि चारों ही अपने अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे।

**24 घंटे में सड़क हादसों में हुई सात की मौत**

हाइवे पर पिछले 24 घंटे के भीतर हुए तीन दर्दनाक हादसों ने सात लोगों का जीवन लील लिया।

यकबगड़ी के समीप हादसे में जहां एक महिला की मौत हो गई थी तो वहीं गजरौला के हाइवे पर पुराने आईसीआईसीआई बैंक के भवन के सामने बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत हो गई थी। इसके कुछ ही घंटे बाद श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के एमबीबीएस वर्ष 2020 बैच के चार छात्रों की मौत हो गई।

**गजरौला में हुए हादसे में शामिल युवक की बहन की आज कल में होनी थी शादी**

गुरूग्राम में बाइक राइडिंग की जॉब करने वाले चाचा भतीजे की दर्दनाक मौत ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी के थाना धीरा के गांव सोना खुर्द निवासी दीपक पुत्र राम निवास व उसके भतीजे नितिन पुत्र मंगेश गुरूग्राम में बाइक राइडिंग का काम करते थे। जब इनकी बाइक गजरौला पहुंचे तो हादसे ने इनकी जिंदगी लील ली। बताते हैं कि नितिन की बहन की आजकल में शादी भी है। जिसमें शामिल होने के लिए नितिन अपने चाचा दीपक के साथ बाइक से अपने गांव जा रहा था।

**सड़क किनारे खड़े वाहनों से अक्सर होते हैं हादसे**

सड़क किनारे खड़े वाहनों से अक्सर हादसे हो जाते हैं, मगर इसके बाद भी जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं जाता। बीती रात हुए हादसे में भी ऐसा ही मामला सामने आ रहा है। होटलों और ढ़ाबों के सामने बड़े बड़े वाहन अवैध रूप से हाइवे पर ही अपने वाहन खड़े कर लेते हैं, ऐसे में सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को ओवरटेक आदि करने में भी असुविधा होती है। आए दिन होने वाले हादसों से जाने कितने लोग असमय ही काल के गाल में समा गए हैं।

# सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 24 नवंबर की है। पीड़ित के पिता दानवीर सिंह का बेटा मोहित कुमार अपनी बाइक से गजरौला की ओर जा रहा था। रास्ते में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन के चालक ने लापरवाही से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मोहित के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। परिजन उसे तत्काल गजरौला के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने दानवीर की तहरीर पर वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विद्युत शिविर में दस ने कराया ओटीएस का पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव पलौला में गुरुवार को बिजली विभाग की टीम ने उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कैंप आयोजित किया। जोया अजीज नगर के विद्युत अवर अभियंता मोहम्मद आरिफ खान के नेतृत्व में टीजीटू विमलेश शाक्य, संदीप

### अधिकारियों ने बताए योजना के लाभ

सैनी, मुदित शर्मा, जरीफ और राज. ेश कुमार की टीम ने कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को वन टाइम सेटलमेंट योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैंप के दौरान टीम



ने बताया कि सरकार द्वारा बिजली बिलों में भारी छूट प्रदान की जा रही है। जिसका लाभ उपभोक्ता आसानी से उठा सकते हैं। मौके पर मौजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने लोगों को योजना की प्रक्रिया समझाई और बकाया बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया और अधिकाधिक लोगों से लाभ लेने की अपील की गई। कैंप में 10 उपभोक्ताओं का ओटीएस के तहत रजिस्ट्रेशन किया गया।

# दिन दहाड़े अपहृत छात्र को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

## गांधी मूर्ति के पास हुई घटना, पुलिस ने घटना में शामिल चार लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** दिनदहाड़े गांधी मूर्ति चौराहे से कोचिंग चार युवकों ने छात्र का अपहरण कर लिया। बदमाशों ने उसके खाते डरा-धमकाकर 3800 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए, इसके बाद कोचिंग सेंटर की मैनेजर को फोन कर 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी गई। पुलिस ने सर्विलासं की मदद से छात्र को सकुशल बरामद करके चार आरो. पियों को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के मोहल्ला सूर्य नगर निवासी पप्पू के बेटे अरुण अमरोहा शहर के एक सेंटर से कोचिंग कर रहे हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह फीस के बदले कोचिंग सेंटर का प्रचार-प्रसार करते हैं। कोचिंग सेंटर पर प्रशांत नामक एक युवक ने भी फॉर्म भरा था, प्रशांत ने फॉर्म भरने के बहाने अरुण को गांधी मूर्ति चौराहे पर बुलाया। वहां प्रशांत ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अरुण का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद बदमाश अरुण की आंखों पर पट्टी बांधकर उसे एक कॉलेज के मैदान में ले गए। वहां उन्होंने अरुण को धमकाकर पहले 3800 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद चारों ने अरुण के फोन से कोचि. चंग सेंटर की मैनेजर प्राची उपाध्याय को फोन किया। उन्होंने प्राची से तुरंत दस हजार रुपये खाते में ट्रांसफर करने को कहा इसके बाद अरुण की जान बख्शने के लिए फिरौती की रकम को लेकर बात. चीत शुरू हुई, जो बढ़कर एक लाख रुपये तक पहुंच गई। कोचिंग छात्र अरुण के अपहरण के बाद डरी हुई प्राची उपाध्याय ने तुरंत टीपी नगर चौकी पर मामले की शिकायत दर्ज कराई बाद में पुलिस ने सर्विलांस की मदद से अपहृत छात्र को सकुशल बरामद कर लिया और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि छात्र के अपहरण और फिरौती मांगने के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चारों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इनमें से एक आरोपी डिडौली क्षेत्र का है, जबकि तीन आरोपी नौगावां सादात क्षेत्र के रहने वाले हैं। वहीं पुलिस द्वारा छात्र को सकुशल बरामद करने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

# मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स, संवाददाता**
**गजरौला।** मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर ब्रजघाट व तिगरी स्थित गंगा घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया।

पूर्णिमा पर स्नान के लिए बुधवार की आधी रात से ही श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए। मध्य रात्रि में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ गई। भोर से स्नान प्रारंभ होते ही घाटों पर आस्था उमड़ पड़ी। गंगा घाट श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। हालांकि ठंड के कारण सुबह के वक्त स्नानार्थियों की संख्या कम रही मगर बाद में धूप निकलने पर स्नानार्थियों की संख्या बढ़ गई। स्नान के दौरान

### ब्रजघाट व तिगरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हर-हर महादेव, जय मां गंगा के उद्घोषों से स्नान घाट गूंज उठे। स्नान के बाद श्रद्धालु घाटों पर विराजमान पुरोहितों को दान दक्षिणा दे रहे थे। उधर, तिगरीधाम में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली। यहां भी भोर से शुरू हुआ स्नान का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। दोनों स्थानों पर गुरूवार को स्नान करने वालों की संख्या में हजारों में आंकी गई। स्नान के लिए न केवल अपने क्षेत्र के बल्कि अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, हापुड, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, दिल्ली, हरियाणा इत्यादि क्षेत्रों से भी श्रद्धालुगण निजी चार पहिया वाहनों, रोडवेज बस, डग्गामार वाहनों, ट्रेनों व दोपहिया वाहनों से पहुंचे थे, उधर पूर्णिमा पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। स्नान के दौरान महिला पुलिसकर्मी व सादी वर्दी पहने पुलिस कर्मी भी घाटों पर संदिग्धों पर नजर रखते हुए घूम रहे थे। ताकि कोई शरारती तत्व छेडछाड़ जैसी घटना को अंजाम या चोर किसी के सामान पर हाथ साफ नहीं कर सके। रेलवे स्टेशन रोड स्थित ज्योतिष केन्द्र के संचालक पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि, मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर स्नान की हिन्दु धर्म में बड़ी मान्यता है। बताते हैं कि इस दिन निर्धनों और निराश्रितों को दान करने से 32 गुना फलों की प्राप्ति होती है।



**गजरौला।** मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर ब्रजघाट में स्थित गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु।

# 10 को गजरौला पहुंचेगी शक्ति कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की आराध्य माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी एवं पंडित श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा स्थापित आध्यात्मिक चेतना स्रोत अखंड दीप के शताब्दी वर्ष को मनाने हेतु देश भर में निकाली जा रही कलश यात्रा 10 दिसम्बर को नगर के श्री राम मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचेगी।

प्रज्ञा मंडल संयोजक गजरौला डीएन शर्मा ने बताया कि 10 दिसम्बर को 11 बजे शक्ति कलश यात्रा पहले श्री राम मन्दिर भरतियाग्राम पहुंचेगी। यहां से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए

### 11 दिसम्बर में होगा पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ

शाम को नगर के बस्ती स्थित अग्रवाल भवन पहुंचेगी। यहां पर दीप यज्ञ का संगीतमय कार्यक्रम एवं शांति कुंज के द्वारा चलाये जा रहे शताब्दी 2026 के कार्यक्रमो के बारे मे जानकारी दि जायेगी। इसके बाद 11 दिसम्बर को प्रात: 7 बजे से पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ होगा। जिसके बाद शक्ति कलश यात्रा अगले स्थान के लिए प्रस्थान करेगी। डीएन शर्मा ने जनमानस से आह्वान किया कि वे शक्ति कलश यात्रा, संगीतमय कार्यक्रम सहित पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ में पहुंचकर धर्म लाभ कमाएं।

# छात्र-छात्राओं ने किया वृद्ध आश्रम का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**रजबपुर।** जीएमएस ग्रुप ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साईंस, शकरपुर के विद्यार्थियों ने संत श्री डोगरे जी वृद्ध आश्रम, वासुदेव तीर्थ का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्र/छात्राओं

### जीएमएस कॉलेज के बच्चों ने जाना वृद्धों का हाल

में सामाजिक जिम्मेदारी, संवे. दनशीलता और बुजुर्गो के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के साथ बातचीत की औश्र उनका हालच.



ाल जाना। इस अवसर पर चेयरमेन शाहनवाज अली, निदेशक डॉ. हरीश कुमार, प्राचार्य साहिल चौधरी, प्रमोद कुमार, हिना, सोरन सिंह, मोनिका चौहान, सोनल, समरीन, शालिनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**रजबपुर।** हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टर्माटम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार गजरौला थाना क्षेत्र के मोहल्ला नाईपुरा गुरुद्वारा निवासी समरपाल सिंह की पत्नी संतोष कौर की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। घर से निकलने के बाद वह यकबगड़ी तक पहुंच गई। शाम में करीब साढ़े पांच बजे वह पेट्रोल पंप के सामने सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान गजरौला दिशा से आ रहे

### हाइवे पर यकबगड़ी के सामने हुआ हादसा

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में संतोष कौर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। परिजनों को बुलाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि हादसे में मृतका के बेटे जितेंद्र की तहरीर पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# आसपा प्रमुख चन्द्रशेखर का जन्मदिन मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**
**अमरोहा।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने केक काटकर धूमधाम से मनाया। बुधवार शाम

### केक काटकर की दीर्घायू की कामना

एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में जिले भर से पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे। जिला प्रभारी अभिषेक भारती ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद आज देश में शोषित और वंचित लोगों के



लिए नायक हैं। जुल्म के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पहचान बन चुका है। इस दौरान वसीम अंसारी, सलीम मलिक, पवन कुमार, फारूक मंसूरी, शिव कुमार, मनोज, दिनेश, गौरव, अनिल, राजू सागर मौजूद रहे।

# चाकीखेड़ा में मिले गौवंशीय पशुओं के अवशेष

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव चाकीखेड़ा में गौवंशीय पशु के अवशेष मिलने की सूचना पर विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए और उन्होंने गौकशी की आशंका जताई और मौके पर पहुंची पुलिस से जांच करके आवश्यक कार्रवाई की मांग

### बजरंग दल ने जताई गौकशी की आशंका

की। जिसके बाद पुलिस ने गौवंशीय पशु के अवशेषों को गडढ़ा खोदकर दफन कराया।

जानकारी के चाकीखेड़ा गांव में रेलवे लाइन के समीप गुरूवार को गौवंशीय पशु के अवशेष मिलने की सूचना पर विश्व हिन्दु परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। आशंका जताई कि गौकशी की गई है।



सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से कहा कि गौकशी की गई है, इसलिए मामले की छानबीन करके आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिसके बाद पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा देते हुए गौवंशीय पशु के अवशेषों को एकत्र करके गडढ़ा खुदवाकर दफन कराया। इस मौके पर प्रांत गौरक्षा प्रमुख पश्चिमी यूपी हेमंत सारस्वत, जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद अशोक सैनी, तेजेन्द्र सिंह, ललित कुमार, जयंत, सनी, विकास आदि मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्तया किसी जानवर द्वारा गौवंशीय पशु को शिकार बनाने का मामला लग रहा है, फिर भी जांच कराई जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** 25 नवम्बर को सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने घटना के जिम्मेदार ट्रक के अज्ञात चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार नगर के कालरा स्टेट कॉलोनी निवासी फैक्ट्री कर्मचारी अजय शर्मा अपनी पत्नी आरती शर्मा के साथ अतरौली से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। जब इनकी कार उमंग डेयरीज फैक्ट्री के पास पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी दोनों घायल हो गए, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। हादसे के बाद आसपास के लोग भी एकत्र हो गए थे। पुलिस

### 25 नवम्बर को ट्रक ने कार को टक्कर मारी

भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें टीमएयु के लिए रेफर किया गया। घटना के तीन दिन बाद 28 नवम्बर को आरती शर्मा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया। मृतका के पति ने गजरौला पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं पत्नी की मौत के बाद अजय शर्मा का दुख के कारण बुरा हाल है। कॉलोनी के लोग व परिजन उनको सांत्वना देकर संबल बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

# एसआईआर के कार्य में बढ़ चढ़कर लें भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** अमरोहा के पूर्व सांसद एवं स्वर्गीय रामदास नागपाल मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष हरीश नागपाल ने अपने पुत्र जय नागपाल के साथ ई-रिक्शा चालकों एवं गरीब महिलाओं को शॉल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने लोगों को मतदाता

### पूर्व सांसद हरीश नागपाल ने वितरित किए शॉल

गहन पुनरीक्षण (सीआईआर) का महत्व समझाते हुए सीआईआर फार्म भरने का आह्वान किया। कहा कि देश व प्रदेश में मजबूत सरकार के गठन के लिए अपना वोट अवश्य बनवाएं।

गुरूवार को पूर्णिमा के पर्व पर पूर्व सांसद हरीश नागपाल ने हाईवे किनारे स्थित होटल गजरौला सुखदेव में एकत्र ई-रिक्शा चाल.



कों, तांगा चालकों एवं निर्धन लोगों के साथ ही महिलाओं को शॉल वितरित किए। उन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। देश के कई राज्यों समेत उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य के बारे में विस्तार से समझाया कि 11 दिसम्बर तक प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने फार्म अवश्य भर दें, अन्यथा वोट देने के मौलिक अधिकार से वंचित रह जाएंगे। इस मौके पर विकुल अग्रवाल, मनजीत नागपाल, पंकज भारद्वाज, रचित सिंघल, अमित कुमार, डॉ.जाकिर अली आदि मौजूद रहे।



# टॉस-ओस की मैच में अहम भूमिका रही

## गीली गेंद से गेंदबाजी करने में गेंदबाजों को जो दिक्कतें होती है उससे लगता है कि टॉस बहुत बड़ी भूमिका निभाता है

**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में 358 रन के बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर पाने के कुछ ही देर बाद भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने कहा कि ओस से प्रभावित इन मैचों में टॉस 'बहुत बड़ी भूमिका निभाती है', जिससे बहुत ज्यादा फर्क पड़ता है।

यह लगातार 20वां वनडे था, जहां भारत ने टॉस हारा हो। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी चुनी और चार गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। प्रेजेंटेशन सेरमनी में ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए राहुल ने कहा कि बहुत ज्यादा ओस है, जिससे दूसरी पारी में गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है। पिछले मैच में हमने इन सबके बावजूद बहुत अच्छा किया था। गीली गेंद से गेंदबाजी करने में गेंदबाजों को जो दिक्कतें होती हैं, उससे मुझे लगता है कि टॉस बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। इसलिए लगातार दो टॉस हारने का मुझे खुद अफसोस हो रहा है। इसका वाकई बहुत बड़ा असर पड़ रहा है। राहुल ने कहा कि पीछे मुड़कर देखें तो हमेशा कुछ बातें होती हैं, जो हम बेहतर कर सकते थे। बल्लेबाजी में मुझे पता है कि 350 रन अच्छे लगते हैं, लेकिन पिछले मैच के बाद भी ड्रेसिंग रूम में यही चर्चा थी कि हम 20-25 रन और कैसे जोड़ सकते हैं, ताकि गीली गेंद से गेंदबाजी करते समय गेंदबाजों को थोड़ा सहारा मिल सके। उन्होंने कहा कि गेंदबाज दिल से पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में हमें सुधार की जरूरत है। फील्डिग में भी हमने कुछ आसान चौके दे दिए। अगर हम खेल के तीनों पहलुओं में कसावट ला सकें और थोड़ा और ते बन सकें, तो शायद वो 20-25 रन हमारे पक्ष में आ जाएं और हम शायद जीत-हार के दूसरी तरफ हों। भारत ने विराट कोहली और )तुराज गायकवाड़ के शतकों की बदौलत बड़ा स्कोर बनाया। यह 11वीं बार था, जब कोहली ने लगातार दो वनडे मैचों में शतक लगाया हो, जबकि गायकवाड़ का यह इस प्रारूप में पहला शतक था। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 156 गेंदों में 195 रन की साझेदारी की।

राहुल ने कहा कि विराट जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे, उसे देखना बहुत सुंदर था। जाहिर है, हमने उन्हें यह सब करते हुए अब 53 बार देखा है। वह अपना काम करते रहते हैं और हम सब इसे देखने के आदी हैं। ऋतु (गायकवाड़) जिस तरह से खेले, वह भी देखने में बहुत सुखद था। उन्होंने स्पिनरों पर आक्रमण किया और गैप में शॉट लगाए। जब उन्होंने पचासा पार किया, उसके बाद जिस लय में उन्होंने बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि वही हमें वह अतिरिक्त 20 रन दिला गए। इस मजबूत आधार के बावजूद भारत अंत में तेजी से रन नहीं बना सका। अंतिम 15 ओवर में आठ विकेट हाथ में रहते हुए भी केवल 103 रन बने, जबकि आखिरी दस ओवर में सिर्फ 74 रन बने। राहुल ने टीम शीट में टॉस के समय नंबर 6 पर नाम दर्ज होने के बाद नंबर 5 पर उतरकर 43 गेंदों पर नाबाद 66 रन की आक्रामक पारी खेली। वाशिगटन सुंदर ने आठ गेंदों में एक रन बनाया, जबकि रवींद्र जाडेजा ने 27 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए, जिसमें केवल दो चौके शामिल थे। राहुल ने कहा कि जाहिर है 5-6-7 नंबर पर बल्लेबाजी को बेहतर किया जा सकता है। अगर निचला क्रम थोड़ा और योगदान दे सके और दो-तीन चौके और लगा सके, तो शायद वही 20 रन होते, जिनसे हम खुश होते। आज पहली बार मुझे नंबर 6 पर रखा गया और मैं नंबर 5 पर आया।

# ब्रेविस के पास हर गेंद पर छक्के मारने के ऑप्शन हैं: स्टेन




**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, डेवाल्ड ब्रेविस की छक्के मारने की कला का विश्लेषण किया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा वनडे चार विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। ब्रेविस ने 34 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 54 रन की मोमेंटम बदलने वाली पारी खेली। जियोस्टार एक्सपर्ट डेल स्टेन ने डेवाल्ड ब्रेविस की छक्के मारने की काबिलियत का अंदाजा लगाया कि ब्रेविस और उनकी छक्के मारने की काबिलियत के बारे में कुछ समय से बहुत बातें हो रही हैं, उनके अंडर-19 के दिनों से भी। मैं उनके बारे में सुनता रहता था और उन्हें पूरे मैदान में गेंद मारते हुए देखता था। अब हम इसे सबसे ऊंचे लेवल पर देखने लगे हैं। उनमें वह काबिलियत है, और बैट्समैन अब गेंद छोड़ना नहीं चाहते। उनमें रोप को पार करने का कॉन्फिडेंस है, स्लॉग से नहीं बल्कि अच्छे क्रिकेट शॉट्स से। स्टेन ने कहा कि वे इसी तरह ट्रेनिग करते हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एफईआई एशियन घुड़सवारी में आशीष ने जीता सोना

**पटाया, वार्ता।** भारत ने थाईलैंड के पटाया में एफईआई एशियन घुड़सवारी चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक पांच मेडल जीतकर अपना अभियान खत्म किया। भारतीय राइडर्स ने इवेंटिंग और ड्रेसेज प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी। आशीष लिमाए ने इवेंटिग में इंडिविजुअल गोल्ड मेडल जीतकर टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने शशांक सिंह व शशांक कनमुरी के साथ मिलकर इसी डिसिप्लिन में भारत को टीम सिल्वर दिलाने में भी मदद की। आशीष ने साई मीडिया से कहा कि यह हमारे लिए बहुत इमोशनल जीत थी क्योंकि पिछले एशियन गेम्स हमारे लिए अच्छे नहीं रहे थे। इसलिए, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी वापसी जैसा एहसास था और एक बड़ी राहत थी।

### भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम जर्मनी से 3-1 से हारी

सैंटियागो (चिली), वार्ता। महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्वकप 2025 के अपने दूसरे पूल सी मुकाबले में भारत को जर्मनी के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में बुधवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला टीम की ओर से एकमात्र गोल हिना बानो ने (58वें) मिनट में किया। जबकि जर्मनी के लिए लीना फ्रेरिक्स ने (पांचवें) मिनट, एनिका शॉनहॉफ ने (52वें) मिनट और मार्टिना रीसेनेगर ने (59वें) मिनट में गोल किए। जर्मनी ने मैदान में ऊपर से दबाव बनाते हुए, शुरुआती मौकों पर भारत को बैकफुट पर धकेला और पांचवें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। लीना फ्रेरिक्स ने (पांचवें) मिनट में बिना कोई गलती गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। शुरुआती झटके के बावजूद, भारत धीरे-धीरे अपनी लय में आ गया और अपने मौके बनाने लगा।

# टॉम लेथम-रचिन रविद्र के शतक न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा

- **टॉम लेथम ने 145 और रचिन रवींद्र ने 176 रनों की शानदार पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (145) और रचिन रविद्र (176) की शतकीय पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में स्टंप्स के समय चार विकेट पर 417 रन बना लिए है और उसने कुल 481 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

सुबह यहां न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में कल के बिना कोई विकेट खोए 32 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड को पहला झटका ओजय शील्ड्स ने 27वें ओवर में डेवोन कॉन्वे (37) को आउटकर दिया। इसके बाद 33वें ओवर में केमार रोच ने केन विलियमसन (नौ) का शिकार कर लिया। उस समय टीम का स्कोर 100 रन था, ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आए रचिन रविद्र ने टॉम लेथम के साथ



तीसरे विकेट के लिए 279 रनों की विशाल साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज कें गेंदबाजों की खूब खबर ली और अपने-अपने शतक पूरे किए। 88वें ओवर में केमार रोच ने टॉम लेथम को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। टॉम लेथम ने 250 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 145 रनों की जुझारू पारी खेली। इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले ओजय शील्ड्स ने दूसरे शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविद्र को बोल्डकर वेस्टइंडीज को चौथी सफलता दिलाई। रचिन रविद्र ने 185 गेंदों में 27 चौके और एक छक्का लगाते हुए (176) रन बनाए। स्टंप्स के समय न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में चार विकेट पर पर 417 रन बना लिए थे। विल यंग (नाबाद 21) और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद छह) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच और ओजय शील्ड्स ने दो-दो विकेट लिए।

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 231 रन बनाए थे इसके बाद वेस्टइंडीज पहली पारी में 167 रन पर ढ़ेर हो गई थी।

# नंबर-4 पर बल्लेबाजी से आश्वस्त था: ऋतुराज



**रायपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में अपना पहला शतक बनाने वाले ऋतुराज गायकवाड़ ने बताया कि 50 ओवर के क्रिकेट में कभी नंबर 4 पर बल्लेबाजी नहीं करने के बावजूद वह काघी आश्वस्त थे कि वह उस स्थान पर ढल जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के घ्लिाफ सीरीज से पहले लिस्ट ए की 86 पारियों में ऋतुराज ने नंबर 3 से नीचे बल्लेबाजी नहीं की थी। रांची में 14 गेंदों में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट होने के बाद रायपुर के दूसरे वनडे में बुधवार को गायकवाड़ ने 83 गेंदों में 105 रनों की शतकीय पारी खेली और बताया कि यह उनकी अभी तक की हर फॉर्मेट की सर्वश्रेष्ठ पारी है। गायकवाड़ ने मैच के बाद कहा कि टीम प्रबंधन ने मुझे बताया था कि मैं नंबर 4 पर ही बल्लेबाजी करने वाला हूं। एक ओपनर होने के बावघ्ूद प्रबंधन का इस तरह से मेरे ऊपर भरोसा दिखाना बघ्े ही सौभाग्य की बात है। गायकवाड़ ने कहा कि वनडे फॉर्मेट में अगर मैं ओपनिग के लिए भी आता हूं तो मेरी कोशिश रहती है कि मैं 45वें ओवर तक टिका रहूं। इसलिए मुझे पता है कि 11 से 40 ओवर के बीच कैसे खेलना है, स्ट्राइक कैसे रोटेट करनी है और बाउंड्री के क्या विकल्प हैं। इसलिए मुझे विश्वास था कि मुझे अपनी पारी कैसे आगे ले जानी है। मुझे सिर्ध् शुरू की 10-15 गेंदें देखनी थी कि मैं कैसे खेलता हूं और उसके बाद की प्रक्रिया उसी तरह से रही। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरी को. शिश थी कि अगर मैं टिकता हूं तो एक लंबी पारी खेल सकूं। गायकवाड़ ने कोहली के साथ 195 रनों की साझेदारी निभाई, जिन्होंने लगातार दो मैचों में अपना दूसरा शतक लगाया। इस साझेदारी के बारे में पूछने के बाद गायकवाड़ ने बताया कि यह एक सपने की तरह था। गायकवाड़ ने कहा कि मैं पिछले एक हघ्ते से उन्हें देख रहा हूं। जितने भी अभ्यास सत्र हुए हैं, उसमें वह शानदार बल्लेबाघी कर रहे हैं। जिस तरह से वह मैच में भी अपनी पारी को बनाते हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है। इस मैच में भी मुझे काफी मजा आया। मैं अपने फोन में रहना चाहता था और वह किसी तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, इसके बारे में नहीं सोच रहा था। हमारे बीच बातचीत काफी स्पष्ट थी। हमने 5-5, 10-10 रन का टारगेट बनाया था और कैसे गैप निकालकर बाउंड्री निकालनी है, कैसे स्ट्राइक रोटेट करनी है, ए सब विचार-विमर्श किया था। मेरे हिसाब से हमारी विकेट के बीच दौघ् काघी अच्छी थी। आप इस तरह के लम्हों को लेकर सपना देखते हैं और इस तरह की साझेदारी निभाकर मुझे काफी अच्छा लगा। इस सीरीज से पहले गायकवाड़ ने 2023 में भारत के लिए वनडे खेला था। उसके बाद रोहित शर्मा और शुभमन गिल के लगातार ओपनिग करने के कारण गायकवाड़ पीछे रह गए। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल को भी उनके ऊपर प्राथमिकता दी गई।

# शिटोमन ने 110 मी. हर्डल्स का रिकॉर्ड तोड़ा

- **जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 23 साल के इस खिलाड़ी ने मीट रिकॉर्ड तोड़कर अपनी सफलताओं को साबित किया**

**जयपुर, वार्ता।** जब सीबी शिटोमन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में पुरुषों के 110मी हर्डल्स फाइनल के लिए लाइन में खड़े हुए, तो स्टैंड में बैठे कुछ ही लोगों ने अंदाजा लगाया होगा कि वह एथलेटिक्स में कितनी देर से आए हैं या उनका सफर कितना मुश्किल रहा है। 2021 तक, उन्होंने कभी सिथेटिक ट्रैक पर कदम नहीं रखा था। उनकी जदिगी पढ़ाई, लोकल स्कूल फुटबॉल मैचों और केरल के इडुक्की जलि के एराट्टायर गांव के पास इलायची के बागानों में छुट्टियों के दौरान कभी-कभी मजदूरी करने के इर्द-गिर्द घूमती थी। लेकिन एक फुटबॉल गेम के दौरान एक मौके ने सब कुछ बदल दिया। केरल स्पोर्ट्स काउंसिल एकेडमी के कोच बैजू जोसेफ ने उनके मजबूत शरीर और जबरदस्त फिजिकल पोटेंशियल को देखा। यह यकीन होने पर कि यह युवा एथलेटिक्स के लिए ही बना है, बैजू ने उन्हें 400मी और हाई जंप आजमाने के लिए राजी किया। इन प्रयोगों से आखिरकार वह उस इवेंट तक पहुंचे जहां वह सच में फिट बैठते थे, 110मी हर्डल्स। सिर्फ दो सालों में, इस युवा ने जबरदस्त तरक्की की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में, 23 साल के इस खिलाड़ी ने मीट रिकॉर्ड तोड़कर अपनी तेजी से बढ़ती सफलता को साबित किया, उन्होंने 14:32 सेकंड में दौड़ पूरी करके महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के लिए गोल्ड जीता। उनकी दौड़ एक रोमांचक फिनिश के साथ खत्म हुई, जिसमें शिवाजी यूनिवर्सिटी के विकास आनंदा (14-516) और विवि ऑफ कालीकट के राहिल (14-518) के बीच सिर्फ कुछ हजारवें सेकंड का फासला था।

# रायपुर में टॉस ने बहुत बड़ा फर्क पैदा किया: गावस्कर



**रायपुर, वार्ता।** विराट कोहली और रुतुराज गायकवाड़ की सेंचुरी दक्षिण अफ्रीका की जबरदस्त और मिलकर की गई कोशिश के आगे फीकी पड़ गईं, और मेहमान टीम ने रायपुर में दूसरे वनडे में चार विकेट से जीत हासिल करके सीरीज बराबर कर ली। जियोस्टार के पोस्ट-मैच शो 'क्रिकेट लाइव' में बात करते हुए, एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एडेन मार्करम के टेम्परामेंट, गीली गेंद से भारत की चुनौतियों और कोहली की सेंचुरी की क्लास का विश्लेषण किया।

गावस्कर ने एडेन मार्करम की पारी के बारे में कहा कि मैं उस पारी को बहुत, बहुत ज्यादा रेट करता हूं। जब भी आप 350 से ज्यादा के टारगेट का पीछा कर रहे होते हैं, तो हमेशा प्रेशर रहता है। आप टीम को अच्छी शुरुआत देना चाहते हैं, शांत नहीं, और आस्किग रेट को कंट्रोल में रखना चाहते हैं। जब उन्होंने शुरुआत की तो रेट सात से थोड़ा ज्यादा था, और आप नहीं चाहते कि यह नौ से ज्यादा बढ़े, खासकर पावरप्ले के पहले 10 ओवर में जब सर्कल के बाहर सिर्फ दो फील्डर होते हैं। क्विटन डी कॉक, जिनका भारत के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड है, के फिर से फेल होने पर, जम्मिदारी मार्करम पर आ गई। भारत, आईपीएल और दूसरी जगहों पर खेलने के अपने अनुभव के साथ, वह हालात को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने यह जिम्मेदारी खुद पर ली। पिछले मैच में उन्होंने कप्तानी की क्योंकि बावुमा फिट नहीं थे। रायपुर में, उन्होंने कप्तान के साथ मिलकर स्टेबल करने का काम किया। उस समय दक्षिण अफ्रीका को ठीक इसी की जरूरत थी। गावस्कर ने टॉस ने मैच पर असर के बारे में कहा कि यह बहुत जरूरी था। जरा देखिए आउटफील्ड कितनी गीली थी। शायद पहले आधे दर्जन ओवर को छोड़कर, बॉल हमेशा गीली होने वाली थी। इसका असर सिर्फ बॉलर पर ही नहीं बल्कि फील्डर पर भी पड़ता है, आप सही ग्रिप नहीं बना पाते। बॉल साबुन की टिकिया जैसी लगती है। जब आप रन आउट करने के लिए जोरदार रिटर्न करने की कोशिश करते हैं, तब भी वह आपके हाथ से फिसल जाती है। इसीलिए अगर आप इंडियन कंडीशन में टॉस जीतते हैं, तो आप हमेशा पहले बॉलिग करना चाहते हैं, ताकि डिफेंड करते समय आपको गीली बॉल से न निपटना पड़े। तो हां, टॉस ने बहुत बड़ा फर्क डाला। विराट कोहली की पारी पर गावस्कर ने कहा कि सच कहूं तो, किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि वह शतक नहीं बना पाएगा। पहली गेंद से ही ऐसा लगा जैसे वह रांची से ही खेल रहा हो। उसने हुक से छक्का लगाकर शुरुआत की, एक ऐसा शॉट जो वह अक्सर हवा में नहीं खेलता, जिससे उसके पिछले शतक का कॉन्फिडेंस दिखा।

उसके बाद, जब तक कुछ अनहोनी न हो जाए, शतक हमेशा पक्का लगता था। रुतुराज के साथ पार्टनरशिप बहुत बढ़िया थी। रुतुराज की पहली गेंद यानसन की एक जोरदार बाउंसर थी, जो जायसवाल को आउट करने के ठीक बाद आई थी। वह इसे चौके के लिए डालने में कामयाब रहा, और आप तुरंत कोहली को उसे दिलासा देने के लिए पिच पर जाते हुए देख सकते थे। और कोहली ने जो भी कहा, उसने उसे साफ तौर पर हिम्मत दी। अगली गेंद उसने फ्रंट फुट पर बहुत कॉन्फिडेंस के साथ खेली। कभी-कभी, यह सिर्फ आपके अपने रनों के बारे में नहीं होता।

### जर्मनी करेगा महिला यूरो 2029 की मेजबानी

**बर्लिन, वार्ता।** यूरोपीय फुटबॉल संघ ने घोषणा की है कि जर्मनी यूईएफए महिला यूरो 2029 की मेजबानी करेगा। डेनमार्क तथा स्वीडन की संयुक्त बोली से पहले जर्मनी ने मेजबानी के अधिकार जीते। यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिनने कहा कि मैं पूरी प्रोसेस के दौरान उनकी बिना थके मेहनत और कमिटमेंट के लिए तीनों बोली लगाने वाले देशों का दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। हर बिड ने नेशनल एसोसिएशन, सरकारों और लोकल एक्सपर्ट्स के बीच विजन और बेहतरीन टीमवर्क दिखाया, जो सभी पिछली गर्मियों में स्विट्जरलैंड द्वारा सेट किए गए बेंचमार्क से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि जर्मनी को बधाई। हम 2029 की गर्मियों में एक यादगार टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 16 टीमों का यह टूर्नामेंट जर्मनी के आठ स्टेडियम में खेला जाएगा।




# संधू ने तीन शॉट की बढ़त बनाई

- **चार अंडर -66 का कार्ड खेलकर कुल 16-अंडर 194 स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली**

**जयपुर, वार्ता।** पीजीटीआई रैंकिग लीडर युवराज संधू ने जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इवेंट, विक्टोरियस चॉइस प्रेजेंट्स जयपुर ओपन 2025 पावर्ड बाय शुभाशीष होम्स के तीसरे राउंड में गुरूवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए चार-अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 16-अंडर 194 के स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त बना ली।

युवराज संधू (65-63-66), जो तीसरे राउंड की शुरुआत में दूसरे स्थान पर थे और लीड से एक शॉट पीछे थे, ने अपने 66 के स्कोर के दौरान एक ईगल, चार बर्डी और दो बोगी लगाए और पेनल्टीमेट राउंड में बढ़त बना ली। चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज, जो चार साल बाद जयपुर में खेल रहे हैं, अब इस सीजन में अपने छठे पीजीटीआई खिताब की तलाश में हैं। अगर युवराज 2025 में अपनी छठी जीत हासिल करते हैं, तो वह 2022 में मनु गंडास द्वारा बनाए गए एक सीजन में सबसे ज्यादा खिताब जीतने के पीजीटीआई रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। कुशाल सिंह (64-63-70), जो हाफवे लीडर थे और एक शॉट से आगे थे, का दिन मिला-जुला रहा, उन्होंने 70 का स्कोर किया जिसमें चार बर्डी और दो डबल-बोगी शामिल थे, जिससे वह 13-अंडर 197 के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। बांग्लादेश के बादल हुसैन (65-67-66) ने शानदार 66 का स्कोर बनाकर चार स्थान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 198 के साथ दिन का अंत तीसरे स्थान पर किया। युवराज संधू ने दिन की शुरुआत पहले होल पर बोगी से की, लेकिन फिर तीसरे और 12वें होल पर बर्डी लगाकर अच्छी प्रोग्रेस की, जिसमें बाद वाले पर टैप-इन और आठवें होल पर ईगल के लिए चिप-इन भी शामिल था। 15वें होल पर एक मिस अप एंड डाउन की वजह से संधू की दिन की दूसरी बोगी हुई, लेकिन उन्होंने आखिरी दो पार-5, 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की। संधू, जिन्होंने 2018 में एमेच्योर रहते हुए रामबाग गोल्फ क्लब में अपना पहला पीजीटीआई इवेंट खेला था, ने आगे कहा कि अपनी मौजूदा हिटिंग फॉर्म के साथ मुझे लगता है कि मैं इस कोर्स पर अपना बेस्ट 10-अंडर का स्कोर हासिल कर सकता हूं, यह स्कोर मैंने 2021 में हासिल किया था जब मैंने आखिरी बार यहां खेला था। मैंने अपने बॉल-कंट्रोल में सुधार किया है और यह मेरे स्कोर में दिख रहा है। यह सब मेरे कोच गुरबाज मान के साथ की गई मेहनत की वजह से है। जयपुर के प्रोफेशनल हेमंत (तीन-अंडर 207) और प्रखर असावा (इवन-पार 212) क्रमश: 28वें और 42वें स्थान पर रहे।

# केएम आसिफ का पंजा केरल की चैंपियन मुंबई पर जीत

- **कप्तान संजू ने 46 और विष्णु विनोद ने नाबाद 43 रनों की पारी खेली, आसिफ ने पांच विकेट चटकाए**

**लखनऊ, वार्ता।** कप्तान संजू सैमसन (46), विष्णु विनोद (नाबाद 43) और शराफुद्दीन (नाबाद 35/ एक विकेट) के बाद केएम आसिफ (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर केरल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मुकाबले में गुरुवार को चैम्पियन मुंबई को 15 रनों से शिकस्त दी। मुंबई की इस सीजन में यह पहली हार है।

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में आयुष म्हात्रे (तीन) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सरफराज और अजिक्य रहाणे की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। अजिक्य रहाणे ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 32 रन बनाए। सरफराज खान, जिन्होंने पिछले गेम में अपना पहला टी-20 शतक बनाया था, ने 40 गेंदों पर 52 रन बनाकर अपना फॉर्म को बनाए रखा। सूर्यकुमार यादव 25 गेंदों में 32 रन, शिवम दुबे (11) और साईराज पाटिल 13 रन बनाकर आउट हुए। एक समय 17-1 ओवर में साईराज पाटिल का पांचवें बल्लेबाज के रूप में विकेट गिरा उस समय मुम्बई का स्कोर 148 रन था। के एम आसिफ ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और मुम्बई ने महज 15 रन जोड़कर अपने शेष पांच विकेट गंवा दिए। केरल के लिए के एम आसिफ ने 24 रन देकर पांच विकेट लिए। विग्नेश पुथुर को दो विकेट मिले। शराफुद्दीन, एम डी निधीष और अब्दुल बासित ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# पड़ोसी परेशान

रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत की यात्रा के दौरान 25 समझौतों पर साइन होने की उम्मीद की जा रही है। इस दौरान भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष से लेकर व्यापार तक के क्षेत्र में संबंध मजबूत होंगे। वहीं, पूरी दुनिया की पीएम मोदी और पुतिन के बीच हो रही इस मुलाकात पर नजर है। जहां अमेरिका और चीन की इस मुलाकात से टेंशन बढ़ रही है। मीडिया की मानें तो, वहीं ब्रिटेन का भी तनाव बढ़ता दिख रहा है। दरअसल, मास्को स्थित वैश्विक टीवी समाचार चैनल आरटी अब आरटी इंडिया की 5 दिसम्बर को शुरुआत करेगा। शिखर सम्मेलन के साथ-साथ, पुतिन भारत में आरटी टीवी चैनल के लॉन्च समारोह में भी शामिल होंगे। आरटी इंडिया दिल्ली के अत्याधुनिक मीडिया स्टूडियो से अपने टीवी प्रसारण की आधिका. रिक शुरुआत करेगा। मास्को स्थित यह वैश्विक टीवी समाचार नेटवर्क अंग्रेजी में दिन के चार समाचार कार्यक्रम प्रसारित करेगा और इसका मकसद भारत और रूस के पारंपरिक संबंधों को मजबूत करना और दुनिया में दोनों देशों के बढ़ते प्रभाव को बढ़ावा देना है। जहां पुतिन के दौरे के दौरान आरटी इंडिया चैनल शुरू किया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। क्योंकि इस चैनल पर ब्रिटिश उपनि. वेशवाद पर आधारित कई एपिसोड वाली एक कार्यक्रम सीरिज भी प्रसारित की जाएगी। इस सीरिज में भारतीय संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष शशि थरूर को दिखाया गया है। आरटी का अंग्रेजी-भाषा वाला अंतर्राष्ट्रीय चैनल पहले ही भारत के 18 प्रमुख आपरेटरों के पैकेज में उपलब्ध है, जिनकी संभावित दर्शक संख्या 675 मिलियन है। अब रूस का चैनल भारत में ब्रिटेन उपनिवेशवाद पर आधारित सीरिज दिखाएगा, इससे ब्रिटेन की टेंशन बढ़ेगी। वहीं व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पाकिस्तान सन्न है। एक तो पाकिस्तान रूस और भारत के हथियार सौदे से डरा हुआ है। दूसरा उसे डर है कि कहीं अफगानिस्तान वाला खेल उसके साथ न हो जाए, क्योंकि आतंक पर अगर पुतिन ने झटका दे दिया तो उसकी मुसीबत बढ़ जाएगी। दरअसल दुनिया की राजनीति में जब कोई कदम हलचल मचाता है, तो उसकी गूंज सबसे पहले पड़ोसी देश सुनता है। इस बार वो गूंज है- व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा की। 4 साल बाद पुतिन मास्को से सीधे दिल्ली पहुंच हैं, भारत का एजेंडा क्लियर है। रूस से दोस्ती और मजबूत होगी, लेकिन भारत और रूस की ये दोस्ती दुश्मनों को तीर की तरह चुभ रही है, लेकिन असली खौफ उन डील को लेकर है। जो हो गई तो मुनीर की सेना का रहा सहा हौसला भी हवा हो जाएगा। पाकिस्तान का सोशल मीडिया अकाउंट और टीवी चैनलों पर यह दर्द साफ तौर पर देखा जा रहा है। एक टीवी चैनल से बात करते हुए पाकिस्तान के ये पत्रकार कह रहे हैं- ये जो दौरा होने जा रहा है रूस के सदर का भारत का, आप ये समझ लें कि पुतिन का जो भारत दौरा है। इसमें अफगानिस्तान को बढ़ावा दिया जा सकता है, क्योंकि हिंदुस्तान कोई साजिश प्लान कर सकता है। डिफेंस, आयल और हथियार, लेकिन पाकिस्तान की टेंशन इससे बड़ी है। पाकिस्तान की घबराहट ये है कि कहीं मोदी और पुतिन के बीच की बातचीत में पाकिस्तान और आतंकवाद की बात न छिड़ जाए। अफगानिस्तान और बलूचिस्तान की बात न छिड़ जाए, क्योंकि पाकिस्तान का हर सूबा खुद को मुनीर के चंगुल से आजाद कराने की जद्दोजेहद कर रहा है। ऐसे में अगर पाकिस्तान को लेकर पुतिन की नजर जरा सी भी टेड़ी हो गई और कहीं पुतिन ने एक बार फिर अफगान तालिबान की मदद बढ़ा दी तो पाक की सेना चारों तरफ से पिटेगी। इसलिए मोदी और पुतिन की शिखर वार्ता से जुड़ी खबरों पर पूरा पाकिस्तान पैनी नजर टिकाए हुए है। इस हवाले से आने वाली हर नई खबर पाकिस्तान को नया शाक दे रही है।

## राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है संस्कृति



जब भी हम संकट में होते हैं या कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं, राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं, संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग -अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी, जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है, पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# पुतिन की भारत यात्रा: तेल की धार पर कूटनीति की तलवार



योगेश कुमार गोयल

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की 4-5 दिसम्बर की दो दिवसीय भारत यात्रा केवल एक प्रोटोकॉल विजिट नहीं बल्कि भू-राजनीति के नए शतरंज पर चली जाने वाली निर्णायक चाल मानी जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, रूस पर पश्चिमी प्रतिबंध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक बढ़ाए गए टैरिफ के बीच यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। सोवियत दौर से लेकर आज के रूस तक, मास्को भारत का सबसे स्थाई रणनी. तिक साझेदार रहा है, 1971 के युद्ध में कूटनीतिक बैकिंग से लेकर दशकों तक हथियारों, मिसाइलों और परमाणु ऊर्जा सहयोग तक लंबा इतिहास गवाह है। आज भी अनुमानत: 60-70 प्रतिशत भारतीय सैन्य प्लेटफॉर्म (फाइटर जेट, टैंक, पनडुब्बियां, एयर-डिफेंस सिस्टम इत्यादि) किसी न किसी रूप में रूसी मूल के हैं लेकिन 2022 के बाद समीकरण बदल गए हैं। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद रूस ने तेल एशियाई बाजारों की ओर भारी छूट पर मोड़ दिया और भारत रातों-रात रूस के सबसे बड़े तेल ग्राहकों में बदल गया। 2021 में जहां रूसी तेल भारत के कुल आयात का मुश्किल से 1-2 प्रतिशत था, वहीं 2024 तक यह हिस्सेदारी 30-35 प्रतिशत तक जा पहुंची और रूस भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। यही ऊर्जा समीकरण आज भारत-रूस व्यापार का मेरुदंड है। द्विपक्षीय व्यापार महामारी-पूर्व लगभग 10-13 अरब डॉलर से उछलकर करीब 70 अरब डॉलर तक जा पहुंचा लेकिन इसका बड़ा हिस्सा केवल तेल और ऊर्जा आयात है जबकि भारत का रूस को निर्यात लगभग 5 अरब डॉलर के आसपास सिमटा हुआ है। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद को बहाना बनाकर भारत के ऊपर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ थोप दिए, जिससे कई आइटम्स पर कुल ड्यूटी 50 प्रतिशत तक जा पहुंची। तर्क यह कि भारत सस्ते रूसी तेल के जरिए मॉस्को की वॉर मशीन को फंड कर रहा है। नतीजा यह कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार और महंगा तथा अनिश्चित हो गया। स्पष्ट है कि यह सिर्फ व्यापारिक व्यवस्था नहीं, राजनीतिक दबाव का औजार भी है। सवाल यह नहीं कि भारत रूस से तेल खरीदे या नहीं बल्कि सवाल यह है कि क्या वाशिंगटन किसी तीसरे देश को चुनकर उसकी ऊर्जा और रणनी. तिक आजादी पर शर्तें तय कर सकता है और दिल्ली इसे कितनी दूर तक सहन करेगी। पुतिन की यह यात्रा इसी टैरिफ-दबाव की पृष्ठभूमि में हो रही है। अमेरिका खुलकर चाहता है कि भारत रूसी तेल पर निर्भरता घटाए, साथ-साथ अमे. रिकी हथियार और उत्पादों के लिए अपने बाजार और ज्यादा खोले। भारत को अब यह संतुलन बेहद बारीकी से साधना है और यही इस शिखर मुलाक. ात की असली कसौटी होगी। कच्चे तेल पर शुरुआती जबरदस्त छूट अब सिकुड़कर मामूली मार्जिन तक आ गई है। ऐसे में केवल 1.5-2 डॉलर प्रति बैरल के लाभ के लिए भारत अपनी छवि को युद्ध फाइनेंसर की तरह पेश नहीं होने दे सकता, यह बात दिल्ली और मॉस्को, दोनों को समझनी होगी। ऊर्जा सहयोग जरूरी है पर शर्तों पर पुनर्विचार भी उतना ही जरूरी है, दीर्घकालिक व पारदर्शी तेल-समझौते, कीमत, बीमा, शिपिंग और भुगतान पर साफ फार्मूला, ताकि हर तिमाही पर भू-राजनीति के हिसाब से अनिश्चितता न बनती रहे। एलएनजी, कोयला और परमाणु ऊर्जा में भी संतुलित साझेदारी जरूरी है, कुडनकुलम जैसे प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ें, नए रिएक्टरों पर स्पष्ट टाइमलाइन बने ताकि सहयोग केवल कच्चा तेल तक सीमित न रहे। ऊर्जा भारत के लिए जीवनरेखा है लेकिन यह रिश्ता तभी टिकाऊ होगा, जब इसके बदले में भारत को भी रूस के बाजार में वास्तविक और बड़े पैमाने पर जगह मिले, केवल भावनात्मक दोस्ती के भरोसे नहीं। आज की हकीकत यह है कि भारत रूस से कच्चा तेल, गैस, कोयला, उर्वरक और हीरे का भारी आयात करता है जबकि बदले में दवाएं, कुछ मशीनरी, केमिकल और सीमित उपभोक्ता वस्तुएं ही भेज पाता है। नतीजा यह कि रूस से आयात 60 अरब डॉलर से ज्यादा और रूस को निर्यात महज 5 अरब डॉलर के आसपास है। ऐसे में तमाम दिग्गज विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली को पुतिन के सामने दो टूक बात रखनी होगी कि हम केवल तेल आयातक नहीं रह सकते। रूस को फार्मा, हैल्थकेयर इक्विपमेंट, आईटी सर्विसेज, ऑटो पार्ट्स, कृषि-उद्यानिक उत्पाद, मसाले, चाय-कॉफी, प्रोसेस्ड फूड, मोबाइल-इलैक्ट्रॉनिक्स और प्रोफैशनल सर्विसेज के लिए भारत को प्राथमिक सप्लायर बनाना होगा। आज रूस अपनी ज्यादातर नॉन-एनर्जी जरूरतों के लिए चीन की ओर देखता है, वहां प्रोडक्ट सस्ते हैं, लॉजिस्टिक नेटवर्क पुराना और मजबूत है लेकिन भारत को अपने डिमांड कार्ड का इस्तेमाल करके मॉस्को को यह संदेश देना होगा कि यदि भारत रूसी ऊर्जा और हथियारों के लिए खुला बाजार बना रहता है तो बदले में रूस को भी भारतीय सामान और सेवाओं के लिए अपने बाजार को संरचनात्मक रूप से खोलना पड़ेगा। यही संतुलन भारत को अमेरिकी टैरिफ-दबाव से आंशिक राहत दिला सकता है। जब रूस भारत से बड़े पैमाने पर आयात बढ़ाएगा, तब कम से कम एक धुरी पर भारतीय निर्यातकों के लिए नया और अपेक्षाकृत सुरक्षित बाजार बनेगा। रूस के साथ रक्षा सहयोग इस यात्रा का दूसरा बड़ा स्तंभ होगा। भारत ने एस-400 एयर-डिफेंस सिस्टम के लिए 2018 में समझौता किया, तीन स्क्वाड्रन मिल चुके हैं, दो की सप्लाई अभी बाकी है। यूक्रेन युद्ध, प्रोडक्शन प्रायोरिटी और लॉजिस्टिक बाधाओं के चलते डिलीवरी टाइमलाइन बार-बार खिसकती रही है। इसी तरह एसयू-30एमकेआई अपग्रेड, कलपुर्जों की सप्लाई, पनडुब्बियों और टैंकों के रखरखाव से जुड़े मुद्दे भी हैं। भारत अब एकल सप्लायर-निर्भरता से निकलकर फ्रांस, अमेरिका, इजराइल सहित कई स्रोतों से खरीद कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि रूस को क्लियर टाइमलाइन, पक्के सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट और जॉइंट प्रोडक्शन के ठोस प्रस्ताव देने होंगे और भारत को यह स्पष्ट संकेत देना होगा कि भरोसेमंद सप्लाई चेन और टैक्नोलॉजी ट्रांसफर ही तय करेगा कि अगली पीढ़ी के सौदों में रूस की हिस्सेदारी कितनी रहेगी। एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट पर भी बात होगी लेकिन भारत अब किसी एक प्रोजेक्ट पर आंख मूंदकर दांव लगाने की स्थिति में नहीं है। यह संवाद तभी सार्थक होगा, जब रूस को भी यह समझ आ जाए कि भारत आज खरीदार से ज्यादा भागीदार बनना चाहता है। अमेरिकी वित्तीय प्रतिबंधों के बाद भारत-रूस व्यापार ने डॉलर से हटकर दिरहम, रूपए और युआन जैसे विकल्पों की ओर रुख किया है। आज कच्चे तेल के भुगतान का बड़ा हिस्सा यूएई दिरहम के जरिए निपटता है, कुछ हिस्सा रूपए में और कभी-कभार युआन में। यह व्यवस्था कागज पर आकर्षक लगती है, डी-डॉलराइजेशन का नारा भी सुहावना लगता है लेकिन व्यवहार में इसमें तीन बड़ी समस्याएं हैं, निष्क्रिय रूपया बैलेंस, दिरहम पर निर्भरता और राजनीतिक जोखिम। रूस के पास जमा रूपया इस्तेमाल न होने पर यह भारत के लिए राजनीतिक व आर्थिक सिरदर्द बनता है। असल में हम डॉलर से निकलकर एक और मध्यस्थ मुद्रा पर निर्भर हो रहे हैं, जो खुद पश्चिमी वित्तीय व्यवस्था से जुड़ी है। किसी भी नए प्रतिबंध, सैकेंडरी सैंक्शन या पेमेंट रूल बदलने पर पूरी व्यवस्था हिल सकती है। या तो दोनों देश किसी स्थाई, स्पष्ट और कानूनन सुरक्षित पेमेंट फ्रेमवर्क पर सहमत हों या फिर ऊर्जा-सौदों को ऐसे कानूनी कवर में लाया जाए, जो बार-बार भू-राजनीतिक तूफानों में न डगमगाए। अमेरिका-यूरोप एक तरफ, रूस-चीन धुरी दूसरी तरफ, दुनिया नए तरह की शीत युद्ध जैसी ध्रुवीयता की ओर बढ़ती दिख रही है। भारत ने अब तक सफलतापूर्वक रणनीतिक स्वायत्तता की राह अपनाई है, क्वॉड में अमेरिका-जापान-ऑस्ट्रेलिया के साथ बैठकर भी और ब्रिक्स तथा एससीओ में रूस-चीन के साथ साझेदारी निभाकर भी लेकिन ट्रंप टैरिफ और यूक्रेन युद्ध के बाद दबाव अब ठोस आर्थिक लागत में बदल चुका है। यही वह मोड़ है, जहां भारत को अपने लिए कुछ बुनियादी सिद्धांत स्पष्ट करने होंगे। ऊर्जा सुरक्षा अनिवार्य है पर किसी एक स्रोत पर 35-40 प्रतिशत निर्भरता जोखिम है, रक्षा-सहयोग महत्वपूर्ण है पर एक सप्लायर पर लॉजिस्टिक निर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम बन चुकी है, रणनीतिक स्वायत्तता जरूरी है पर इतनी भी मध्यमार्गी नहीं हो सकती कि दुनिया हमें खुले तौर पर युद्ध-वित्त पोषण के प्रतीक के रूप में देखने लगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हमारे शरीर की सारी वसा एक-सी नहीं होती

हमारे शरीर में वसा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ शरीर के विकास के लिए भी आवश्यक हैं, लेकिन शरीर में वसा की अतिरिक्त मात्रा से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है और उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। भारत में औसतन 40 प्रतिशत लोग मोटापे की समस्या से परेशान हैं। इससे निपटने के लिए सबसे अच्छा सुझाव तो नियमित रूप से व्यायाम और शारीरिक परिश्रम करना है, लेकिन ऐसा करना सबके लिए संभव नहीं हो पाता। इस विषय में कई तरह के शोध किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई ऐसा नुस्खा नहीं मिला जिससे आसानी से शरीर की वसा को नियंत्रित किया जा सके। हाल के वर्षों में एक अंतर्राष्ट्रीय शोध दल ने शरीर में उपस्थित अत्यधिक वसा से निपटने का तरीका खोज निकाला है।

गौरतलब है कि हमारे शरीर में मुख्य रूप से दो प्रकार की वसा होती हैरू ब्राउन फैट और व्हाइट फैट। ब्राउन फैट चयापचय, मोटापे और मधुमेह को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और दीर्घायु को संभव बनाती है। दूसरी ओर, व्हाइट फैट चयापचय की दृष्टि से अकार्यशील होता है। इसकी ऊर्जा का अधिक उपयोग नहीं किया जाता है और यह शरीर में जमा होता रहता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, तो यह एक महत्वपूर्ण सवाल रहा है कि शरीर में ब्राउन फैट को कैसे बढ़ाया व सक्रिय किया जाए। साथ ही यह भी एक मुद्दा रहा है कि क्या व्हाइट फैट को ब्राउन में तबदील करना संभव है। क्यूबैक स्थित शेरब्रुक युनिवर्सिटी हॉस्पिटल और यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में शरीर में उपस्थित ब्राउन फैट को सक्रिय करने का प्रयास किया गया है। वास्तव में ब्राउन फैट ठंड या कुछ रासायनिक संकेतों के प्रत्युत्तर में सक्रिय होकर शरीर में गर्मी उत्पन्न करता है। मनुष्यों के शरीर में ब्राउन फैट की मात्रा काफी कम होती है। वैज्ञानिकों का प्रयास रहा है कि किसी अन्य तरीके से ब्राउन फैट को सक्रिय किया जा सके या व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित किया जा सके ताकि चयापचय में सुधार हो। ब्राउन फैट नवजात शिशुओं की गर्दन और कंधों में पाया जाता है। यह काफी मात्रा में कैलोरी जलाता है और शरीर को गर्म रखने का काम करता है। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ-साथ यह कम होने लगता है और 6 वर्ष की आयु तक यह कुल फैट के 5 प्रतिशत से भी कम हो जाता है। इसके बाद हमारे शरीर में केवल निष्क्रिय व्हाइट फैट बनता है। इस व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में बदलने और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक प्रयोग किया। उन्होंने व्हाइट फैट की कोशिकाओं को लेकर उन्हें बहुसक्षम स्थिति में परिवर्तित किया और फिर कुछ एपीजेनेटिक स्विच के साथ छेड़छाड़ की तो वे ब्राउन फैट कोशिकाओं में परिवर्तित हो गई। इसके बाद उन्होंने ब्राउन फैट को. शिकाओं को कल्चर किया और एक अन्य जीन को सक्रिय करके कोशिका की सतह पर ऐसे प्रोटीन की



संरचना को परिवर्तित कर दिया जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा करते हैं। ऐसा करने से ब्राउन फैट को भेड़ों में इंजेक्ट करने पर उनके शरीर ने इसे अस्वीकार नहीं किया। इस ब्राउन फैट को एक मोटी भेड़ में डाला गया। जैसी कि उम्मीद थी अधिक मात्रा में ब्राउन फैट वाली भेड़ दुबली हो गई और उसमें चयापचय सिंड्रोम तथा मधुमेह भी खत्म हो गया।

इस संदर्भ में डा. शिन्या यामानाका द्वारा वयस्क को. शिकाओं को उनकी मूल भ्रूण अवस्था में लाने का काम महत्वपूर्ण साबित हुआ। इसके लिए उन्होंने चार प्रकार के जीन को सक्रिय किया था जिन्हें यामानाका कारक कहा जाता है। ये कारक एक तरह से स्विच का काम करते हैं। भ्रूणीय अवस्था में आने के बाद ए कोशिकाएं ब्राउन फैट, व्हाइट फैट, हृदय। लीवर या गुर्दे वगैरह की कोशिकाएं बनाने में सक्षम हो जाती हैं। ब्राउन फैट को उपयोग करने में एक बड़ी समस्या रही है कि ब्राउन फैट द्वारा किए जाने वाले कार्यों को व्हाइट फैट में प्रोग्राम किया जाए। यह अब संभव हो गया है। डेलावेयर स्थित एक समूह ने एक मान्य उपचार के माध्यम से कुछ महिलाओं में निष्क्रिय ब्राउन फैट को सक्रिय किया तथा व्हाइट फैट को ब्राउन में भी परिवर्तित किया। इसकी मदद से व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने की तकनीकें विकसित की जा सकेंगी। यह ब्राउन फैट आपके वजन को कम करने के साथ मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, अस्थि रोग और डिमेंशिया के जोखिम को भी कम करेगा। यह तकनीक जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। गौरतलब है कि 1974 से मधुमेह, अस्थिरोग और कैंसर जैसे बीमारियों के लिए व्हाइट फैट का बढ़ता स्तर सबसे बड़ा कारण है। इसके अलावा थकान और ताकत की कमी जैसे बुढ़ापे के लक्षणों के पीछे का कारण भी शरीर की अतिरिक्त वसा है। वसा के बढ़ने से जीवन प्रत्याशा में भी कमी आई है। यदि वैज्ञानिक मनुष्यों में व्हाइट फैट को ब्राउन फैट में परिवर्तित करने का रास्ता खोज निकालते हैं तो इससे कई बीमारियों के जोखिम में कमी आ सकती है।

**...स्रोत फीचर्स**

# फंगस से लोगों को जल्द मिलेगी निजात

भारतीय शोधकर्ताओं ने धान के पौधे से एक बैक्टीरिया खोजा है, जो रोगजनक फंगस (फफूंद) को खाता है, साथ ही शोधकर्ताओं ने उस बैक्टीरिया में एक फंगल-रोधी प्रोटीन की भी पहचान की है, जो कई तरह के फंगल इनफेक्शन से लड़ने में मददगार हो सकता है।



वैज्ञानिकों के अनुसार बीजी-9562 नामक यह नया प्रोटीन पौधों के साथ-साथ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं में होने वाले फंगल इनफेक्शन को रोकने में कारगर साबित हो सकता है। यह शोध नई दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च (एनआईपीजीआर) के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में शामिल प्रमुख शोधकर्ता डा. गोपालजी झा ने बताया कि बीजी-9562 एक फंगल-रोधी प्रोटीन है, जो फंगल-भोजी बैक्टीरिया बर्खोल्डेरिआ ग्लैडिओली के एक रूप एनजीजे 1 में पाया जाता है। एनजीजे 1 फंगस पर आश्रित रहता है और उसकी कोशिक. ाओं को नष्ट करने की क्षमता रखता है। धान की शीथ ब्लाइट नामक बीमारी के लिए जिम्मेदार फफूंद राइजोक्टोनिया सोलानी के नियंत्रण में एनजीजे 1 को प्रभावी पाया गया है, लेकिन पहले वैज्ञानिकों को यह मालूम नहीं था एनजीजे 1 में पाए जाने वाले इस गुण के लिए कौन-सा तत्व जिम्मेदार है। हालांकि अव वैज्ञानिकों का मानना है कि फफूंद को अपना भोजन बनाने के गुण के कारण किसी अन्य फंगल-रोधी बैक्टीरिया की अपेक्षा एनजीजे 1 ज्यादा प्रभावी जैव नियंत्रक साबित हो सकता है। यह अध्ययन हाल में शोध पत्रिका नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित किया गया है। डा. झा के अनुसार बीजी-9562 प्रोटीन फंगल-रोधी उपचार में कई तरीकों से उपयोगी हो सकता है। उदाहरण के लिए इस प्रोटीन के उपयोग से तैयार मिश्रण खेतों में छिड़ककर फसल को रोगों से बचा सकते हैं।

फंगल संक्रमण के उपचार के लिए दवा बनाने में भी यह कारगर हो सकता है। इसके अलावा फंगल-रोधी पौधे विकसित करने में भी ट्रांसजीन के रूप में बीजी-9562 जीन का उपयोग हो सकता है। दुनिया भर में रोगजनक फफूंद कई रूपों में खतरा बने हुए हैं। राइजोक्टोनिया सोलानी, मैग्नापोर्थ ओराइजे, फ्यूसिरियम ऑक्सिसपोरम, एस्कोकाईटा रैबेई और वेंचुरिया इनैक्वालिस नामक फंगस पौधों के कुछ प्रमुख रोगजनक माने जाते हैं। कुछ फफूंद जैसे कि कैंडिडा एल्बिकैन्स मनुष्य और जानवरो में भी फंगल संक्रमण का कारण होते हैं। इनके नियंत्रण के प्रभावी उपाय खोजे जा रहे हैं। इस लिहाज से यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अध्ययनकर्ताओं की टीम में डा. गोपालजी झा के अलावा दुर्गा माधव स्वैन, सुनील कुमार यादव, ईशा त्यागी, राहुल कुमार, राजीव कुमार, श्रेयान घोष और जयती दास शामिल थे।

# बच्चों के दोस्त बनकर रहें

आज फैशन, लाइफ स्टाइल, करियर, दोस्त और एजुकेशन को लेकर युवाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है। घर का बच्चा कब जागता है, कब खाता है, क्या खाता है, कहां जाता है, कौन दोस्त है, उसकी पढ़ाई कैसी चल रही है, उसके मन-मस्तिष्क में किस तरह के झंझावात चल रहे हैं, आज घर वालों को इन बातों का रत्तीभर भी अंदाजा नहीं है। युवाओं के मन-मस्तिष्क को समझने वाले साइकोलॉजिस्ट कहते हैं कि बच्चे से युवा होते किशोर सबसे ज्यादा अपने दोस्तों से प्रभावित होते हैं। उन्हीं के हिसाब से फैसले लेते हैं, वे किसी भी मामले में पीछे नहीं रहना चाहते। लिहाजा जिद्दी हो जाते हैं, यही जिद उन्हें तनाव की तरफ ले जाती है। जीवन के प्रति आज बड़ों और युवाओं का नजरिया अलग-अलग है। आसानी से चीजों की प्राप्ति के लिए युवाओं के पास कई तरह के रास्ते हो सकते हैं, उन्हें कतार में खड़े रहना पसंद नहीं, जबकि बुजुर्ग रिश्तों की प्रतिबद्धता में विश्वास रखते हैं। उन्हें लगता हैं कि उनका बच्चा परिवार और पारिवारिक रिश्तों के प्रति जिम्मेदार है, जबकि युवाओं का अधिकांश वक्त दोस्तों और सोशल साइट्स पर बीत रहा है। न्यूक्लियर फैमिली की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बच्चों के लिए माता-पिता के पास वक्त नहीं है। उनकी हर जिद को पूरा करके माता-पिता सोचते हैं कि उनका बच्चा आइडियल संतान बन रहा है। महानगरों में कार्यरत माता-पिता नौकरीपेशा होते हैं। लिहाजा बच्चा किशोरवय की दहलीज पर पहुंचते-पहुंचते भटकाव के रास्ते पर आ खड़ा होता है। जिन तीन मामलों का ऊपर जिक्र किया उन तीनों में एक बात समान है कि तीनों युवाओं से घर वालों की बातचीत ज्यादा नहीं हो रही थी। माता-पिता सुबह काम पर चले जाते हैं। बच्चे को अगर किसी चीज की जरूरत होती है तो उसे झटपट पूरा करने के बाद वे समझ जाते हैं कि बच्चा खुश है। हमारा सामाजिक परिवेश तेजी से बदल रहा है। महानगरीय स्वरूप तीन दशकों में बिल्कुल बदल गया है। दादा-दादी, नाना-नानी, बुआ, चाचा फ्लैट कल्चर में समा नहीं पाते। इसका गंभीर प्रभाव युवाओं पर बुरा असर डाल रहा है। एक वक्त था जब दादा, चाचा, बुआ पल भर में बच्चे की मानसिक स्थिति को समझ जाते थे। उनके मन में क्या चल रहा है, समाज को समझने के लिए उनका नजरिया क्या होना चाहिए, पढ़ाई के दबाव से वे कैसे बाहर निकलेंगे, इन बातों के हल के लिए परिवार में मौजूद लोगों के पास सटीक नुस्खे होते थे। अवसाद से घिरा युवा समझ नहीं पाता कि कहां जाऊं और किससे बात करूं। इसीलिए घर से ज्यादा वक्त किशोर दोस्तों के साथ बिताना चाहता है। स्कूल में पढ़ाई का आधे से ज्यादा काम फेसबुक, मेल-आईडी और व्हाट्सएप के जरिए पूरा हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के इस्तेमाल को शिक्षा से ज्यादा किशोर दूसरी चीजों में कर रहे हैं। स्कूलों की प्राथमिकताएं भी आदर्श छात्र बनाने से कहीं ज्यादा हाई-टेक स्कूल बनाने में है। देश की शिक्षा नीति सूचना प्रौद्योगिकी की तो हिमायत करती है, मगर इसका मतलब यह नहीं कि अध्यापक इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ही क्लासरूम का स्मार्टबोर्ड बना लें। एकल परिवार की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि वह बच्चे से अत्याधिक अपेक्षाएं रखते हैं। मनोचिकित्सक कहते हैं कि बच्चों के दोस्त बनकर उनकी भावनाओं को समझा जा सकता है। उनकी तुलना किसी दूसरे से करने पर उनके किशोरमन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। परिजनों को समझना होगा कि हमारा बच्चा क्या चाहता है और उसकी चाहत का क्या मतलब है। बच्चों को समझाएं कि बदलाव जीवन का हिस्सा है। माता-पिता बच्चों के साथ उनके मन की बातों को साझा करें। बच्चों को मानसिक तौर पर मजबूत बनाएं। पढ़ाई के साथ ही घर के कामकाज में भी उनकी भागेदारी तय करें। खुद पर नियंत्रण रखने की सीख दें। दूसरों को सम्मान देने की शिक्षा दें। बच्चों से कहें कि उनकी बौद्धिक क्षमता बहुत अच्छी है। बच्चों के साथ भेदभाव वाला बर्ताव न करें। माता-पिता अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। तभी हम किशोरों को बिखराव से बचा सकते हैं।



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के रेडवानी बाला में भारतीय सेना की 1 राष्ट्रीय राइफल्स (महार रेजिमेंट) द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कतार में प्रतीक्षा करते ग्रामीण।

## विद्रोहियों की कैद में रहा भारतीय रिहा, ओमान ने की छुड़ाने में मदद

**सना।** युद्धग्रस्त यमन में हूती विद्रोहियों की हिरासत में लगभग पांच महीने तक रखे गए एक भारतीय नागरिक को रिहा कर दिया गया है। केरल के रहने वाले अनिल कुमार रवींद्रन कार्गो जहाज एमवी इटर्निटी सी के क्रू सदस्य थे और उन्हें 7 जुलाई से हिरासत में ले लिया गया था। विदेश मंत्रालय ने रवींद्रन की रिहाई का स्वागत किया है। मंत्रालय ने बताया कि वह मंगलवार को मस्कट पहुंच चुके हैं और जल्द ही भारत लौटने वाले हैं। मंत्रालय के मुताबिक, उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार लगातार अलग-अलग पक्षों के साथ समन्वय में लगी हुई थी। बयान में कहा गया कि भारत सरकार इस रिहाई को संभव बनाने में सहयोग के लिए ओमान की सल्तनत की आभारी है।

## मोजाम्बिक में विस्थापितों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने उत्तरी मोजाम्बिक प्रांत में हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए 60 लाख अमेरिकी डॉलर आवंटित किया। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने गुरुवार को दी। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर महासचिव एवं आपातकालीन राहत समन्वयक टॉम फ्लेचर ने नामपुला प्रांत में 120000 विस्थापित लोगों के लिए केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (सीईआरएफ) से बुधवार को सहायता जारी की है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि मंगलवार तक लगभग एक लाख लोग मध्य नवम्बर में प्रांत में हिंसा फैलने के बाद से अपने घरों से पलायन कर चुके हैं।

# अमेरिका में एफ-16 फाइटर जेट क्रैश

### कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित निकला, इस साल 8वीं बार क्रैश हुआ अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गुरुवार को यूएस एयरफोर्स का एक एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे से कुछ सेकेंड पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। हादसा भारतीय टाइम के मुताबिक रात करीब 12:30 बजे दक्षिणी कैलिफोर्निया में ट्राना शहर के एक रेगिस्तान में हुआ।

विमान ट्राना एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर गिरा। एयरपोर्ट मैनेजर ने बताया कि इस इलाके में अक्सर मिलिट्री विमान उड़ते रहते हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था और पायलट पैराशूट के सहारे बाहर निकल आया। जमीन से टकराते ही विमान में बड़ा धमाका हुआ और काला धुआं आसमान में भर गया। इस साल यह आठवीं बार है जब एफ-16 क्रैश हुआ है। सबसे ज्यादा 3 बार यूक्रेन, 2 बार अमेरिका के अलावा यह फाइटर जेट पोलैंड, जापान और साउथ कोरिया में क्रैश कर चुका है।



■ सोशल मीडिया पर आए वीडियो में देखा गया कि विमान तेजी से नीचे गिर रहा था

एयरफोर्स के 2021 के डेटा के मुताबिक एक एफ-16 फाइटिंग फाल्कन की कीमत लगभग 18.8 मिलियन डालर (करीब 1.70 हजार करोड़ रुपये) है। यह एयरक्राफ्ट थंडरबर्ड्स स्क्वाड्रन का था। यह टीम लास वेगास के पास नेलिस एयरफोर्स बेस से काम करती है और अपने एयर शो और खतरनाक स्टंट्स के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। थंडरबर्ड्स टीम ने बताया कि ट्रेनिंग मिशन के दौरान पायलट विमान से सफलतापूर्वक बाहर निकल गया। पायलट को मामूली चोटें आईं और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोकल फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने बताया कि घटनास्थल पर सिर्फ पायलट मौजूद था और आग से आसपास के इलाके को कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक सुबह 6 थंडरबर्ड्स जेट ट्रेनिंग के लिए उड़े थे, लेकिन सिर्फ पांच ही लौटे। शुरुआती जानकारी के मुताबिक विमान चाइना लेक नेवल एयर वेपन्स स्टेशन के पास गिरा। यह रीजन मिलिट्री ट्रेनिंग के लिए अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। थंडरबर्ड्स के एयर शो और ट्रेनिंग मिशन में एफ-16 फाइटिंग फाल्कन खास रोल निभाता है। एयरफोर्स की 57जी विंग पब्लिक अफेयर्स आफिस के मुताबिक हादसे की जांच जारी है और क्रैश साइट की जांच पूरी होने के बाद और जानकारी शेयर की जाएगी। एफ-16 अमेरिका का मल्टी-रोल फाइटर जेट है, जिसे 1970 के दशक में जनरल डायनामिक्स ने बनाया था।


# पाक पीएम-आर्मी चीफ पर बैन की मांग

### 44 अमेरिकी सांसदों ने विदेश मंत्री को चिट्ठी लिखी, कहाः पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के 44 सांसदों ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इन सांसदों का आरोप है कि पाकिस्तान में सेना सरकार चला रही है। देश में आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। विदेश में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिकों को भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने पर धमकियां दी जा रही हैं।

यह चिट्ठी डेमोक्रेटिक महिला सांसद प्रमिला जयपाल और सांसद ग्रेग कासर के नेतृत्व में लिखी गई है। इसमें सांसदों ने कहा कि पाकिस्तान में तानाशाही बढ़ रही है। पत्रकारों को धमकाया जा रहा है, अगवा किया जा रहा है या देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है। सांसदों ने चिट्ठी में कुछ घटनाओं का जिक्र किया है। इनमें वर्जीनिया के जर्नलिस्ट अहमद नूरानी का मामला शामिल है। नूरानी ने पाकिस्तानी सेना के भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग की थी। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले उनके दोनों भाइयों को एक महीने से ज्यादा समय तक अगवा करके रखा गया था। सी तरह मशहूर संगीतकार सलमान अहमद के जीजा का भी अपहरण हुआ था, जिन्हें अमेरिकी हस्तक्षेप के बाद ही छोड़ा गया। चिट्ठी में सांसदों ने पाकिस्तान में बढ़ते तानाशाही संकट को लेकर चिंता जताई है। उनके अनुसार विपक्षी नेता बिना आरोप के जेल में डाले जा रहे हैं। आम नागरिकों को सिर्फ सोशल मीडिया पोस्ट पर गिरफ्तार किया जा रहा है। महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों और खासकर बलूचिस्तान के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। सांसदों ने 2024 के आम चुनावों में हुई धांधली का भी जिक्र किया, जिस पर स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' के अलावा खुद अमेरिकी विदेश विभाग ने भी गहरी चिंता जताई थी और पूरी जांच की मांग की थी। चिट्ठी में कहा गया कि 2024 के पाकिस्तानी चुनावों में भयंकर धांधली हुई थी। इसकी पूरी दुनिया ने निंदा की और एक स्वतंत्र पाकिस्तानी संस्था की 'पट्टन रिपोर्ट' में सारी गड़बड़ियों का सबूत के साथ दस्तावेज तैयार किया गया है। इन चुनावों के जरिए सिर्फ एक कठपुतली सरकार बनाई गई है, जो बाहर से सही लगती है लेकिन असल में इसे सेना चलाती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने भी उस समय कहा था कि चुनाव में बहुत बड़ी गड़बड़ी हुई है और इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। अब हालत यह है कि सेना के दबाव में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुना दिया कि आम नागरिकों का केस भी सैन्य अदालतों में चल सकता है। इससे अदालतें पूरी तरह सेना के कंट्रोल में आ गई हैं और जो अधिकारी या जनरल जुल्म करते हैं, उन्हें सजा मिलने का कोई रास्ता ही नहीं बचा। 44 सांसदों ने लेटर पर साइन करके इसे अमेरिकी विदेश मंत्री के पास भेजा। आसिम मुनीर 2025 में दो बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल चुके हैं। 18 जून को ट्रम्प ने उन्हें लंच के लिए व्हाइट हाउस बुलाया था। इस दौरान दोनों ने बंद कमरे में बैठक की थी।

अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया था। इसके बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सितम्बर में ट्रम्प से मुलाकात की थी। तीनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। अमेरिकी सांसदों ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और दूसरे राजनीतिक कैदियों की रिहाई की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से आग्रह करते हैं कि जो अधिकारी नागरिकों की कानूनी आजादी को कमजोर कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। सांसदों ने आगे कहा कि ऐसे कदम मानवाधिकारों के तरफ अमेरिका की जवाबदेही को दिखाएंगे। पाकिस्तानी अमेरिकी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय दमन से बचाएंगे और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देंगे। इमरान खान पिछले दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। पिछले कुछ दिनों से इमरान के परिवार को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा था।



■ पाक में सेना सरकार चला रही है आम लोगों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा
■ पत्रकारों को धमकाकर देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा

### क्या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं...

**वाशिंगटन।** सांसदों के पत्र के अनुसार, शरीफ और मुनीर सहित वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं, जो अमेरिकी कानूनों के तहत संभव हैं। वीजा बैन-अमेरिका में यात्रा पर पूर्ण रोक, जिससे ये अधिकारी या उनके परिवार अमेरिका में कदम नहीं रख सकेंगे। यह उन अधिकारियों पर लागू होगा जो अमेरिकी नागरिकों या निवासियों को धमकाने, उनके पाकिस्तानी परिजनों का अपहरण कराने या हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार पाए जाते हैं। संपत्ति जब्ती-अमेरिका या अमेरिकी प्रभाव वाले देशों में इनकी किसी भी संपत्ति, बैंक खातों या वित्तीय लेन-देन पर रोक। यह ग्लोबल मैग्निट्सकी एक्ट के तहत किया जा सकता है, जो मानवाधिकार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आर्थिक दबाव डालता है।

## कट्टरपंथी विश्व अमेरिका के लिए खतराः मार्क रूबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने चेतावनी दी कि कट्टरपंथी इस्लाम की 'ज्यादा क्षेत्रों और अधिक लोगों को नियंत्रित करने' की महत्वाकांक्षा दुनिया के लिए एक 'आसन्न खतरा' है। विदेश मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अमेरिका नाइजीरिया और विश्व स्तर पर 'ईसाइयों के खिलाफ हिंसा को धन मुहैया कराने या उनका समर्थन करने वालों' के लिए वीजा प्रतिबंधित करेगा। रूबियो ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कट्टरपंथी इस्लामवादियों को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और दावा किया कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) अमेरिका को 'पृथ्वी पर बुराई का मुख्य स्रोत' मानते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि यह विचार इराक या सीरिया के किसी प्रांत को नियंत्रित करके ही संतुष्ट रहेगा, ऐसा इतिहास से सिद्ध नहीं होता है। इराक या सीरिया ने दिखाया है कि उनकी इच्छा सिर्फ दुनिया के एक हिस्से पर कब्जा करके अपने छोटे से खलीफा से संतुष्ट होना नहीं है, वे विस्तार करना चाहते हैं। रूबियो ने ईरान का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) प्रभाव हासिल करने के लिए और विभिन्न संस्कृतियों एवं समाजों पर हावी होने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

## इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को करीब दो माह का समय बीतने वाला है, लेकिन अभी भी तनाव बना हुआ है और संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं। ताजा इजरायली हमले में गाजा में दो बच्चों समेत पांच की मौत हो गई है। गाजा सिविल डिफेंस एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है।

वहीं इजरायल का दावा है कि हमास के लड़ाकों ने उसके सैनिकों पर हमला किया, जिसमें उसके पांच सैनिक घायल हो गए। गाजा की सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि इजरायली मिसाइल हमले में पांच नागरिकों की मौत हुई है, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ।

एजेंसी ने बताया कि कुवैत के फील्ड अस्पताल के पास स्थित शरणार्थी कैंप में यह हमला हुआ। गाजा के एक अस्पताल ने भी हमले में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। मरने वालों में आठ और 10 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि हमले में 32 लोग घायल हुए हैं। वहीं इजरायली सेना ने बयान जारी कर कहा कि दक्षिणी गाजा में 'हमास के लड़ाकों' ने उनके जवानों पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत बेहद गंभीर है। इजरायल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम समझौता हुआ था। संघर्ष विराम के बाद दोनों तरफ से सक्रिय और बड़े हमले तो रुक गए हैं, लेकिन इसके बावजूद छिटपुट हिंसा की घटनाएं अभी भी जारी हैं और दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने का आरोप लगा रहे हैं।



■ संघर्ष विराम के बाद भी कई बार दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमले के आरोप लगा चुके हैं
■ यह हमला खान यूनिस के पश्चिम में स्थित अल मवासी में हुआ

## चीन में नई शहरीकरण रणनीति लागू करने का आग्रह

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने जन-केंद्रित नई शहरीकरण रणनीति को लागू करने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के एकीकृत विकास में निहित घरेलू मांग को खोलने और आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों का आग्रह किया। ली ने यह टिप्पणी बुधवार को राज्य परिषद के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए की। ली ने कहा कि घरेलू मांग का विस्तार करने, औद्योगिक उन्नयन को बढ़ावा देने और घरेलू खपत को मजबूत करने के लिए नई शहरीकरण रणनीति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में पूरे देश में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और 15वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2026-2030) में नए शहरीकरण के विकास के लिए बहुत गुंजाइश है।

## भारत ने श्रीलंका को बेली ब्रिज और जल-शोधन इकाइयां भेजीं

**कोलंबो।** भारत ने तूफान प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और सैकड़ों जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं। यह कदम मानवीय सहायता के तहत अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए उठाया गया है।

द्वीप राष्ट्र में चक्रवात दित्वाह के कारण भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं और बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ। इससे कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर भारी दबाव पड़ा है। बुधवार शाम तक विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में 479 लोग मारे गए और 350 लोग लापता हैं। यह स्थिति 16 नवम्बर से चरम मौसम की वजह से बनी है। भारतीय वायुसेना के एक विमान ने बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां पहुंचाई, ताकि तूफान प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। भारतीय उच्चायोग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, आपरेशन सागर बंधु के तहत फासलों को पाटा जा रहा है और उम्मीद की किरण जगी है। एक सी-17 विमान 500 जल शोधन इकाइयों के साथ बेली ब्रिज पर उतरा है, जिससे अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्चायोग ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से भी आपदा प्रबंधन सहयोग जारी है।

## वियतनाम प्रौद्योगिकी नवाचार में 34 करोड़ अमरीकी डॉलर निवेश करेगा

**हनोई।** वियतनाम सरकार अगले वर्ष से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में अपने वार्षिक बजट की चार प्रतिशत राशि आवंटित करेगी, जो नौ खरब वियतनामी डोंग के बराबर है। यह जानकारी वीएनइकोनॉमी ने गुरुवार को दी। कुल निवेश में से सार्वजनिक निवेश 5.5 खरब वियतनामी डोंग से अधिक होगा। नगर निगम की पीपुल्स कमेटी के उपाध्यक्ष त्रुओंग वियत डुंग ने कहा कि 2025 में आठ से 10 प्रतिशत और 2026 में 11 प्रतिशत के विकास लक्ष्य को बनाए रखने के लिए शहर के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत मुश्किल काम

### अमेरिकी प्रतिनिधियों की बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने जारी किया बयान

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बयान में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से हुई बातचीत जरूरी और काम की थी, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि ये एक मुश्किल काम भी है।

पुतिन ने बताया कि कई प्रस्तावों पर क्रेमलिन सहमत नहीं है। पुतिन का यह बयान मास्को में अमेरिकी प्रतिनिधियों जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ के साथ रूसी अधिकारियों की पांच घंटे लंबी बैठक के बाद सामने आया है। बैठक में रूस की ओर से राष्ट्रपति पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव और विशेष दूत किरिल दिमित्रिव शामिल हुए। बैठक के बाद यूरी उशाकोव ने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के कुछ प्रस्तावों पर रूस सहमत है, लेकिन कुछ प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि अमरीका ने 28-सूत्रीय शांति प्रस्ताव पेश किया है, जिसे यूक्रेन और यूरोपीय देशों के विरोध के बाद संशोधित किया गया है। इस शांति प्रस्ताव के कुछ प्रावधानों पर रूसी राष्ट्रपति सहमत हैं, लेकिन कुछ पर उन्हें आपत्ति है। उसी तरह यूक्रेन ने भी कुछ मुद्दों पर सहमति तो कुछ को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति ने रूसी और अमेरिकी अधिकारियों की बैठक के बाद कहा कि यह एक जरूरी और काम की बातचीत थी। यह मुश्किल काम है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन की पहल पर रूस-यूक्रेन युद्ध में शांति की कोशिशों में तेजी आई है।

हालांकि रूस और यूक्रेन को 'रेड लाइन्स' प्रस्तावों को सुलझाना अभी भी टेढ़ी खीर बना हुआ है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ रूसी प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात से पहले यूरोप को धमकी देते हुए कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं चाहते, लेकिन अगर यूरोप जंग चाहता है तो हम तैयार हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम यूरोप के साथ जंग नहीं करने जा रहे हैं, मैंने पहले ही कहा है। लेकिन अगर यूरोप अचानक हमारे साथ जंग छेड़ना चाहता है, तो हम तुरंत तैयार हैं। उन्होंने यह भी धमकी दी कि अगर यूरोप रूस के साथ जंग शुरू करता है, तो श्ऐसी स्थिति बन सकती है जिसमें बातचीत करने के लिए कोई नहीं होगा।



■ शांति प्रस्ताव के कुछ बिंदुओं पर रूस की असहमति

# हसीना के बेटे सजीब वाजेद के गिरफ्तारी वॉरंट जारी

### जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप लगाए गए

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतर्राष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जाय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

ट्राइब्यूनल ने बताया कि जाय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। इसी मामले में तत्कालीन आईसीटी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है, जो पहले से जेल में हैं। जाय हसीना सरकार में आईसीटी मामलों के सलाहकार थे। हालांकि वो अमेरिका में रहते हैं और ट्राइब्यूनल के समन का अब तक जवाब नहीं दे रहे हैं। अभियोजकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप स्पष्ट हैं और ट्रायल में अनुपस्थित रहने के कारण अब गिरफ्तारी वारंट आवश्यक हो गया। जुलाई 2025 में छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक जनआंदोलन ने शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंका। यह आंदोलन बाद में जुलाई विद्रोह के नाम से जाना गया। आंदोलन के दौरान भारी हिंसा हुई और अंतरिम सरकार ने जनवरी में 834 जुलाई योद्धाओं की मौतों की सूची जारी की। वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच 1400 मौतों का अनुमान दिया था, जिसमें पुलिस और अवामी लीग कार्यकर्ताओं के खिलाफ बदले की हिंसा भी शामिल थी। इसी विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में ट्राइब्यूनल ने पहले ही शेख हसीना और उनके तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल को मौत की सजा सुनाई है। उनका ट्रायल अनुपस्थिति में हुआ क्योंकि दोनों देश छोड़ चुके थे। अदालत ने माना कि आंदोलन को कुचलने के लिए सरकारी कार्रवाई बेहद क्रूर और योजनाबद्ध थी, जिसमें बड़े पैमाने पर हत्याएं और दमन शामिल था। ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को एक और मामले में पूर्व विधि मंत्री अनिसुल हक और पूर्व निवेश सलाहकार सलमान एफ. रहमान के खिलाफ भी औपचारिक आरोप स्वीकार कर लिए। यह मामला कर्फ्यू लागू होने के बाद कथित सामूहिक हत्याओं से जुड़ा है। दोनों नेता पहले से जेल में हैं और अदालत ने उन्हें 10 दिसम्बर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इसी मामले में पूर्व आईसीटी राज्य मंत्री पलक को भी अदालत में पेश होना होगा। इन कार्रवाइयों के बाद बांग्लादेश की राजनीति में तनाव और गहराता दिख रहा है।



■ हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है
■ जाय हसीना सरकार में ICT मामलों के सलाहकार थे



